रविवारीय
लखनऊ, रविवार
7 जून, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 7
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 285 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net



गंभीर के भरोसे ने बढ़ाया सुदर्शन का आत्मविश्वास

# अमेरिका ने ईरानी रडार साइट्स पर हमला किया

**तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि उसकी सेना ने गोरुक और केश्म आइलैंड पर ईरानी रडार साइट्स पर हमला किया। अमेरिकी

- ईरान ने कुवैत-बहरीन पर 7 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं



सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक, पहले होर्मुज में ईरान के 4 अटैक ड्रोन मार गिराए गए, फिर आगे के हमले रोकने के लिए रडार साइट्स को निशाना बनाया गया। इसके जवाब में ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के पास दुश्मन ठिकानों पर मिसाइल हमला किया। वहीं, सेंटकॉम के मुताबिक ईरान ने कुवैत और बहरीन की ओर 7 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें 6 को हवा में ही रोक दिया गया, जबकि सातवीं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी।

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी हमलों के बाद ईरान की मिसाइल क्षमता काफी कमजोर हो गई है और उसके पास सिर्फ 21-22प्रतिशत मिसाइलें बची हैं। हालांकि, न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान ने अपनी 33 में से 30 मिसाइल साइट्स फिर से चालू कर ली हैं और उसके पास अब भी करीब 70त्न मिसाइल भंडार मौजूद है।

## हकीकत को समझें ट्रंप : अराघची

अमेरिका और ईरान के तनाव के बीच एक नया कूटनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई से मुलाकात करने की इच्छा जताई है। इस पर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने तंज कसते हुए उन्हें वास्तविक दुनिया में रहने की सलाह दी है। जब लेबनानी मीडिया ने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची से ट्रंप की इस टिप्पणी पर सवाल पूछा, तो उन्होंने व्यावहारिक होने की बात कही। अराघची ने कहा कि मैंने वह रिपोर्ट देखी है जिसमें ट्रंप ने मुलाकात की इच्छा जताई है। लेकिन मेरा मानना है कि हमें व्यावहारिक होना चाहिए। अमेरिकी राष्टपति को हवा में बातें करने के बजाय असली दुनिया में सोचना और जीना चाहिए।

# 2017 के पहले प्रदेश में असुरक्षा का माहौल था : योगी

**गोंडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को करनैलगंज के चकरौत में आयोजित कार्यक्रम में 516 करोड़ रुपये की 262 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान

- अब हर जिले तक सुविधाएं पहुंचाने का काम किया
- राम मंदिर निर्माण डबल इंजन सरकार की बड़ी उपलब्धि



उन्होंने गोंडा के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अत्यंत ऊर्जावान जनपद है, लेकिन आजादी के बाद जिस विकास का अधिकारी था, वह उसे नहीं मिला। तुष्टिकरण, जातिवाद, भाई-भतीजावाद और अराजकता के कारण जनपद पिछड़ता चला गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था जब प्रदेश और जिले के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। दूसरे प्रदेशों में लोग दूरी बनाकर चलते थे, लेकिन आज स्थिति बदल चुकी है। अब उत्तर प्रदेश और गोंडा का नाम सुनते ही लोग सम्मान के साथ गले लगाते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र और नौ वर्षों में प्रदेश की डबल इंजन सरकार की नीतियों ने यह बदलाव संभव किया है।

योगी ने कहा कि अब सरकारी योजनाओं का लाभ जाति और चेहरे के आधार पर नहीं, बल्कि पात्रता के आधार पर मिल रहा है। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, वृद्धावस्था, दिव्यांग और निराश्रित महिला पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों के इंतजार के बाद राम मंदिर निर्माण डबल इंजन सरकार की बड़ी उपलब्धि है। पहले रामभक्तों पर लाठियां और गोलियां चलती थीं, अब अयोध्या विश्वस्तरीय धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी के रूप में विकसित हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले विकास कुछ क्षेत्रों तक सीमित था, जबकि उनकी सरकार ने हर जिले तक सुविधाएं पहुंचाने का काम किया है। गोंडा में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि महाविद्यालय, अस्पताल और शिक्षा संस्थान स्थापित किए गए हैं। श्रावस्ती में एयरपोर्ट का निर्माण भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सांसदों और विधायकों के प्रस्तावों पर सड़क, पुल, पुलिया और अन्य विकास कार्यों को मंजूरी दी है। करनैलगंज और कटरा विधानसभा क्षेत्रों में ही 516 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है।

## त्योहारों में खलल पर वर्तमान और भविष्य दोनों खत्म होंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में दंगे, उपद्रव और असुरक्षा का माहौल था। त्योहारों में व्यवधान डाले जाते थे, व्यापारी और बेटियां सुरक्षित नहीं थीं तथा सत्ता में बैठे लोग दंगाइयों को संरक्षण देते थे। अब स्थिति बदल चुकी है। जो भी त्योहारों में खलल डालने की कोशिश करेगा, उसका वर्तमान और भविष्य दोनों समाप्त हो जाएंगे।

## प्राकृतिक खेती और हरित ऊर्जा पर जोर

मुख्यमंत्री ने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बनेगी।

# वैश्विक संकट के बीच भारत की नई आर्थिक रणनीति

**मुंबई।** वैश्विक उथल-पुथल और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार देने के

- पीएम मोदी और आर्थिक सलाहकार परिषद की अहम बैठक
- ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर फोकस



लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ा कदम उठाया है। दुनिया भर में चल रहे आर्थिक संकटों के बीच भारत को एक मजबूत शक्ति बनाए रखने के उद्देश्य से, पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएम-ईएसी) के सदस्यों के साथ एक अहम बैठक की अध्यक्षता की। इस उच्च स्तरीय बैठक का मुख्य फोकस देश की आर्थिक वृद्धि को गति देना और वर्तमान वैश्विक चुनौतियों का डटकर सामना करने के लिए नई रूपरेखा तैयार करना रहा। प्रधानमंत्री और आर्थिक सलाहकार परिषद के बीच हुई इस बैठक में मुख्य रूप से उन रणनीतियों पर मंथन किया गया, जो भारत को वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के दौर में भी तेजी से आगे बढ़ने में मदद कर सकती हैं। बैठक के दौरान, वर्तमान वैश्विक उथल-पुथल के समय में भारत की आर्थिक वृद्धि को और बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण विचारों और नए उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए केवल नीतियां बनाना ही काफी नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर सुधार करना भी जरूरी है। इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, बैठक में आम नागरिकों और व्यापार जगत के लिए महत्वपूर्ण सुधारों पर जोर दिया गया। पीएम मोदी और परिषद के सदस्यों ने देश में 'ईज ऑफ लिविंग' यानी जीवन को आसान बनाने और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और बेहतर करने वाले विभिन्न सुधारों पर भी चर्चा की। इसका सीधा उद्देश्य देश में व्यापारिक माहौल को अधिक अनुकूल बनाना और लालफीताशाही को कम करना है। इस समय वैश्विक पटल पर पश्चिम एशिया का संघर्ष एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है, जिसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है।

## दुनिया पर छाने को तैयार बॉस बेबी

# 15 साल के सूर्यवंशी की भारतीय टी20 टीम में एंट्री

**मुंबई।** आईपीएल 2026 में दुनिया भर के क्रिकेट फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचने वाले 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने भारतीय क्रिकेट में एक और बड़ी छलांग लगा दी है। आईपीएल 2026 में अपने विस्फोटक प्रदर्शन से इतिहास रचने वाले इस युवा बल्लेबाज को पहली बार भारतीय टी20 टीम में जगह मिली है। उन्हें इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे के साथ-साथ एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय टीम में भी शामिल किया गया है। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम में चयन के साथ ही वैभव ने यह साबित कर दिया है कि वह सिर्फ भविष्य के सितारे नहीं, बल्कि वर्तमान में भी भारतीय क्रिकेट की सबसे रोमांचक प्रतिभाओं में से एक हैं। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी, निडर अंदाज और बड़े मंच पर दबाव झेलने की क्षमता के दम पर 'बॉस बेबी' के नाम से मशहूर वैभव अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं। आईपीएल में रिकॉर्डतोड़ पारियों से सुर्खियां बटोरने वाले इस किशोर बल्लेबाज से अब भारतीय टीम को भी बड़ी उम्मीदें होंगी, क्योंकि उनका सफर घरेलू क्रिकेट से निकलकर विश्व क्रिकेट के मंच तक पहुंच चुका है।



## सचिन का रिकॉर्ड टूट जाएगा

बीसीसीआई ने वैभव को (पुरुष) टीम इंडिया में चुने जाने वाले अब तक के सबसे युवा खिलाड़ी होने पर बधाई भी दी है। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा है। आने वाले समय में भारत अपना पहला टी20 मैच आयरलैंड के खिलाफ 26 जून 2026 को खेलेगा। वैभव सूर्यवंशी का जन्म 27 मार्च 2011 को हुआ था। ऐसे में उस दिन उनकी उम्र होगी 15 साल, 2 महीने और 30 दिन। अगर वैभव सूर्यवंशी को उस मैच में डेब्यू का मौका मिलता है, तो वह भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बन जाएंगे। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला टेस्ट 16 साल और 205 दिन की उम्र में खेला था।

# 'चार्जशीट के दस्तावेजों तक आरोपी की पहुंच रोकी नहीं जा सकती'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि किसी भी आरोपी को चार्जशीट का हिस्सा

- सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी



बनने वाले दस्तावेजों तक पहुंच से वंचित नहीं किया जा सकता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे दस्तावेजों को छिपाना आरोपी के निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। यह फैसला जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एएस चंदुरकर की पीठ ने सुनाया। पीठ ने सेवानिवृत्त मेजर जनरल वीके सिंह को कुछ अत्यधिक गोपनीय दस्तावेजों की टाइप की हुई प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मेजर जनरल वीके सिंह 1923 के आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत 2007 में दर्ज एक मामले में अभियोजन का सामना कर रहे हैं। पीठ ने गौर किया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने यह नहीं कहा है कि सिंह द्वारा मांगे गए दस्तावेज मुकदमे के लिए प्रासंगिक नहीं हैं। अभियोजन पक्ष की एकमात्र आपत्ति यह थी कि ये दस्तावेज राष्ट्रीय सुरक्षा के उद्देश्य से अत्यधिक गोपनीय हैं। इसके साथ ही अगर इनकी प्रतियां दी गईं, तो उनके सार्वजनिक डोमेन में आने की संभावना है।

# भारत की जीडीपी वृद्धि मजबूती का प्रतीक : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी के 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की आर्थिक

- रक्षा मंत्री ने पीएम मोदी के नेतृत्व को सराहा

प्रगति की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह भारत की मजबूती और उस ठोस आधार को दिखाता है, जिसे पिछले 12 वर्षों में रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के जरिए तैयार किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ऐसे समय में जब कई देश आर्थिक अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी और चौथी तिमाही में यह रफ्तार बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई।

# सीजेपी संस्थापक ने केंद्र सरकार पर हमला बोला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर शनिवार को कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी के प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र और युवा जुटे। इस दौरान सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके ने केंद्र सरकार और शिक्षा व्यवस्था पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई लंबी है और छात्र पीछे हटने वाले नहीं हैं। नीट, सीबीएसई, सीयूईटी और एसएससी जैसी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों को लेकर प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। भारी पुलिस सुरक्षा के बीच हुआ यह प्रदर्शन पूरे दिन चर्चा का केंद्र बना रहा। दीपके ने कहा कि पिछले एक महीने से सोशल मीडिया पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की जा रही है, लेकिन सरकार कार्रवाई करने के बजाय आंदोलन को दबाने में लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पोस्ट हटवाने और अकाउंट हैक कराने की कोशिश की गई। दीपके ने कहा, आप हमारी पोस्ट हटा सकते हैं, लेकिन हमें इस जगह से मिटा नहीं सकते।




# दावा : तिब्बत पर चीन की पकड़ और मजबूत

**धर्मशाला।** तिब्बती मानवाधिकार और लोकतंत्र केंद्र (टीसीएचआरडी) ने दो नई रिपोर्ट जारी करके बताया कि 2025 में तिब्बत में मानवाधिकारों की स्थिति और भी गंभीर हो गई, क्योंकि चीन ने यहां अपना नियंत्रण और सख्त कर दिया है। चीनी अधिकारियों ने इस क्षेत्र पर राजनीतिक और वैचारिक



- मानवाधिकार हनन बढ़ने का दावा
- तिब्बती भाषा और धर्म पर संकट

नियंत्रण मजबूत करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। टीसीएचआरडी की बृहस्पतिवार को तिब्बत में मानवाधिकार स्थिति पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2025 और धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट (2012-2025) जारी की। इसमें में कहा गया है, चीन की नीतियां तिब्बती सांस्कृतिक, धार्मिक और नागरिक स्वतंत्रता के लिए लगातार खतरा बन रही हैं। बीते वर्ष यहां पर दमनकारी गतिविधियां और बढ़ीं जिसमें मंदारिन भाषा में शिक्षा को प्राथमिकता देने वाली नीतियां भी शामिल है। टीसीएचआरडी की कार्यकारी निदेशक तेनजिन दावा ने बताया कि चीन की ओर से हाल में लागू किए गए शिक्षा कानून के तहत प्रारंभिक शिक्षा में पुतोंगहुआ (चीन की मानक मंदारिन भाषा) का उपयोग बढ़ा, जिससे तिब्बती भाषा की शिक्षा और भी हाशिए पर चली गई है। आलोचकों का कहना है यह नीति व्यापक रणनीति का हिस्सा है जो तिब्बती संस्कृति और विरासत को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने में बाधक है।

## ट्रक-पिकअप की टक्कर में आठ लोग मरे

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक ट्रक और महिंद्रा पिकअप गाड़ी के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह दर्दनाक हादसा फिरोजपुर के जंगावाला गांव के पास हुआ। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, पिकअप गाड़ी में सवार यात्री जलालाबाद इलाके के रहने वाले थे। वे अपने एक मृतक रिश्तेदार की अस्थियां विसर्जित करने के लिए ब्यास स्थित राधा स्वामी डेरा जा रहे थे। इस गाड़ी में लगभग 25 लोग सवार थे, जो आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

## लालू-राबड़ी ने सुरक्षाकर्मियों को लौटाया

**पटना।** बिहार में एक नया राजनीतिक टकराव तब शुरू हो गया जब राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के परिवार ने पटना स्थित अपने आवास पर तैनात सभी सुरक्षाकर्मियों को वापस भेज जिया। यह घटना बिहार सरकार द्वारा यादव परिवार के कई सदस्यों की सुरक्षा में भारी कटौती किए जाने के कुछ दिनों बाद हुई है। आरजेडी द्वारा राजनीतिक रूप से प्रेरित निर्णय के विरोध के रूप में वर्णित इस कदम ने सत्तारूढ़ एनडीए सरकार और आरजेडी के नेतृत्व वाले विपक्षी महागठबंधन के बीच तनाव को और बढ़ा दिया है। आरजेडी नेताओं का आरोप है कि यह कदम यादव परिवार को राजनीतिक रूप से निशाना बनाने और राज्य में प्रमुख विपक्षी नेताओं की प्रतिष्ठा को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया था।

# नक्शा पास नहीं, पर बन गया पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का दफ्तर

अश्वनी श्रीवास्तव

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक कार्यालय पर वाराणसी विकास प्राधिकरण ने 1.32 करोड़

- वाराणसी विकास प्राधिकरण ने लगाई1.34 करोड़ रूपए की पेनाल्टी
- नहीं मिली है फायर एनओसी
- सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद क्या गिराया जाएगा?

रुपये से अधिक की पेनाल्टी लगा दी है। साक्ष्यों और उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के अवैध प्रबंध निदेशक कार्यालय भवन का मानचित्र स्वीकृत नहीं होने पर 1.32 करोड़ रुपये से अधिक की पेनाल्टी लगाई गई। ब्याज सहित यह राशि1.34 करोड़ के करीब पहुंच गई है। पूर्वांचल डिस्कॉम प्रबंधन ने अभी तक यह पेनाल्टी जमा नहीं की है।

इस पूरे मामले की जांच स्टेट विजिलेंस कछुए की रफ्तार से कर रही है। प्रबंध निदेशक कार्यालय का नक्शा ही पास नहीं है, तो फायर एनओसी कैसे मिल जाएगी? लेकिन फिर भी अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के द्वारा की जा रही है। जब कि पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी, वाराणसी के आधिकारिक जवाब में स्पष्ट रूप से लिखा जा चुका है कि प्रस्तुत भवन



के पक्ष में अग्निशमन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। 'यानी पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के अवैध प्रबंध निदेशक कार्यालय में फायर एनओसी नहीं है।

### यहां मामला और भी गंभीर

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के अवैध प्रबंध निदेशक कार्यालय की बिल्डिंग पहले बन चुकी थी, उसके बाद नक्शा पास कराने के लिए आवेदन किया गया। यानी शुरुआत से ही बिना स्वीकृत नक्शे के निर्माण कार्य किया गया। अगर सर्वोच्च न्यायालय या अदालत के आदेश पर इस अवैध इमारत को गिराया गया, तो गिराने का पूरा खर्चा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम को ही वहन करना पड़ेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी हाल ही में सख्त रुख दिखाते हुए कहा है कि भ्रष्टाचार और अनियमितता के मामलों में वरिष्ठ अधिकारी भी जवाबदेही से नहीं बच सकते।

विधान परिषद में उठ चुका है प्रकरण उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य आशुतोष सिन्हा ने इस मामले को दो बार विधान परिषद में उठाया था दूसरी बार पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम ने लिखित जवाब दिया था कि 'हमें नक्शा बनवाने की कोई जरूरत नहीं है।' पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के अवैध प्रबंध निदेशक कार्यालय में रोज़ सैकड़ों लोग आते हैं। अगर आग लगी तो सबकी जान को खतरा है।

### सुप्रीम कोर्ट का सख्त आदेश

30 अप्रैल 2025 माननीय सर्वोच्च न्यायालय (न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन) ने 30 अप्रैल 2025 को दिए गए महत्वपूर्ण आदेश में अवैध निर्माणों के संबंध में बहुत सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि अनधिकृत निर्माण को ध्वस्त किया जाना चाहिए। इसमें कोई रास्ता नहीं है। अदालतों को कोई उदारता या दया नहीं दिखानी चाहिए। अनधिकृत निर्माण करने वाले व्यक्ति के प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिखाई जाएगी। अवैध निर्माण को नियमित करने की कोई गुंजाइश नहीं है। अदालतें वैधानिक बंधनों से मुक्त नहीं हैं। अवैध निर्माण के मामलों में सख्त रुख अपनाया जाना चाहिए। अगर कोई अधिकारी या प्राधिकरण इन निर्देशों का पालन नहीं करता है, तो उसके खिलाफ अवमानना कार्यवाही और विभागीय कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य सरकारों को सभी संबंधित विभागों को सर्कुलर जारी करना चाहिए कि इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।

# मोहर्रम के त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**स्वतंत्र भारत जलालाबाद-शाहजहांपुर।** पवित्र मोहर्रम के त्यौहार को लेकर थाना कोतवाली में फीस कमेटी की मीटिंग हुई जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी प्रभात राय ने की इस दौरान नगर व आसपास के ग्रामीण इलाकों से आए ताजियादारों ने समस्याएं बताई और उनके निराकरण की मांग की अधिकारियों ने भी गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए हैं

एसडीएम प्रभात राय ने ताजियादारों से कहा कि किसी भी समस्या के लिए वह हर समय फोन पर संपर्क कर सकते हैं फिलहाल नगर पालिका से आए मोहम्मद जीशान को उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि ताजिए के जुलूस वाले मार्ग पर साफ सफाई की व्यवस्था समुचित होनी चाहिए तथा कसाइयों वाली पुलिया के पास सड़क की मरम्मत व बिजली के तारों को ठीक करवाने के लिए बिजली विभाग के जेई को भी निर्देशित किया है साथ ही उन्होंने कहा कि याकूबपुर स्थित कर्बला में भी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव ने ताजियादारों से कहा कि त्योहार परंपरागत तरीके से शांतिपूर्ण संपन्न किया जाए आपसी भाईचारे का भी विशेष ध्यान रखा जाए किसी भी तरह की शांति व्यवस्था में खलल ना पड़े इसलिए सभी को अहतियात बरतनी है, कोतवाल अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि ताजिए की ऊंचाई सीमित 8 फीट के दायरे में रहनी है कुल 6 स्थान से ताजिए उठाए जाते हैं जिनके पीछे छोटे ताजिए मिन्नत वाले चलते हैं जलालाबाद नगर के अलावा गांव दिबियापुर, नगला नाथ, मालूपुर, सिकंदरपुर, गुनारा व जिगनेरा आदि मे भी ताजियादारी का पर्व मनाया जाता है जहां सुरक्षा और सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा गया है आगामी 23 जून को अलम निकलेगा 26 जून को ताजिए गश्त करेंगे और 27 जून को दोपहर 11:00 बजे तक ताजिए कर्बला पहुंचकर दफन किए जाएंगे पीस कमेटी की बैठक में तहसीलदार राघवेश मणि त्रिपाठी, नायब तहसीलदार अनुराग दुबे, क्राइम इंस्पेक्टर रवि शंकर सिंह, कस्बा इंचार्ज व क्षेत्रीय हल्का इंचार्ज एवं बड़ी संख्या में ताजियेदार मौजूद रहे जिनमें बद्दल, शारिक अली खान, डॉ मशहूर अली खान, गुड्डे खान, मोहम्मद जीशान, गिरजेश कटियार, मोहम्मद गौस, बहार अहमद, मुशर्रफ अली, मोहम्मद रफी, मुन्ने आदि मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में प्रधान पर असलाह तानने का आरोप

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** जमीनी विवाद को लेकर तनाव बढ़ गया है। भाजपा के बूथ अध्यक्ष वीरपाल ने ग्राम प्रधान धर्मेंद्र और उसके साथियों पर घर में घुसकर गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने और लाइसेंसी असलहा सीने पर तानने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठाए हैं।गांव गोपालपुर नगरिया के निवासी वीरपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके परिवार के ही ग्राम प्रधान धर्मेंद्र के बीच भूमि विवाद चल रहा है, जिसका मामला बरेली कमिश्नरी में विचाराधीन है। आरोप है कि शुक्रवार रात करीब नौ बजे ग्राम प्रधान धर्मेंद्र अपने भाई और अन्य साथियों के साथ लाइसेंसी असलहे लेकर उनके घर पहुंच गया। वहां जबरन घर में घुसकर गाली-गलौज की गई।वीरपाल का आरोप है कि विरोध करने पर प्रधान ने असलहा उनके सीने पर रख दिया और जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबा सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी पक्ष जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकला। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।पीड़ित वीरपाल का कहना है कि पुलिस ने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की है।

उनका आरोप है कि घटना की गंभीरता को देखते हुए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि वह न्याय की मांग को लेकर उच्चाधिकारियों से भी शिकायत करेंगे।उधर,सीओ इशिका सिंह ने बताया कि मामले में ग्राम प्रधान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शांति भंग की कार्रवाई की गई है। साथ ही उसके लाइसेंसी असलहे के निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की गहन जांच कराई जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल है। भूमि विवाद को लेकर बढ़े इस टकराव ने स्थानीय स्तर पर कानून-व्यवस्था और पुलिस कार्रवाई को लेकर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

## खबर एक नज़र

### आरसी मिशन पुलिस का सूचना तंत्र रहा फेल

**ददरौल संवाददाता।** आरसी मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला ताहवरगंज में चार वर्षीय प्रिया की पीट पीट कर हत्या के मामले में पुलिस का सूचना तंत्र फेल साबित रहा है। क्षेत्र में गश्त और बीट के सिपाहियों को भी मामले की भनक नहीं लग सकी। जबकि ताहवरगंज गांव थाने के पीछे ही है। इसके अलावा अधिकारियों के निर्देश के बावजूद किरायेदारों का सत्यापन तक नहीं कराया गया। सराय काइयां चौकी प्रभारी अशोक कुमार के मुताबिक घटना के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी??। वहीं मामले में वायरल वीडियो के मुताबिक मोहल्ले वाले बच्ची को आए दिन बेल्टों से पीटने की बात कर रहे हैं।

### भाजपा की मासिक बैठक संपन्न

**पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह के नेतृत्व और विकास कार्यों की हुई सराहना**

**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** नगर पंचायत खुदागंज के सभागार में भारतीय जनता पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। बैठक में केंद्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्षों की उपलब्धियों, संगठन की मजबूती तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री सर्वेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है, जिससे देश के विकास को नई गति मिली है। पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह की संगठनात्मक सक्रियता एवं जनसेवा के प्रति उनके योगदान की विशेष चर्चा रही। पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेकर कार्य करने वाला संगठन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ सुनिश्चित कराने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही देश और प्रदेश के विकास की सबसे बड़ी शक्ति है। मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह, मंडल महामंत्री तुलसीराम कोहली, मंडल महामंत्री रंजीत सिंह, मंडल उपाध्यक्ष ओम शर्मा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह तथा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष यो. कासिम ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने पर बल दिया।बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों, सरकार की उपलब्धियों एवं विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता के जयघोष एवं संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

### घरेलू कलह के चलते बेटा बहू सहित मां ने खाया जहर, तीनों की हालत गंभीर

**खुटार।** क्षेत्र के एक गांव के एक परिवार में घरेलू कलह इस कदर बढ़ गई कि बेटा बहु सहित मां ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। विषाक्त पदार्थ सेवन करने के बाद तीनों की हालत बिगड़ने लगी और चीखने चिल्लाने लगे। जिस पर पास पड़ोस के लोगों ने जाकर देखा तो पता चला कि बेटे बहू व बेटे की मां ने विषाक्त पदार्थ का वन कर लिया है। जिस पर परिजनों ने तीनों की हालत गंभीर होने पर अन्य परिजनों को भी जानकारी दी। जिस पर तीनों की हालत देखकर परिजनों के होश उड़ गए। परिजन आनन फानन में तीनों को एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे जहां पर मां को समुचित इलाज मिल जाने के कारण वह खतरे से बाहर हो गई। लेकिन बेटे व बहु की हालत नाजुक देख उन्हें जिला पीलीभीत को डाक्टर ने रेफर कर दिया।

### केंद्रीय मंत्री के मीडिया प्रभारी ने किया पधारोपण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह (भन्नू) एवं छावनी परिषद के नामित सदस्य अवधेश दीक्षित के साथ छावनी क्षेत्र के हरि वन में प्रधानमंत्री की मुहिम ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ में अपना योगदान देते हुए एक पेड़ लगाया।

### तालाब में होगा कछुओ का संरक्षण- प्रियांशु

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर शाहजहांपुर।** ब्लाक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्र के ग्राम पहरुआ कलां में कछुआ वाले प्राचीन तालाब में लोक भारती के आलोक मिश्रा के साथ कछुआ संरक्षण करवाए जाने पर विचार विमर्श किया। युवा ब्लॉक प्रमुख ने पहरुआ कलां के इस कछुआ वाले प्राचीन तालाब में कछुआ संरक्षण और तालाब का सौंदर्यीकरण करवाए जाने का प्रस्ताव रखा। ग्रामीणों ने गांव की नालियों के गंदे पानी के निकास की अलग व्यवस्था करवाए जाने,बाढ़ के पानी से बचाव तथा तालाब के सौंदर्यीकरण की व्यवस्था करवाए जाने पर सहमति व्यक्त की।युवा ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने ग्रामीणों की मांग पर शीघ्र ही पहरूआ कलां के इस तालाब का सौंदर्यीकरण और कछुआ संरक्षण करवाए जाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने युवा ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी की इस सराहनीय पहल पर हर्ष व्यक्त करते हुए आशीर्वाद दिया।

# फिनवेल पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर प्लांट की शिकायत निकली झूठी

**पानी की गुणवत्ता प्रमाणित पाई गई**

**स्वतंत्र भारत जलालाबाद-शाहजहांपुर।** जलालाबाद कस्बे के बारह पत्थर चौराहा स्थित शाहजहांपुर रोड पर लगे पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर एवं पैकेज्ड मिनरल वाटर के अशुद्ध होने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तहसील दिवस प्रभारी एसडीएम प्रभात राय ने राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेज कर प्लांट की जांच कराई तो शिकायत झूठी पाई गई। बतादें कि अब से कुछ माह पहले बारह पत्थर चौराहे पर लगे पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर प्लांट पर जांच की गई थी जिसमें फिनवेल के नाम से मार्केट में बिकने वाले पानी की बोतल को बेचने के लिए रोक दिया गया था इसके बाद फिनवेल वाटर प्लांट के स्वामी ने खाद्य प्रयोगशाला से पानी की जांच करा कर सर्टिफिकेट प्राप्त कर लिया और पानी की मार्केट में सप्लाई शुरू कर दी थी आज फिर इसी प्रकार की शिकायत आने के बाद एसडीएम ने मामले की जांच टीम भेज कर जांच करवाई तो प्लांट स्वामी ने सभी जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए और शिकायत इस तरह झूठी पाई गई जांच करने गई टीम बैरंग वापस आ गई।

# सपा जिला प्रभारी ने की तैयारियों की समीक्षा



**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं जनपद प्रभारी अता उर रहमान समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर पहुंचे। सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व मे बुके देकर व फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।प्रभारी ने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकतंत्र को मजबूत बनाने और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाना बहुत जरूरी है पार्टी के सभी कार्यकर्ता, नेता, व बूथ प्रभारी मिलकर मतदाता सूचियां का गहराई के साथ सत्यापन कर उसमें गलत नामों व डबल वोटो व फर्जी वोटो को चिन्हित करें और प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर फर्जी व डबल वोटो को कटवाए और त्रुटियों सही करवा। उन्होंने कहा बरेली मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी मोहम्मद दानिश अख्तर को जीतने के लिए अधिक से अधिक वोट बनवाएं उन्होंने कहा आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा के चुनाव के बाद जब समाजवादी पार्टी व लोगों की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे तभी भाजपा के जुल्मों अत्याचार से निजात मिलेगी। सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी युवाओं की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सम्मानजनक रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और बेहतर भविष्य के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। हम मानते हैं कि जब युवा मजबूत होगा, तभी प्रदेश और देश मजबूत होगा। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि किसानों को इस समय भाजपा सरकार में यूरिया व बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं और सिंचाई के लिए बिजली नहीं मिल रही है। पूर्व एमएलसी अमित यादव ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का लक्ष्य ऐसा उत्तर प्रदेश बनाना है जहां युवाओं को रोजगार,किसानों को सम्मान महिलाओं को सुरक्षा और हर वर्ग को न्याय मिले। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि हमारे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फर्जी व डबल वोट चिन्हित करने का काम किया। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव,सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा नेता अनवर अली, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद,सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा,सपा विशेष आमंत्रित सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, कटरा विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र पाल श्रीवास्तव, जलालाबाद विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल,पुवाया विधानसभा अध्यक्ष विपिन दीक्षित, सपा नेता दोद राम वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष जिवेन्द्र कुमार बाजपेई,सपा नेता गोपाल अग्निहोत्री,सपा शिक्षक नेता श्याम लाल यादव,सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष सचिन दीक्षित, सपा नेत्री शारदा राज पासी, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव नाजिम फारूकी, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव सरताज खान, महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरण कठेरिया,सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, ब्लॉक अध्यक्ष मोनू मिश्रा, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष महासचिव लल्ला सिंह यादव, सपा महिला सभा की महानगर अध्यक्ष जफरीन, सपा महिला सभा की जिला उपाध्यक्ष नीलम,राजवीर यादव,रामनिवास यादव, मीटिंग का संचालन सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव ने किया।

# प्रेम प्रसंग में की थी पति की हत्या

**चार माह बाद बगीचे से बरामद हुआ शव**



**स्वतंत्र भारत सेहरामऊ शाहजहांपुर।** सेहरामऊ दक्षिणी थाना पुलिस ने अपहरण के बाद हत्या कर शव छिपाने के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर करीब चार माह से लापता युवक का शव बगीचे में गड्ढा खोदकर बरामद किया है। मामले में मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। ग्राम मानपुर मलिकापुर निवासी सत्यवीर सिंह ने अपने भाई ओमकार के 23 फरवरी 2026 से लापता होने पर छह मार्च को सेहरामऊ दक्षिणी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। ओमकार तिलहर न्यायालय में तारीख पर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। पुलिस जांच के दौरान परिजनों ने उसकी पत्नी ओमा भारती और नन्हे निवासी ग्राम लिनथरा पर अपहरण की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस की विवेचना में सामने आया कि ओमा भारती और नन्हे के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। ओमकार इस रिश्ते का विरोध करता था, जिससे दोनों उसे रास्ते से हटाना चाहते थे। पुलिस के अनुसार, 23 फरवरी को दोनों ने ओमकार को ग्राम लिनथरा स्थित नन्हे की बगीचे में बुलाया और शराब पिलाई। नशे की हालत में उसकी हत्या कर दी गई तथा शव को केले के पेड़ के पास गड्ढा खोदकर दबा दिया गया। शुक्रवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर बगीचे से ओमकार का शव बरामद कर लिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मुकदमे में हत्या, साक्ष्य छिपाने और आपराधिक षड्यंत्र समेत विभिन्न धाराओं की बढ़ोतरी की है। गिरफ्तार आरोपियों में नन्हे पुत्र विजय सिंह निवासी ग्राम लिनथरा थाना कांट तथा ओमा भारती पत्नी ओमकार निवासी ग्राम मानपुर मलिकापुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक इरफान अली, मोहित कुमार, मनीष शर्मा सहित थाना सेहरामऊ दक्षिणी के अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनोखी पहल ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने अपनाए पौधे




**स्वतंत्र भारत शाहजहांपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मनीषी ताइक्कांडो वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा ए.बी. रिच इंटर कॉलेज (मिशन स्कूल) परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनका संरक्षण करने की शपथ दिलाई गई।महानगर उपाध्यक्ष राजकमल वाजपेई ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाया गया प्रत्येक पौधा धरती माता के प्रति हमारी कृतज्ञता और जिम्मेदारी का प्रतीक है।

यदि हम वास्तव में अपने बच्चों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन देना चाहते हैं तो हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना होगा। डॉ. पुनीत मनीषी ने कहा कि एक पौधा लगाना केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि जीवन के प्रति प्रेम और आने वाले कल के प्रति हमारी संवेदनशीलता का परिचय है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मनीषी ताइक्कांडो वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 'वृक्ष मित्र योजना' की शुरुआत की गई है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य मिहिर फिलिप्स, एसोसिएशन के सचिव डॉ. गौरव कौशल, अविका श्रीवास्तव मनीषी,नेहा मनीषी, शिवानी, निशा, अलकमा, खुशबू, किरन, आवनी, पीहू, स्वाहली, आनिका, रविका, विराट, गोविंदा, अभय सक्सेना, ऋद्धि, भव्यांश, तेजस, युवराज रस्तोगी, अजय सिंह भंडारी, स्पर्श ग्रोवर,अभिषेक दुबे, कुणाल के साथ तमाम अभिभावक छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

# स्वीकृति के 10 वर्ष बाद भी परौर में नहीं बना विद्युत उपकेंद्र

**विद्युत उपकेंद्र की मांग को लेकर किया प्रदर्शन**

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर -शाहजहांपुर।** सन् 2017 के लगभग विद्युत उपकेंद्र की स्वीकृत विभाग द्वारा प्रदान की गई थी। संविलियन विद्यालय के पीछे पड़ी सरकारी भूमि की विद्युत उपकेंद्र बनवाने के लिए राजस्व विभाग द्वारा नापतोल भी करके विद्युत विभाग के सुपुर्द कर दी गई थी। विभाग द्वारा पूर्व में चूना डालकर अपनी जमीन का सीमांकन भी किया गया था। लेकिन इसके बाद अब क्षेत्र वासियों को पता नहीं है कि अभी तक विद्युत विभाग के पास क्या मजबूरी आ गई है। जो 10 वर्ष के अंतराल में अभी तक काम शुरू नहीं कराया गया है। परौर क्षेत्र के लगभग चार दर्जन गांवों को बिजली कीलापुर फील्डर से प्राप्त होती है। लाइन एवं पोल पुराने होने के कारण इसमें आए दिन तकनीकी खराबी आती रहती है। जिससे गांव के लोगों को एक-एक सप्ताह बिजली की रोशनी से वंचित रहना पड़ता है तथा घरों में लगे बिजली उपकरण बिजली न आने के कारण धूल चाट जाते हैं। बिजली की कमजोर व्यवस्था होने के कारण परौर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परौर, पशु चिकित्सालय परौर, साधन सहकारी समिति चौकिया, थाना परौर, बैंक ऑफ़ बड़ौदा परौर की कंप्यूटर प्रणाली बिजली न आने से प्रभावित होती है। क्षेत्र के उपभोक्ता लंबे समय से परौर में स्वीकृत विद्युत उपखंड को बनवाने की मांग करते चले आ रहे हैं। लेकिन किसी भी जन प्रतिनिधि नेता उपनेता, ने इस बिजली घर के निर्माण की तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया। क्षेत्र के हरिश्चंद्र सिंह, पुष्पेंद्र कुमार गुप्ता, अवधेश चंदेल, राजीव सिंह चौहान, अवधेश कुमार कश्यप, अवनीश कुमार मिश्रा, वीरपाल सिंह राठौड़, पवन कुमार सिंह राठौड़, मानविंदर सिंह चंदेल, उदयवीर सिंह चंदेल आदि ने बिजली उपकेंद्र बनवाने की मांग की है।

इस संबंध में विद्युत उपकेंद्र कलान के अवर अभियंता योगेंद्र कुमार सिंह से जानकारी चाहिए गई तो उन्होंने बताया कि मेरी अभी इस उप केंद्र पर नई तैनाती है। परौर के विद्युत उपकेंद्र का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है।

1- परौर के सेवानिवृत्ति सैनिक धर्मेंद्र प्रताप सिंह फौजी एवं लालू शर्मा का कहना है कि विद्युत उपकेंद्र की स्वीकृत के बाद कार्य अभी तक चालू नहीं हुआ है। यह बहुत ही गंभीर विषय है। विभाग को इस तरफ ध्यान देना चाहिए तथा चिन्हित जगह पर विद्युत उपकेंद्र का निर्माण करना चाहिए।

2 - गांव के ही पाटा बाबा का कहना है कि बिजली उपकेंद्र न बनने से बहुत दिक्कत होती है। विभाग एवं सरकार को चिन्हित जगह पर बिजली उपकेंद्र का निर्माण कार्य शुरू कर देना चाहिए।

3- गांव के ही जनवेश कुमार कुशवाहा का कहना है कि परौर कस्बे की आबादी 20 हजार के पार है तथा इससे लगभग 20 गांव जुड़े हैं। विद्युत उपकेंद्र बन जाने से विद्युत संबंधित समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

4 - विद्युत उपकेंद्र के लिए चिन्हित स्थान पर प्रदर्शन करते ग्रामवासी।

# कुतुआपुर ने 10 ओवर में ही जीत लिया मैच



**स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर।** कुतुआपुर की टीम ने 10 ओवर में तीन विकेट खोकर मैच में शानदार जीत हासिल की ।प्रतीक पांडे रहे मैन ऑफ द मैच कुर्रिया कलां में चल रहे मां दुर्गा क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार का मैच रामखेड़ा बनाम कुतुआपुर की टीम के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर रामखेड़ा के कप्तान मोनू सिंह ने पहले बैटिंग करने का फैसला किया।लेकिन धीरेन्द्र यादव ने अपने तीन ओवर के स्पेल में दो मेडेन और एक विकेट लेकर रामखेड़ा की टीम की कमर तोड़ दी।धीरेन्द्र की घातक गेंदबाजी के आगे रामखेड़ा की टीम निर्धारित 12 ओवर में 92 रन पर ही समेट गई।जिसमें फैजल ने 40 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में कुतुआपुर की टीम ने मात्र दस ओवर में तीन विकेट खोकर मैच जीत लिया।जिसमें मैन ऑफ द मैच लोकेश ने 25 रन और दो विकेट झटके।आयोजक प्रतीक पांडेय ने उन्हें मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया।व्यवस्था में धर्मेंद्र यादव,निखिल मिश्रा,सुदर्शन यादव,दीपक सिंह,आशीष आदि मौजूद रहे।

# भैसी और गोमती नदी किनारे हुआ हरिशंकरी वृक्षारोपण

## पर्यावरण एवं जल संरक्षण का दिलाया संकल्प

**शाहजहांपुर।** गोमती तट के कायाकल्प एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने विकास खंड बंडा स्थित सुनासीर नाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा मंदिर परिसर एवं गोमती नदी क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष के.सी. मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार एवं प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार ने गोमती नदी तट एवं ग्राम रसूलापुर में हरिशंकरी (पीपल,बरगद, पाकड) वृक्षों का रोपण किया। कार्यक्रम के दौरान बृज प्रांत अध्यक्ष डॉ. विजय पाठक ने लोक भारती द्वारा संचालित सामाजिक प्रयासों जैसे जल संरक्षण, तालाब संरक्षण एवं वृक्षारोपण अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर



विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ग्रामवासियों से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने की अपील की। भाजपा जिलाध्यक्ष के.सी. मिश्रा ने गोमती एवं भैसी नदी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिला प्रशासन एवं लोक भारती द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित जनसहभागिता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। ब्लॉक प्रमुख बंडा ओम प्रकाश ने जल के महत्व को रेखांकित करते हुए जल संरक्षण पर विशेष बल दिया तथा लोगों से पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनने का आह्वान किया। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार की ÷एक जनपद-एक नदी÷ पुनरोद्धार योजना को ऐतिहासिक पहल बताते हुए जनपद में पुनर्जीवित हुई भैसी नदी के लिए लोक भारती टीम, जिला प्रशासन एवं स्थानीय ग्रामीणों के प्रयासों की सराहना की। जिलाधिकारी ने बताया वर्षा जल को संजोने हेतु नदी में प्रत्येक 01 किमी की दूरी पर भू जल संरक्षण हेतु व्यवस्था की गयी है। उन्होंने आगामी जुलाई माह में भैसी नदी की दूसरी धारा पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान में जनसहयोग की अपील भी की। अपर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए शेष विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महंत सुनासिर नाथ, खंड विकास अधिकारी बंडा एवं पुवायां, जिला उद्यान अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी लोक भारती के कार्यकर्ता, ग्राम प्रधान, भूमि विकास बैंक के चेयरमैन देवेंद्र प्रताप सिंह, राजीव सिंह, डॉ. संजय अवस्थी, आलोक मिश्रा सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नगर पालिका बंडा, वन विभाग, लोक भारती, जिला गंगा समिति, सुनासिर नाथ मंदिर प्रबंधन समिति एवं स्थानीय ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

# डीएम ने अधिशासी अभियंता को किया निलंबित

## तहसील पुवायां में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील पुवायां में आयोजित किया गया जिसमें लोगों की शिकायत एवं समस्याओं को सुना तथा प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कानूनगों आदर्श द्वारा भूमि पैमाइश में लापरवाही करने तथा अधिशासी अभियंता विद्युत पुनीत निगम अनुपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने निलंबन के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, विद्युत एवं आपूर्ति विभाग की प्राप्त शिकायतों को आज ही व्यवस्थित कर रविवार को संतोषजनक निस्तारण कराते हुए शाम 6ः00 बजे तक आवास पर आकर अवगत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने तहसीलदार एवं नायाब तहसीलदार को सख्त निर्देश दिए कि जनता दर्शन, संपूर्ण समाधान दिवस या अन्य माध्यमों से जो भी शिकायते एवं समस्याएं प्राप्त हो उनका संबंध लेखपाल एवं कानून द्वारा गुणवत्तापरक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 106, विद्युत 19, पुलिस 14, विकास 22 एवं अन्य विभाग की 14 कुल 175 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शिकायत निस्तारण में मौके पर जाना ज़रूरी है और शिकायतकर्ता के साथ फोटो अवश्य लिया जाए।

उन्होंने कहा कि समयबद्धता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, सभी शिकायतों को निर्धारित समय के भीतर पूर्ण निस्तारित किया जाए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, डीएफओ सचिन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह एवं उप जिलाधिकारी पुवायां सदानंद सरोज साहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### अर्जुन को भगवान कृष्ण ने दिखाया विराट रूप

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** श्री राधा रानी सेवा समिति के आयोजकत्व में नगर पालिका ग्राउंड में वृंदावन धाम से पधारे श्री राम श्याम लीला संस्थान द्वारा भगवान श्री राधाकृष्ण की रासलीला के चौथे दिन महाभारत के विभिन्न प्रसंगों का भव्य मंचन किया गया। भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को उपदेश देने और विराट रूप दर्शन देने की लीला से दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। गुरुवार को रसाचार्य पंडित ओम प्रकाश शर्मा के संचालन में भगवान श्री राधाकृष्ण की कोतवाल प्रिंस शर्मा व मौजमपुर चौकी इंचार्ज एसआई प्रमोद कुमार ने पूजन अर्चन कर आरती उतारी। तदोपरान भगवान श्री राधाकृष्ण ने लीला में प्रवेश किया। वृषभान नंदनी सखियों के साथ अपने प्रियतम श्री कृष्ण के दर्शन के लिए मोर कुटी पहुंचीं। जहां भगवान ने मोर बनकर मयूर नृत्य कर दर्शन दिए। इस दौरान जय जय श्री राधे के जय घोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। महाभारत युद्ध पूर्व भगवान श्री कृष्ण का शांति दूत बनकर कौरवों के पास जाने, दुर्योधन द्वारा शांति प्रस्ताव ठुकराने, भीष्म पितामह द्वारा युद्ध में पांचों पांडवों का वध करने की प्रतिज्ञा, छलिया कृष्ण द्वारा भीष्म पिता से द्रौपदी को सदा सौभाग्यवती का वरदान दिलाने, भीष्म पितामह द्वारा भीषण प्रतिज्ञा करने और युद्ध में स्वजनों पर प्रहार से मोह में पड़ने पर अर्जुन को उपदेश देने के बाद विराट रूप के दर्शन कराने तक की ज्ञान वर्धक प्रासंगिक लीला मंचन का दर्शकों ने आनंद लिया। कार्यक्रम में देवेंद्र गुप्ता, श्रीकांत अग्रवाल, सुशील बाबू गुप्ता, मनोज प्रबल, सौरभ गुप्ता रवि, साहू मनोज गुप्ता, सुमित गुप्ता, नीलेश गुप्ता, प्रदीप रस्तोगी, अविनाश गुप्ता, केशरी नंदन गुप्ता, जगदीश गुप्ता गुड्डू, मुकेश कुमार, सचिन गुप्ता समेत तमाम भक्त मौजूद रहे।

### पोक्सो एक्ट का वांछित आरोपी दबोचा

**पुवायां।** थाना पुवायां पुलिस ने पोक्सो एक्ट और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की गंभीर धाराओं में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर एक नाबालिग किशोरी के साथ अश्लील हरकतें करने, उसका फोटो खींचने और शिकायत करने पर मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, यह मामला 26 मई को पीड़िता की मां की शिकायत पर थाना पुवायां में दर्ज किया गया था। शिकायत में कहा गया था कि गांव कहमारा निवासी विकास उर्फ मिस्त्री और मुकेश ने नाबालिग के साथ अश्लील हरकतें कीं और उसका फोटो खींच लिया। विरोध करने पर दोनों ने गाली-गलौज, मारपीट और धमकी दी थी। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तथा पोक्सो एक्ट की गंभीर धाराएं जोड़ी गईं। इसके बाद से मुख्य आरोपी विकास उर्फ मिस्त्री फरार चल रहा था।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत, शनिवार सुबह मुखबिर की सूचना पर थाना पुवायां पुलिस ने कार्रवाई की। निगोही रोड स्थित जठियापुर बुजुर्ग पुलिया के पास से आरोपी विकास उर्फ मिस्त्री (20) निवासी ग्राम कहमारा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक कपिल देव और कांस्टेबल संदेश कुमार शामिल थे।

### 24 घंटे के भीतर चोरी की बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो पुवायां शाहजहांपुर।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को चोरी की बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम उमरिया कल्यानपुर निवासी शिवम दीक्षित ने 4 जून को उनकी सीटी-100 मोटरसाइकिल (क्र27,ष्ट 9691) चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस संबंध में थाना पुवायां में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस टीम को खुलासे के लिए लगाया गया। शुक्रवार को पुलिस टीम करनापुर से जेवा मार्ग पर गश्त और वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस को देखकर बाइक मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शाहरुख पुत्र हबीब खां निवासी सकरापुर, थाना पुवायां बताया। उसके कब्जे से चोरी गई सीटी-100 मोटरसाइकिल बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रामवीर सिंह, हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह और कांस्टेबल विष्णु कुमार शामिल रहे।

### पुलिस ने सड़क किनारे कैंप लगाकर राहगीरों को पिलाया शरबत

**जैतीपुर।** एक बार फिर पुलिस का मानवीय चेहरा सामने दिखा है जिसकी क्षेत्र में तमाम प्रशंसा हो रही है।जहां इस भीषण गर्मी में लोगों का कड़ाके की धूप में बाहर निकलना मुश्किल है वहां कस्बे की पुलिस टीम द्वारा सड़क के किनारे कैंप लगाकर राहगीरों आने जाने वालों और वाहन चालकों को शरबत पिलाया गया। थाना प्रभारी अश्विनी कुमार सिंह के नेतृत्व में पूरी पुलिस टीम द्वारा शरवत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया थाने के सामने कैंप लगाकर राहगीरों को रोक रोक कर शरबत पिलाया गया। इसके पश्चात पुलिस टीम द्वारा गर्मी से बचाव हेतु सुझाव भी दिए गए महिला पुलिस टीम द्वारा भी निकलने वाली राहगीर महिलाओं को शरबत पिलाकर गर्मी से बचाव के लिए भी जानकारी दी गई। पुलिस के इस कार्य की क्षेत्र में सराहना हो रही है तथा पुलिस के प्रति प्रेम भाव की भावना की झलक भी देखने को मिल रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों का करें तत्काल निस्तारण : एसडीएम

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के समापन के बाद एसडीएम जीत सिंह राय ने लेखपालों एवं कानूनगो की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व कार्यों और जनगणना की प्रगति का जायजा लिया।बैठक में उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण और जनगणना कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतें शासन की प्राथमिकता में हैं। ऐसे में प्रत्येक शिकायत का मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और शिकायतों



के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।जनगणना कार्य की समीक्षा करते हुए एसडीएम ने लेखपालों और संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ जनगणना कार्य संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी कर्मचारी निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के लिए तेजी लाएं, ताकि जनगणना का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो सके।उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान आम लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। यदि किसी क्षेत्र से अनियमितता अथवा शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने अधिकारियों से क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर कार्यों की निगरानी करने और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने को कहा। बैठक में तहसीलदार अजहर अंसारी, नायब तहसीलदार मनु माथुर, नायब तहसीलदार निवेदिता ठाकुर सहित तहसील के राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# नवागंतुक प्राचार्य डॉ. सुरचना त्रिवेदी का किया गया अभिनंदन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** आर्य महिला पीजी महाविद्यालय की नवागंतुक प्राचार्य डॉ. सुरचना त्रिवेदी के पदभार ग्रहण करने पर सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर मुनीश सिंह परिहार



(एडवोकेट) एवं अरविन्द मिश्रा ने अपने साथियों सहित उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर कुंवर मुनीश सिंह परिहार एवं अरविन्द मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डॉ. सुरचना त्रिवेदी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि डॉ. त्रिवेदी के नेतृत्व में महाविद्यालय शिक्षा, संस्कार एवं गुणवत्ता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। डॉ. सुरचना त्रिवेदी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह महाविद्यालय की शैक्षिक परंपराओं को और सुदृढ़ बनाने तथा छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगी। अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप महावीर वर्मा, आशीष कुमार,राम मूर्ति कश्यप,उपस्थित लोगों ने नवागंतुक प्राचार्य के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं। फोटो कैप्शन ÷आर्य महिला पीजी महाविद्यालय की नवागंतुक प्राचार्य डॉ. सुरचना त्रिवेदी का स्वागत एवं अभिनंदन करते सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट), अरविन्द मिश्रा एवं अन्य साथी।

# बढ़ी भीड़ से मुसीबत

**स्वतंत्र भारत निगोही शाहजहांपुर।** थाना निगोही क्षेत्र के गांव रघवा पुर स्थित दरगाह पर गुरुवार के दिन छोटे मियां ,बड़े मियां ,बन्नो बुआ का आना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है! चर्चित मजार का एक अनोखा मामला प्रकाश में आया है !जिसने सियासी गलियारों में हल-चल सी मचा रखी है ! दो फांट में बंटी गांव की जनता! ग्राम पंचायत हसौआ के राजस्व ग्राम रघवापुर के पूर्व दिशा में एक वर्ष पूर्व बनी दरगाह पर छोटे मियां ,बड़े मियां ,बन्नो बुआ गुरुवार के दिन आतीं हैं! गांव में हुआ मजार का निर्माण शुरू से ही उहापोह के लिए सुर्खियों में चर्चित है!

गांव में तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है! स्थानीय लोगों का मानना है कि गांव में बनी दरगाह पर पहुंचने वाले कथित भूत प्रेत से पीड़ित जायरीन रोग मुक्त के लिए भारी ,दान, पूजा ,पाठ के लिए अंधविश्वास में फंसते जा रहे है! जायरीनों के साथ साथ गांव के लोगों में अंधविश्वास पाखंड की भावनाएं आकर्षित हो रही हैं! जिससे समाज के नागरिक आहत हो रहे है! गांव में दरगाह (मजार)का स्थापित होना अचंभित है !

जो चर्चा का विषय है!गांव में बनी मजार पर सेवक के हुक्म पर बन्नो बुआ छोटे मियां बड़े मियां का आना- होता है! अंधविश्वास पाखंड में फंसे भूत प्रेत से पीड़ित व्यक्ति की यहां पर झाड़ फूंक के नाम पर रोग मुक्त का आडम्बर फैला कर भोली भाली जनता का दोहन किया जा रहा है!

इस बात को लेकर झड़पें हुई,ऐसी गांव में चर्चाएं है! फिलहाल मामला तूल पकड़ रहा है! भविष्य में विस्फोटक घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है! क्षेत्र की जनता की निगाहें मजार पर टिकीं हुई है!

# तहसील में समाधान दिवस में आयीं 84 शिकायतें, 07 का निस्तारण

**स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर शाहजहांपुर।** माह के प्रथम शनिवार को कलान तहसील के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह के समक्ष 84 ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याएं रखीं। उपजिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश के साथ सम्बंधित विभागों के अफसरों को हस्तांतरित कर दीं। मौके पर सात शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। तहसील कलान में सम्पूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक राजस्व एवं पुलिस संयुक्त विभाग से 38, राजस्व विभाग से 16,पुलिस विभाग 08 , खादय एवं रसद विभाग से 03, शिक्षा विभाग से 01, विधुत विभाग से 01, चकबंदी विभाग से 10 सम्बंधित



शिकायतें आई। इस मौके पर तहसीलदार स्रजित कुमार,नायव तहसीलदार सगीर अहमद, खण्ड विकास अधिकारी मिर्जापुर/कलान रवि कुमार सिंह,पूर्ति निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, जेई एम आई अरविंद कुमार राजपूत, मिर्जापुर खण्ड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि आदित्य प्रकाश अग्निहोत्री,,एडियो एग्रीकल्चर रविन्द्र सिंह,एडियो समाज कल्याण निर्मला देवी शुक्ला, सहायक विकास अधिकारी कलान कुलदीप कुमार सक्सेना, वन दरोगा यदुनाथ सिंह, लोकनिर्माण विभाग से अवनीश कुमार, थाना मिर्जापुर से उपनिरीक्षक शिवकुमार मिश्र, थाना परौर से एस एस आई वीकेश कुमार , थाना कलान से उप निरीक्षक अजय पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# सनातनियों को जगाने का काम कर रहा हिंदू युवा संगठन

**स्वतंत्र भारत बंडा शाहजहांपुर।** हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) की एक बैठक नगर में हुई। जिसमें संगठन के बिस्तार पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने कहा कि हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश गांव गांव जाकर सोए हुए हिंदुओं को जगाने का



काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिले के प्रत्येक ब्लाक गांव नगर में कार्यकारिणियों का गठन किया जा रहा है। उन्होंने सनातन समाज के लोगों का आवाहन करते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश में हिंदुत्व विचारधारा की सरकार होने के बाद भी धर्म विशेष के लोग खुलेआम हिंदुओं की हत्याएं कर रहे हैं। ऐसे में सनातनी बांधों को एकजुट और जागरूक होने की जरूरत है। इस मौके पर पुवायां तहसील अध्यक्ष अजय द्विवेदी, संरक्षक शोभित जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष बंडा वैभव यादव, ब्लॉक प्रभारी प्रदीप कुमार, लालू, उदय सिंह, शोभित शर्मा, मोनू सक्सेना, पवन कुमार, आकाश कुमार, अजय कुमार, निजेश कुमार, संदीप कुमार, आदेश कुमार, राघवेंद्र यादव, रामू राठौर, अजीत राठौर, अनुराग वर्मा, ऋतिक वर्मा, कुलदीप कुमार आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# मानव सेवा में रेड क्रॉस और लोकभारती का संगम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहाँपुर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी एवं लोकभारती के सचिव एवं समाजसेवी डॉ. विजय जौहरी से भेंट कर उनके जनहित एवं मानवीय सेवा कार्यों की सराहना करते हुए लोकभारती के पदाधिकारियों ने कहा कि जनपद स्तर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा मानव सेवा, जनजागरूकता एवं राहत कार्यों में निभाई जा रही सक्रिय भूमिका ही उसके प्रति समाज के बढ़ते विश्वास का आधार है। रेड क्रॉस के साथ सहयोग की लोकभारती की पहल इस बात का प्रमाण है कि संस्था जनहित एवं मानवता की सेवा में प्रभावी रूप से कार्य कर रही है। दोनों संगठनों ने भविष्य में भी जनकल्याण एवं राष्ट्रहित के कार्यों में संयुक्त रूप से सहयोग करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ. जौहरी ने कहा की ÷रेड क्रॉस सोसाइटी की जनपद स्तर पर सक्रिय मानवीय सेवाएँ ही उसके प्रति समाज के विश्वास का आधार हैं। लोकभारती का सहयोग एवं सम्मान इस बात का प्रमाण है कि संस्था मानव सेवा के अपने दायित्व का प्रभावी निर्वहन कर रही है। ÷लोकभारती के पदाधिकारियों के ये शब्द मेरे लिए प्रेरणास्रोत हैं। इससे मानव सेवा के प्रति मेरी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। मैं जनपद में समर्पित भाव से मानव सेवा के कार्यों का निरंतर निर्वहन करता रहूँगा। लोकभारती के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज में किए जा रहे सेवा कार्यों का निष्पक्ष मूल्यांकन और प्रोत्साहन समाजसेवा की भावना को सशक्त बनाता है। । उन्होंने कहा कि समाज संगठन से राष्ट्रहित एवं जनकल्याण के कार्यों में अपनी भूमिका का प्रभावी निर्वहन करने की अपेक्षा रखता है और लोकभारती इस दायित्व के प्रति प्रतिबद्ध है।लोकभारती के पदाधिकारियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित स्वास्थ्य, राहत एवं जनसेवा कार्यक्रमों की सराहना करते हुए भविष्य में भी जनहित के कार्यों में सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गोरक्ष परम्परा के संत और अध्यक्ष, गोरक्ष पीठ स्थान के महंत योगी हनुमान नाथ कामधेनु अवतरण अभियान न्यूरानपुर, पीलीभीत, सह संगठन मंत्री लोकभारती गोपाल जी, अध्यक्ष, ब्रजप्रांत लोकभारती डॉ विजय पाठक (सर्जन), सह संपर्क प्रमुख, लोकभारती संजय उपाध्याय, भाजपा के वरिष्ठ नेता रजनीश दीक्षित लखीमो , ॐ दिव्यांगजन कल्याण समिति के बालकृष्ण पांडेय, बृजेश गुप्ता मुरारी लाल राठौर आदि कार्यकर्त्ता मौजूद थे।



# जमीनी विवाद में दो गुटों में चले लाठी-डंडे, कई घायल

● **मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

स्वतंत्र भारत

**शाहाबाद-हरदोई।** कस्बे के मोहल्ला गिगियानी, पाली बाईपास रोड स्थित भूमि को लेकर हुए विवाद में दो गुटों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दोनों पक्षों की ओर से कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी गई है।

कस्बे के मोहल्ला कटरा निवासी मिथिलेश कुमार पुत्र खैमराज के अनुसार, वह अपनी भूमि पर निर्माण कार्य कराने के लिए मोहल्ला निवासी रामचंद्र गुप्ता पुत्र टीकाराम, रामआसरे पुत्र हरिपाल, रोली पत्नी मुरारी, राजन तथा सुशीला के साथ मौके पर गए थे। आरोप है कि विपक्षी हरिराम पुत्र तुलसीराम ने अपने पुत्र राजवीर, गुंडा, पत्नी रामवती तथा यदुवीर पुत्र मिहिलाल के साथ मिलकर लाठी और लोहे की रॉड से अचानक हमला कर दिया। इस हमले में रामचंद्र गुप्ता, सुशीला, रामआसरे, राजन और रोली घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

वहीं, दूसरे पक्ष ने भी अपनी भूमि पर कब्जा करने की नीयत से लाठी-डंडों से मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। चौकी प्रभारी सरदारगंज हरदीप कुमार ने बताया कि एक पक्ष पहले से बाउंड्री निर्माण करा रहा था, जबकि दूसरा पक्ष भी उसी भूमि पर निर्माण कराने पहुंच गया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की है। दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## पुलिस ने छापा मारकर 15 कुंतल लहन किया नष्ट

स्वतंत्र भारत

**शाहाबाद।** मोहल्ला खेड़ा बीबीजई में कच्ची शराब बनाए जाने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद एएसपी एवं क्षेत्राधिकारी (सीओ) के निर्देश पर सरदारगंज चौकी पुलिस ने छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त लहन नष्ट कर दिया। पुलिस की इस औचक कार्रवाई से कच्ची शराब बनाने वालों में हड़कंप मच गया। सीओ सर्किल आलोक राज नारायण ने बताया कि अवैध कच्ची शराब के निर्माण की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सरदारगंज चौकी प्रभारी हरदीप कुमार एवं पुलिस बल द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मोहल्ला खेड़ा बीबीजई में छापेमारी कर लगभग 15 कुंतल अवैध शराब बनाने में प्रयुक्त कच्चा माल (लहन) बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए इस प्रकार की औचक छापेमार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब बनाने और बेचने वालों में खलबली मची हुई है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से भी अपील की है कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

## जेल से रिहा होते ही दबंग ने मचाया उत्पात, दो महिलाएं घायल

● **मारपीट, गाली-गलौज और नकदी छीनने का आरोप, मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र भारत




**भरखनी।** पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम आमतारा में जेल से रिहा होकर आए एक युवक और उसके साथियों पर एक परिवार के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। घटना में दो महिलाएं घायल हो गईं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आमतारा निवासी आरिफ शाह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गांव का ही इरफान पुत्र नूरशाह 4 जून को जेल से रिहा होकर आया था। आरोप है कि 5 जून की रात करीब 4:30 बजे वह शराब के नशे में उसके घर पहुंचा और आरोप लगाने लगा कि आरिफ ने उसकी पुलिस से शिकायत की थी। विरोध करने पर इरफान ने अपने साथी रजीहसन, रविहसन तथा अपने बहनोई नावेद के साथ मिलकर गाली-गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आई आरिफ की पत्नी सावतीन और सास सुर्शधि बेगम के साथ आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि महिलाओं को दांतों से काटकर भी घायल किया गया। आरिफ शाह ने तहरीर में यह भी आरोप लगाया है कि भागते समय नावेद उसकी जेब से 50 हजार रुपये निकाल ले गया।

शोर-शराबा सुनकर जब ग्रामीण मौके पर जुटने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पचदेवरा थाना प्रभारी ने बताया कि आरिफ शाह की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भीषण गर्मी में गिरा जलस्तर, जवाब देने लगे हैंडपंप

स्वतंत्र भारत

**पिहानी (हरदोई)।** भीषण गर्मी और लगातार गिरते भूजल स्तर ने क्षेत्र में पेयजल संकट को गहरा दिया है। गांवों और कस्बों में लगे कई हैंडपंपों की 'हलक सूखने' लगी है। कहीं हैंडपंप पूरी तरह बंद हो गए हैं तो कहीं उनसे बेहद कम मात्रा में पानी निकल रहा है। कई स्थानों पर दूषित और गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायतें भी सामने आ रही हैं, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है।

जून की तपती गर्मी में पानी की मांग बढ़ने के साथ ही बड़ी संख्या में हैंडपंप जवाब देने लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग सुबह से ही पानी भरने के लिए कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं। जिन गांवों में वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था नहीं है, वहां हालात और भी गंभीर बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में जलस्तर नीचे जाता है, लेकिन इस बार स्थिति अधिक खराब है। कई हैंडपंपों से केवल हवा निकल रही है, जबकि कुछ से निकलने वाला पानी पीने योग्य नहीं है। इसके कारण लोगों को दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार, लगातार भूजल दोहन, वर्षा जल संचयन की कमी और बढ़ते तापमान के कारण भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है। यदि समय रहते जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण के प्रभावी उपाय नहीं किए गए तो आने वाले दिनों में जल संकट और गंभीर हो सकता है। ग्रामीणों ने खराब हैंडपंपों की मरम्मत, नए हैंडपंपों की स्थापना तथा टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं संबंधित विभाग का कहना है कि शिकायत मिलने पर खराब हैंडपंपों को ठीक कराने और प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## जेठ माह के शनिवार पर श्रद्धाभाव से वितरित किया गया प्रसाद

**माधोगंज।** जेठ माह के शनिवार को कस्बे में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ विभिन्न स्थानों पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान श्रद्धालुओं और राहगीरों को पूड़ी-सब्जी, छोला-चावल एवं खीर का प्रसाद वितरित किया गया। तौला कमेटी मंदिर तथा तिकोनिया पार्क स्थित हरदेव राजा मंदिर पर आयोजित प्रसाद वितरण कार्यक्रम में दिनेश गुप्ता, श्रीकृष्ण गुप्ता, छोटे, पहाड़ी, कल्लू, काले, बब्बू गुप्ता, मुकेश, राकेश, अनिल, छोटू, दाता, शकुंतला कश्यप, राम, गौतम, राजू गुप्ता, नन्हें भइया, राजकुमार और हैप्पी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। प्रसाद वितरण से पूर्व मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इसके अलावा कस्बे के अन्य स्थानों पर भी भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे दिन धार्मिक और भक्तिमय वातावरण बना रहा।

## ग्रामोद्योग जागरूकता शिविर आयोजित



**शाहाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सुष्मिता सिंह के निर्देशन में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, हरदोई द्वारा उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ से एससीएसपी मद के अंतर्गत प्राप्त जागरूकता कार्यक्रमों के क्रम में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन विकास खंड शाहाबाद में किया गया। शिविर में ग्रामीणों को खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा स्वरोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

# फ्रीजर में लगी आग से लाखों का सामान जलकर राख

● **गेहूं, जेवरात, घरेलू सामान व शैक्षिक प्रमाण पत्र नष्ट**

स्वतंत्र भारत

**बेनीगंज (हरदोई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुइयां निवासी भैयालाल पुत्र फत्ते पासी के घर में शनिवार तड़के अचानक आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण कमरे में रखा डी-फ्रीजर बताया जा रहा है, जो अत्यधिक गर्म होकर धू-धू कर जलने लगा।

भैयालाल के अनुसार सुबह करीब चार बजे कमरे में रखा डी-फ्रीजर अचानक आग पकड़ गया। देखते ही देखते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और उसमें रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया। अग्निकांड में लगभग 75 क्विंटल गेहूं, एलसीडी टीवी, स्टैंड पंखा, सोने-चांदी के जेवरात, कपड़े, दो चारपाइयां, एक तख्त, परचून की दुकान का सामान समेत अन्य घरेलू वस्तुएं जल गईं। इसके अलावा उनके पुत्र राजकुमार की कक्षा 5, कक्षा 8, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, बीए एवं एमएसडब्ल्यू की मार्कशीटें तथा अन्य महत्वपूर्ण शैक्षिक प्रमाण पत्र भी आग की भेंट चढ़ गए। मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर (यूपी 30 सीए 8588) से संबंधित दस्तावेज और अन्य जरूरी कागजात भी जलकर नष्ट हो गए। आग की तीव्रता के कारण डी-फ्रीजर में गैस ब्लास्ट हो गया, जिससे कमरे की दीवारें और छत भी क्षतिग्रस्त हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित ने बेनीगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर जांच, आवश्यक कार्रवाई और आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र राहत सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# जयपुरिया-11 बनी अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट की चैंपियन

● **फाइनल में जेवियर्स-11 को 59 रन से हराया, विशाल राज ने जड़ा शतक**

स्वतंत्र भारत




**हरदोई।** सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित श्री नंद लाल यज्ञसैनी मेमोरियल अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को जयपुरिया-11 और जेवियर्स-11 के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में जयपुरिया-11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 59 रन से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। मैच के बाद विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जयपुरिया-11 की टीम ने 19.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 143 रन बनाए। टीम की ओर से विशाल राज ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 101 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली।

जेवियर्स-11 की ओर से दिव्यांश ने तीन विकेट लिए, जबकि देवेश कुशवाह और संजीत यादव ने दो-दो विकेट हासिल किए। रोहित, पवन और अंश को एक-एक सफलता मिली, जबकि एक बल्लेबाज रन आउट हुआ। 144 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेवियर्स-11 की टीम जयपुरिया-11 के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 13 ओवर में 84 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जेवियर्स-11 की ओर से शेखर सक्सेना ने 18, पवन गुजराती ने 16 और अंश मिश्रा ने 15 रन बनाए। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतियोगिता आयोजक राधा कृष्ण गुप्ता, पूर्व सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक त्रिवेदी, समाजसेवी डॉ. गौरव अग्रवाल, शौर्य वर्धन एवं डॉ. राज मौजूद रहे। मैच में अंपायरिंग आशीष यादव और एकत्व ने की, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी सूरज तिवारी ने निभाई।

## जमीन विवाद में मारपीट, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र भारत

**माधोगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम हसनपुर ज्योली निवासी वेद प्रकाश पुत्र सुन्दरलाल की तहरीर पर पुलिस ने गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में वेद प्रकाश ने बताया कि 3 जून की सुबह करीब 9 बजे वह अपने गौवंशों को पानी पिला रहे थे। इसी दौरान जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद के चलते गांव के ही अंजेश, जैश्री और नरेन्द्र वहां पहुंच गए और उन्हें तथा उनके परिवार को गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने वेद प्रकाश, उनकी पत्नी मालती तथा पुत्रों आयुष और ताराशंकर के साथ मारपीट की। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी भी देकर गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना माधोगंज पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# व्यापारी संवाद कार्यक्रम में जीएसटी सुधार और व्यापारी हितों पर हुई चर्चा

**हरदोई।** संयुक्त आयुक्त उदय प्रताप सिंह ने बताया कि शासन की मंशानुसार 1 से 10 जून तक खंड स्तर पर व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 5 जून 2026 को राज्य कर विभाग की ओर से राज्य कर कार्यालय, हरदोई में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीएसटी सुधार 2.0, पंजीयन आधार बढ़ाने, निल फाइलर एवं नॉन-फाइलर मामलों, व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं आपत्तियों का संतोषजनक समाधान किया गया। व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने क्रेता व्यापारियों के भुगतान की समस्या, पंजीयन आधार बढ़ाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों मंत जागरूकता शिविर आयोजित करने, व्यापारियों के यहां कार्यरत कर्मचारियों को बीमा योजना का लाभ दिलाने तथा विभागीय नोटिस व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराने जैसे मुद्दे उठाए। विभागीय अधिकारियों ने इन सुझावों पर सकारात्मक चर्चा करते हुए कई बिंदुओं को विभागीय कार्ययोजना में शामिल करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में शासन की नीतियों से व्यापारियों को अवगत कराने तथा व्यापारी और विभागीय अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर राज्य कर विभाग की ओर से संयुक्त आयुक्त उदय प्रताप सिंह, उपायुक्त संतोष कुमार गौतम, उपायुक्त रविंद्र कुमार, सहायक आयुक्त अमित कुमार, सहायक आयुक्त अरविंद कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं की ओर से उमेश चंद्र गुप्ता, संदीप कुमार सिंह, भूपेंद्र प्रताप सिंह एवं अचल सिंह तथा व्यापार मंडल की ओर से बिमलेश दीक्षित, भारती सहित अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारी मौजूद रहे।

# नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में 'हमारा लक्ष्य' विषय पर हुआ चिंतन

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** बाबूराम त्रिवेदी सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के चतुर्थ दिवस पर विभिन्न विषयों पर शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री डॉ. राम मनोहर की उपस्थिति में मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। अतिथियों का रोली एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन मैगलगंज के प्रधानाचार्य उत्तम मिश्र ने किया, जबकि अतिथियों का परिचय जन शिक्षा समिति अवध प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक मिथिलेश अवस्थी ने कराया। अल्लीपुर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य शशिकांत पांडेय ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

प्रथम एवं द्वितीय सत्र में डॉ. राम मनोहर ने 'हमारा लक्ष्य' विषय पर प्रेरणादायी एवं चिंतनपरक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन को मुख्य रूप से शिक्षा और धर्म नियंत्रित करते हैं। शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान प्रदान करती है, जबकि धर्म उसके जीवन में करुणा, संवेदना और नैतिक मूल्यों का विकास करता है। उन्होंने कहा कि आज के तकनीकी युग में गूगल और मोबाइल सूचनाएं तो दे सकते हैं, लेकिन संस्कार, चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों का संचार केवल शिक्षक ही कर सकता है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना की बात कही थी और यह स्थापना किसी भवन या स्थान पर नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के मन में होती है। डॉ. राम मनोहर ने विद्या भारती के 'हमारा लक्ष्य' का महत्व बताते हुए कहा कि यह केवल कुछ पंक्तियां नहीं, बल्कि संगठन की आत्मा और कार्य की दिशा है। लक्ष्य को समझे बिना शिक्षा के उद्देश्य को पूर्ण रूप से नहीं समझा जा सकता।

उन्होंने कहा कि शिक्षक द्वारा तैयार की गई युवा पीढ़ी ही भविष्य में राष्ट्र के चरित्र, संस्कृति और विकास की दिशा निर्धारित करती है। इसलिए प्रत्येक आचार्य को राष्ट्रभक्ति, सेवा, समरसता और संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने 'धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो' के उद्घोष के साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराया।

इस अवसर पर जन शिक्षा समिति अवध प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं विद्यालय प्रबंधक शीर्षेन्दुशील त्रिवेदी, वर्गाधिकारी संतोष त्रिवेदी, लखनऊ संभाग निरीक्षक श्याम मनोहर शुक्ल, सीतापुर संभाग निरीक्षक रणवीर सिंह, श्रावस्ती संभाग निरीक्षक कैलाश चंद्र वर्मा सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से करें सुनिश्चित

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की संयुक्त अध्यक्षता में सदर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे तथा आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, सिंचाई, समाज कल्याण, नगर निकाय एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनका समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए तथा शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्राप्त प्रकरणों का मौके पर जाकर सत्यापन किया जाए और शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों ने भी अपने-अपने विभागों से संबंधित शिकायतों का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे थाना क्षेत्र के लोगों से समन्वय बनाकर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी लें तथा असामाजिक, अराजक एवं दबंग प्रवृत्ति के लोगों की गतिविधियों पर सतर्क निगाह रखें। उन्होंने कानून-व्यवस्था को हर हाल में बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवनाथ पाण्डेय, उपजिलाधिकारी सदर मयंक कुण्डू, तहसीलदार सदर, क्षेत्राधिकारी सदर, संबंधित विकास खंडों के खंड विकास अधिकारी, सीडीपीओ, थानाध्यक्ष सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 11 में प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित

**हरदोई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हरदोई में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं के ह्यूमैनिटीज में कुछ सीटें रिक्त हैं, जिन पर प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा जारी सूचना के अनुसार, जो भी पात्र और इच्छुक अभ्यर्थी इस सत्र में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से पंजीकरण फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश के लिए पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करने की अंतिम तिथि 20 जून 2026 निर्धारित की गई है। आवेदकों को अपने फॉर्म के साथ कक्षा 10वीं की अंकतालिका आधार कार्ड की प्रति और श्रेणी प्रमाणपत्र ) संलग्न करना अनिवार्य होगा। विद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी के लिए छात्र विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं या कार्यालय समय के दौरान सीधे विद्यालय संपर्क कक्ष में संपर्क कर सकते हैं।

# जमीन के झगड़े में पूर्व सभासद सहित पांच घायल

स्वतंत्र भारत

**शाहाबाद (हरदोई)।** नगर के गिगियानी मोहल्ले में वर्षों पुराने जमीनी विवाद ने शुक्रवार को खूनी रूप ले लिया। एक पक्ष के लोगों द्वारा किए गए कथित हमले में पूर्व लेखपाल मिथलेश कुमार, पूर्व सभासद रामचंद्र गुप्ता उर्फ गुड्डु, रामासरे, मुरारी, सुशीला, रोली तथा 12 वर्षीय राजन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से रोली और रामासरे को गंभीर हालत में रेफर किए जाने की सूचना है।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सेवानिवृत्त सैनिक हरीराम, उसके बेटे राजवीर तथा अन्य लोगों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला किया। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि हरीराम और उसकी पत्नी रामबेटी भी घायल हुए हैं। हरीराम ने भूमि पर अपना स्वामित्व बताते हुए लगाए गए आरोपों से इनकार किया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामले में मिथलेश कुमार की ओर से शाहाबाद कोतवाली में नामजद एवं अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विवादित भूमि को लेकर लंबे समय से तनाव चला आ रहा है और कई बार मारपीट व शिकायतें हो चुकी हैं। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि समय रहते प्रशासन द्वारा प्रभावी हस्तक्षेप किया जाता तो स्थिति यहां तक नहीं पहुंचती। फिलहाल पुलिस वायरल वीडियो, मेडिकल रिपोर्ट और दोनों पक्षों की तहरीरों के आधार पर जांच में जुटी है। इलाके में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर वर्षों पुराने इस भूमि विवाद का स्थायी समाधान अब तक क्यों नहीं हो सका।

## फ्रिज में लगी आग से लाखों का सामान जलकर राख

**बेनीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुइयाँ निवासी भैयालाल पुत्र फत्ते पासी के घर में शनिवार तड़के डी-फ्रीजर में लगी आग से भारी नुकसान हो गया। सुबह करीब चार बजे फ्रीजर में आग लगने के बाद पूरा कमरा उसकी चपेट में आ गया। अग्निकांड में लगभग 75 क्विंटल गेहूं, एलसीडी टीवी, स्टैंड पंखा, सोने-चांदी के जेवरात, कपड़े, चारपाइयां, तख्त, परचून का सामान तथा अन्य घरेलू वस्तुएं जल गईं। पुत्र राजकुमार की कक्षा 5, 8, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, बीए और एमएसडब्ल्यू की मार्कशीटें व अन्य प्रमाण पत्र भी नष्ट हो गए। हीरो स्प्लेंडर बाइक के दस्तावेज भी जल गए। गैस ब्लास्ट से कमरे की दीवारें और छत क्षतिग्रस्त हो गईं।

# कार की टक्कर से किसान की मौत

● परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

स्वतंत्र भारत





**बिजुआ-खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के चंदपुरा गांव निवासी 45 वर्षीय किसान रामदयाल पुत्र खेमन की बुधवार शाम सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसा नब्बूपुर के पास उस समय हुआ, जब वह गांव के तीरथ राम के साथ गन्ने के खेत की सिंचाई के बाद इंजन लेकर रडा बाजार जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शी तीरथ राम के अनुसार रात करीब आठ बजे इंजन का दाहिना पहिया सड़क किनारे फंस गया था। रामदयाल पहिया निकालने का प्रयास कर रहे थे, तभी पीछे से आई एक तेज रफ्तार कार ने इंजन में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामदयाल गंभीर रूप से घायल होकर इंजन में फंस गए। घटना को लेकर परिजनों और तीरथ राम के बयानों में मतभेद सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद तीरथ राम मौके से चले गए, जबकि तीरथ राम का कहना है कि उन्होंने ही रात करीब नौ बजे परिजनों को फोन कर दुर्घटना की सूचना दी थी। घायल रामदयाल को परिजन पडरिया तुला स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान रात करीब 10:15 बजे चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मृतक अपने पीछे पत्नी रामदुलारी, पुत्र धर्मपाल तथा पुत्रियां शिवानी, शोनी और रागनी को छोड़ गए हैं। मात्र दो बीघा कृषि भूमि पर निर्भर परिवार के सामने अब आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

# डॉ. अखिलेश वर्मा भाजपा जिला कार्यालय के सहप्रभारी मनोनीत

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर खीरी।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने जिले के प्रमुख शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. अखिलेश वर्मा को भाजपा जिला कार्यालय का सहप्रभारी मनोनीत किया है। इस मनोनयन के साथ उन्होंने आशा व्यक्त की कि डॉ. वर्मा के अनुभव और नेतृत्व में जिला कार्यालय का कार्य और अधिक सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित होगा। जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने तथा कार्यालयीय कार्यों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने में डॉ. अखिलेश वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उनके मनोनयन से पार्टी कार्यकर्ताओं में भी उत्साह का माहौल है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा के जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्र ने बताया कि डॉ. अखिलेश वर्मा को जिला कार्यालय का सहप्रभारी नियुक्त किया गया है। डॉ. अखिलेश वर्मा को मनोनयन पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) अनूप गुप्ता, जिला महामंत्री राजेश सिंह, अनुराग मिश्रा, मनोज वर्मा, जिला उपाध्यक्ष आशू मिश्रा, संजय मिश्रा, संतोष कुमारी, श्रीमती किरण अग्रवाल तथा कार्यालय प्रभारी अभिजात मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 128 शिकायतें पहुंचीं

● अधिकारियों ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर-खीरी।** जनसमस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को मोहम्मदी और धौरहरा तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। मोहम्मदी तहसील में सीडीओ अभिषेक कुमार और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

मोहम्मदी में कुल 60 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 30, पुलिस की 12, विकास की 6, आपूर्ति की 7 तथा नगर निकाय की 5 शिकायतें शामिल रहीं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समाधान करने और पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम चिलुवाराजू आर, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, एसीएमओ और तहसीलदार अरुण कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं धौरहरा तहसील में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 68 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व विभाग के 9 मामलों का मौके पर निस्तारण कराया गया। एडीएम ने शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, भौतिक सत्यापन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम वाली और बबुरी में मेड़बंदी पिलर क्षतिग्रस्त करने के मामलों में एफआईआर दर्ज होने की जानकारी भी दी।

# रामपुर में भीषण आग, तीन घर राख

● राधेश्याम के बेटों का सारा सामान जला

स्वतंत्र भारत



**पड़रिया तुला खीरी।** विकास खण्ड बिजुआ की ग्राम पंचायत रामनगर कलां के मजरा रामपुर में भीषण आग लगने से राधेश्याम के तीन बेटों के घर जलकर राख हो गए। यह घटना बीती रात करीब 11 बजे हुई, जिसमें सियाराम, राजकुमार और हंसराम का सारा घरेलू सामान जल गया। यह मामला भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर कलां के मजरा रामपुर का है।

आग इतनी तेजी से फैली कि अनाज, कपड़े, बिस्तर, चारपाई, फर्नीचर और बर्तन समेत तीनों घरों का सारा सामान जलकर खाक हो गया। परिवार के सदस्य घर में ही थे, लेकिन लपटें उठते ही शोर मच गया। आसपास के ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। अग्निकांड के बाद तीनों परिवारों के पास खाने-पीने और तन ढकने के लिए कुछ नहीं बचा है।

घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल अजय कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने तीनों घरों में हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की। लेखपाल ने बताया कि यह रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है, ताकि पीड़ित परिवारों को शासन से आर्थिक सहायता मिल सके।

# बिलहरी दरगाह पर देर रात तक गूंजी कव्वाली



**बिजुआ-खीरी।** ग्राम नौसर जोगी के डुडवा स्थित जिंद बाबा बिलहरी दरगाह पर शुक्रवार शाम कव्वाली और लंगर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन शानू मंसूरी द्वारा कराया गया, जिसमें पीलीभीत और बरेली शरीफ से कव्वाल पार्टियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम की शुरुआत शाम 7 बजे लंगर से हुई। इसके बाद रात 8 बजे कव्वाली का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात करीब 3 बजे तक चला। कव्वाली सुनने के लिए दूरदराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भीड़ को देखते हुए भीरा पुलिस मौके पर तैनात रही। बरेली शरीफ से आए मशहूर कव्वाल सारिफ अली साबरी, सोहराब साबरी और मिजाज वारसी ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

कव्वालों ने 'या जिंद बाबा' की सदा के साथ सूफियाना कलाम पेश किए, जिससे श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। दरगाह परिसर में रात भर रौनक बनी रही। दरगाह पर पहुंचे सभी जायरीनों के लिए लंगर का विशेष इंतजाम किया गया था। शाम 7 बजे से शुरू हुए इस लंगर में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

क्षेत्र के समस्त ग्रामवासियों और अकीदतमंदों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। देर रात तक चले इस आध्यात्मिक आयोजन के दौरान पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद रही और कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## सीएम के जन्मदिन पर सिख समाज ने की अरदास, काटा केक



**बिजुआ खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर क्षेत्र में जगह-जगह कार्यक्रम किए गए। 137 विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि एवं जिला महामंत्री अ0 मो0 अवतार सिंह राय ने अपने आवास पर सहयोगियों के साथ विशेष पाठ व अरदास कराई। अवतार सिंह राय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए पाठ करवाया गया। इस दौरान प्रदेश की खुशहाली और विकास के लिए भी अरदास की गई।

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**पलिया कलां-खीरी।** देश और प्रदेश में लगातार हो रहे पेपर लीक और बदहाल शिक्षा व्यवस्था के विरोध में शनिवार को प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्रों एवं सरकारी नौकरियों के अभ्यर्थियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित छात्र नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुंचे और मुख्यमंत्री तथा उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी डॉ. अवनीश कुमार को सौंपा। ज्ञापन में छात्रों ने शिक्षा मंत्री के तत्काल इस्तीफे और पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग की। छात्रों ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, विद्युत निगम भर्ती, पुलिस भर्ती और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा सहित 30 से अधिक बड़ी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हो चुके हैं, जिससे लाखों युवाओं की मेहनत, समय और धन बर्बाद हुआ है। छात्रों ने इसे शिक्षा विभाग की बड़ी विफलता बताते हुए कहा कि बार-बार परीक्षाएं निरस्त होने से युवा बेरोजगारी, मानसिक तनाव और आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने मांग की कि भविष्य में प्रश्नपत्र लीक रोकने के लिए कठोर कानून बनाया जाए, जिसमें दोषियों के खिलाफ संपत्ति जब्ती और कड़ी सजा का प्रावधान हो।



## रात में वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित

**पलिया कलां-खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र से गुजरने वाले दुधवा-गौरीफंटा मार्ग पर अब रात के समय वाहनों का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। वन्य जीवों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दुधवा टाइगर रिजर्व के उप-निदेशक जगदीश आर0 ने 5 जून को इस संबंध में आदेश जारी किए, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। आदेश के अनुसार दुधवा-गौरीफंटा रोड प्रतिदिन शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान केवल एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को ही मार्ग से गुजरने की अनुमति होगी। रात के समय यात्रियों के लिए दुधवा-चंदनचौकी मार्ग वैकल्पिक रास्ते के रूप में खुला रहेगा।

## वनवास प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु

**बिजुआ-खीरी।** ग्राम पिपरिया गंगा में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव के छठे दिन शुक्रवार को भगवान श्रीराम के वनवास प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। कथा स्थल पर दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कथावाचक आचार्य सोनू त्रिवेदी ने भगवान श्रीराम के वनगमन, माता सीता और लक्ष्मण के त्याग तथा केवट प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा और आदर्शों का प्रतीक है, जिससे हर व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए। साथ ही वन जीवन की मर्यादाओं और मानवीय मूल्यों पर भी प्रकाश डाला। दूसरी ओर, यज्ञाचार्य चंदन जी महाराज के निर्देशन में चल रहे यज्ञ अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति के अनुसार शनिवार को कथा का अंतिम दिवस होगा। इस अवसर पर विशाल भंडारे के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न होगी और सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का विधिवत समापन किया जाएगा।

## किचन में निकला कोबरा, रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ा

**पलिया कलां-खीरी।** संपूर्णानगर क्षेत्र के ग्राम पटीहन सेंटर में एक घर के किचन में जहरीला कोबरा सांप निकल आने से हड़कंप मच गया। समय रहते सांप दिखाई देने से बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम पटीहन सेंटर निवासी केहर सिंह की पत्नी रसोई में फ्रिज के पास पहुंचीं तो वहां बैठे कोबरा ने फुंकार मार दी। सांप को देखकर वह घबरा गईं और तुरंत बाहर निकल आईं। घटना के समय केहर सिंह किसी कार्य से पलिया गए हुए थे। पत्नी से सूचना मिलने पर उन्होंने तत्काल राम गोविंद रेस्क्यू टीम को जानकारी दी। सूचना मिलते ही टीम के सदस्य राम गोविंद और संदीप मौके पर पहुंचे तथा किचन में छिपे कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू किया। सांप पकड़े जाने के बाद परिवार और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। रेस्क्यू टीम ने कोबरा को अंबेडकर नगर जंगल के पास नहर किनारे सुरक्षित प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया। टीम ने लोगों से सतर्क रहने और सांप दिखने पर विशेषज्ञों को सूचना देने की अपील की।



## नवविवाहिता के लापता होने से परिजन परेशान

स्वतंत्र भारत

**मितौली-खीरी।** थाना क्षेत्र की पुलिस पिकेट पिपरझला के ग्राम जोगियापुर निवासी लोकराम राठौर ने अपनी नवविवाहिता पुत्री के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का आरोप ससुराल पक्ष पर लगाया है। पीड़ित पिता का कहना है कि उनकी पुत्री का विवाह 29 अप्रैल 2026 को मितौली कस्बा निवासी ब्रजेश कुमार राठौर पुत्र मदन लाल के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार दान-दहेज देकर संपन्न कराया गया था।

आरोप है कि विवाह के लगभग एक माह बाद, 29 मई 2026 को उनकी पुत्री अचानक लापता हो गई। परिजनों का कहना है कि उन्हें आशंका है कि ससुराल पक्ष को उसकी जानकारी है, लेकिन अब तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पिता लोकराम राठौर ने अपनी पुत्री की तलाश के लिए विभिन्न स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। पीड़ित पिता के अनुसार उन्होंने 30 मई 2026 को थाना मितौली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की दरख्वास्त की थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसके बाद 2 जून 2026 को पुनः मितौली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए इंसाफ की गुहार लगाई गई। आरोप है कि इसके बावजूद मामले में अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। परिजन अपनी पुत्री की सलामती को लेकर बेहद परेशान और बेकरार हैं तथा पुलिस से शीघ्र खोजबीन और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। पीड़ित पिता का कहना है कि वह अपनी पुत्री की तलाश और न्याय की उम्मीद में पुलिस अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

## भुईहारे बाबा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**मितौली-खीरी।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिवपुरी में आयोजित भुईहारे बाबा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला मंत्री एवं गन्ना समिति मैगलगंज के अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही क्षेत्र में खेल प्रेमियों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुख्य अतिथि ब्रजेश सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित ऐसे टूर्नामेंट प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला शिवपुरी और जगदीशपुर की टीमों के बीच खेला गया। मैच में शिवपुरी के कप्तान फैयाज गाजी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मैदान पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन शिवपुरी कमेटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुनीश राठौर, शत्रोहन सिंह, मझिले सिंह, लोकराम राठौर, छोटे सिंह, संजयकांत मिश्र, पवन सिंह, अंकित सिंह, ज्ञानपाल सिंह, सोल्जर राज सहित ग्राम पंचायत शिवपुरी के सदस्य और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### जनसमस्याओं को लेकर सपा ने सौंपा ज्ञापन



**निघासन-खीरी।** समाजवादी पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता शनिवार को राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक आर.एस. कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल तथा विधानसभा अध्यक्ष भण्डारी यादव के नेतृत्व में तहसील पहुंचे और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून-व्यवस्था, किसानों को यूरिया खाद की कमी, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतें, युवाओं की बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, विद्युत कटौती और बाढ़ जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। सपा नेताओं ने किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, पेट्रोल-डीजल के दाम कम करने, नीट पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने, गन्ना किसानों का बकाया भुगतान कराने तथा जंगल से सटे क्षेत्रों में तारबाड़ लगाने की मांग की। साथ ही वन्यजीव हमलों में मृतकों के परिजनों को 20 लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की भी मांग उठाई। नेताओं ने चेतावनी दी कि जनहित की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकिसं ने सौंपा ज्ञापन

**पासगवां-खीरी।** भारतीय किसान संघ (अवध प्रांत) की लखीमपुर-खीरी इकाई ने किसानों और ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी, पसगवां को सौंपा। संगठन ने खाद संकट, बिजली कटौती, गन्ना भुगतान, प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान और जल निकासी जैसी समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में सहकारी समितियों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, उर्वरकों की कालाबाजारी और ओवररेटिंग पर रोक लगाने, ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग की गई है। किसानों ने बजाज शुगर मिलों गोला, पलिया और खंभारखेड़ा पर बकाया गन्ना भुगतान जल्द कराने की भी मांग उठाई। संगठन ने 25 मई को आई आंधी, तूफान और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने, अजवापुर चीनी मिल मार्ग का चौड़ीकरण कराने, डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए गांवों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने, अधूरी गौशालाओं का निर्माण पूरा करने तथा नगर पंचायत पसगवां के बाजार क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। यह ज्ञापन जिला मंत्री उपेंद्र पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष वेद प्रकाश तथा अन्य किसान नेताओं के हस्ताक्षरों के साथ सौंपा गया। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो किसानों के हित में लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में ठगी का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी)।** नगर के वार्ड संख्या-19 के सभासद राजेश अवस्थी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर कथित रूप से अवैध वसूली और ठगी किए जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। सभासद राजेश अवस्थी द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि मरघट रोड निवासी सतीश अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर लंबे समय से प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहा है। आरोप है कि पात्र लाभार्थियों से आवास स्वीकृत कराने, कॉलोनी निरस्त होने से बचाने तथा योजना से जुड़े अन्य कार्य कराने के नाम पर धन की मांग की जा रही है। तहरीर में कहा गया है कि इस बार प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासों का सत्यापन और फोटो अपलोड करने का कार्य नगर पालिका के अधिकृत अवर अभियंता (जेई) को सौंपा गया है।

## अशोक बने उप प्रबंधक



**तिकुनियां-खीरी।** महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज के प्रबन्ध समिति में एक रिक्त पद पर शनिवार को सम्पन्न हुए चुनाव में अशोक कुमार गोयल ने जीत दर्ज की है। प्रबंध समिति में उप प्रबंधक रहे घनश्याम गोयल की मृत्यु हो जाने से रिक्त हुई इस सीट पर शुक्रवार को तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था जिसमे आशीष गर्ग ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। शनिवार को हुए चुनाव में अशोक कुमार गोयल व प्रदीप गर्ग के बीच चुनाव हुआ। चुनाव में 62 मत पड़े जिसमे प्रदीप गर्ग को तीन और अशोक कुमार गोयल को 58 मत मिले एक मत निरस्त हो गया।

## बेघर परिवार की मदद को पहुंचे विधायक

**पलिया कलां-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** ग्राम पुरनपुरवा टापर (पटिहन) निवासी संतराम पुत्र रामप्रसाद के घर में अचानक लगी आग से पूरा आशियाना जलकर राख हो गया। आग की इस घटना में घर में रखा राशन, कपड़े, घरेलू सामान और अन्य जरूरी वस्तुएं नष्ट हो गईं। मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले संतराम के सामने अचानक बड़ा संकट खड़ा हो गया। घटना की जानकारी संतराम की बेटी ने फोन पर विधायक रोमी साहनी को दी। सूचना मिलते ही विधायक ने संबंधित लेखपाल को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन कराने के निर्देश दिए और स्वयं भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। मौके पर पहुंचकर विधायक ने देखा कि भीषण गर्मी में परिवार के सिर से छत छिन चुकी है। खाने-पीने का सामान भी नहीं बचा था और पांच बेटियों के भविष्य को लेकर परिवार चिंतित था। पीड़ित परिवार की स्थिति देखकर विधायक रोमी साहनी ने संतराम की पत्नी सोनी देवी को तत्काल 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। विधायक ने परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा देते हुए सरकार की योजनाओं के तहत दो आवास और सोलर लाइट उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। विधायक की त्वरित सहायता से पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली।



**उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**

पत्रांक :– 380/वि0पा0ख0(लखी0)/ दिनांक : 06.06.2026

अधिकृत एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से निम्न कार्य हेतु अति अल्पकालीन खुली ई0 – निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शुल्क सीधे अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के खाता संख्या 105405012212, आई0एफ0एस0सी0कोड ICIC0001054, बैंक का नाम आई0सी0आई0सी0आई बैंक शाखा लखीमपुर खीरी में जमा करना अनिवार्य है।

निविदा प्रपत्र etender.up.nic.in पर 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है तथा उसी दिन समय 14:00 बजे खोले जायेंगे खुलने की तिथि को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। सम्पूर्ण निविदा या निविदा के किसी भाग को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

1. अति अल्पकालीन खुली ई–निविदा सूचना सं0–03/वि0पा0ख0 (लखी0)/2026–27 दिनांक–16.06.2026 को निविदा खोली जायेगी।

विद्युत पारेषण खण्ड लखीमपुर के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र, लखीमपुर के अन्तर्गत Oil Testing (BDV and PPM) at CPRI Noida/Regional oil testing Laboratory PGCIL-Prayagraj/ ERDA Gururam of different 220/132/33KV Power Transformers installed at different EHV Sub stations of ETD-Lakhimpur संबन्धी कार्य। धरोहर धनराशि रू0–1000.00/– मात्र, निविदा शुल्क (रू0)–590.00/– मात्र।

अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, उ0प्र0 पावर ट्रान्स0 कारपो0 लि0 132 के0वी0 उपकेन्द्र (छाउछ) लखीमपुर–खीरी–262701

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

# भारत को भारत की जीवनशैली ही अपनानी चाहिए



- हृदयनारायण दीक्षित

पृथ्वी व्यथित है। पृथ्वी की व्यथा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी तमाम प्रयास हुए हैं। परसों अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस का आयोजन हुआ। पृथ्वी के अंगभूत जल, वायु, वनस्पति और सभी प्राणी आधुनिक जीवनशैली के हमले के शिकार हैं। पृथ्वी असाधारण संरचना है। 'ऋग्वेद के अनुसार वह पर्वतों का भार वहन करती है। वन वृक्षों का आधार है। वही वर्षा करती है। वह बड़ी और दृढ़ है। प्रकाशवान है।' अमेरिकी विद्वान ब्लूमफील्ड ने अथर्ववेद का अनुवाद किया और पृथ्वी सूक्त की प्रशंसा की 'पृथ्वी ऊंची है, ढलान और मैदान भी हैं। यह वनस्पतियों का आधार है और बहुविधि कृपालु है।' पृथ्वी सूक्त के कवि अथर्वा हैं। अथर्वा कहते हैं 'पृथ्वी का गुण गंध है। यह गंध सबमें है, वनस्पतियों में है। यह पृथ्वी संसार की धारक व संरक्षक है। वह पर्जन्य की पत्नी है। यह विश्वम्भरा है। पृथ्वी पर जन्मे सभी प्राणी दीर्घायु रहें। हम माता पृथ्वी को कष्ट न दें। यह माता है।' पृथ्वी, जल, वनस्पतियों, सभी जीव पर्यावरण चक्र के घटक हैं और जीवन के संरक्षक भी। इनमें वायु महत्वपूर्ण हैं। ऋग्वेद का ऋषि (ऋ0 1.90.6) कवि वायु को ही प्रत्यक्ष ब्रह्म या ईश्वर बताता है 'त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रह्म असि।' वायु प्राण है। वायु से आयु है। विश्व पर्यावरण के सूत्र भारत की ही धरती पर खोजे गए थे। शुद्ध पर्यावरण ही जीवन का आधार है। भारत के जनगणमन की प्राचीन संवेदनशीलता के खो जाने के कारण आज का भारत भूमण्डलीय ताप के खतरे में संवेदनशील है। पुरातन के गर्भ से युगानुकूल अधुनातन का विवेक चाहिए। विकास की भारतीय परिभाषा के सूत्र भी इसी में हैं।

पर्यावरण का असंतुलन विश्व विनाश की आहट है। पृथ्वी अशांत है, भूस्खलन और भूकम्प है। वायु अशांत है, आंधी और तूफान है। जल अशांत है, बाढ़, अतिवृष्टि। अनावृष्टि के कोप हैं। वन उपवन अशांत हैं। अपनी प्राण रक्षा करें तो कैसे करें। सभी जीव अशांत हैं। पक्षी कहां रैन बसेरा बनाएं? यजुर्वेद (यजु 36.17) के कवि ऋषि ने सहस्त्रों वर्ष पहले अभिलाषा की थी 'अंतरिक्ष शांत हो। पृथ्वी शांत हो। वायु और जल शांत हों। वनस्पतियां औषधियां शांत हों। सर्वत्र सब कुछ शांत प्रशांत हों।' यह ऋषि कवि संभवतः भविष्य का ताप उत्ताप देख रहा था। उसने शांतिपाठ के माध्यम से भरतजनों का मार्ग दर्शन किया था। विश्वबैंक आदि संस्थाओं के आंकलन भी ऐसे ही आते हैं। लेकिन दोनो में आधारभूत अंतर है। ऋषि के सामने जी0डी0पी0 गिरावट की समस्या नहीं थी। वह संपूर्ण विश्व का आनंद अभ्युदय ही देख रहा था। मूलभूत प्रश्न है कि आखिरकार क्या वन उपवन उजाड़कर, कंक्रीट के महलो से प्राण वायु, रस या गंध का आनंद ले सकते हैं? ऐसे टिकाऊ विकास में हम टिकाऊ नहीं हैं। हमारा जीवन क्षणभंगुर और विकास टिकाऊ? दुनिया विकास के नाम पर ही नष्ट होने के कगार पर है। विकास की परिभाषा क्या है? क्या हम प्राणलेवा विषभरी वायु में मर जाने के बदले विकास चाहते हैं? क्या हम विकास के नाम पर औद्योगिक कचरे के आर्सेनिक, लेड आदि रसायनों से भरे पानी को पीने के लिए विवश है?

2005 में संयुक्त राष्ट्र का 'सहस्त्राब्दी पर्यावरण आंकलन - मिलेनियम इकोसिस्टम ऐसेसमेन्ट' आया था। इसके अनुसार पृथ्वी के प्राकृतिक घटक अव्यवस्थित हो गए हैं। दुनिया की प्रमुख नदियों में पानी की मात्रा घट रही है। रिपोर्ट में चीन की येलो, अफ्रीका की नील और उत्तरी अमेरिका की कोलराडो नदियों में पानी घटने का उल्लेख था। गंगा यमुना आदि नदियां जलहीन हो रही हैं। पक्षियों की अनेक प्रजातियों नष्ट हो चुकी हैं। जैव विविधता जलवायु का आधार है। अनेक जीव प्रजाति नष्ट हो चुके हैं। इस रिपोर्ट के पहले 2000 ई0 में पेरिस में 'अर्थचार्टर कमीशन' ने पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के 22 सूत्र निकाले थे। लेकिन परिणाम शून्य रहा। पृथ्वी की ताप बढ़त को अधिकतम 2 डिग्री सेल्सियस तक रोकने पर भी सहमति बनी। बीते 150 वर्ष में 0.80 सेल्सियस की वृद्धि पहले हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने आगे 2020 तक उत्सर्जन आंकलन बताए थे। वे तापवृद्धि 2.0 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य के अनुरूप नहीं हैं। वाहन बढ़े हैं। खतरनाक गैसे बढ़ी हैं। वन क्षेत्र घटा है। 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने टिकाऊ विकास के 17 सूत्र लक्ष्य तय किये थे। पर्यावरण भी इनमें महत्वपूर्ण सूत्र है। बदलते भूमण्डलीय ताप ने दक्षिण एशिया को कुप्रभावित किया है। भारत इसी क्षेत्र का प्रमुख हिस्सा है।

> पृथ्वी व्यथित है। पृथ्वी की व्यथा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी तमाम प्रयास हुए हैं। परसों अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस का आयोजन हुआ। पृथ्वी के अंगभूत जल, वायु, वनस्पति और सभी प्राणी आधुनिक जीवनशैली के हमले के शिकार हैं। पृथ्वी असाधारण संरचना है। 'ऋग्वेद के अनुसार वह पर्वतों का भार वहन करती है। वन वृक्षों का आधार है। वही वर्षा करती है। वह बड़ी और दृढ़ है। प्रकाशवान है।' अमेरिकी विद्वान ब्लूमफील्ड ने अथर्ववेद का अनुवाद किया और पृथ्वी सूक्त की प्रशंसा की 'पृथ्वी ऊंची है, ढलान और मैदान भी हैं। यह वनस्पतियों का आधार है और बहुविधि कृपालु है।' पृथ्वी सूक्त के कवि अथर्वा हैं। अथर्वा कहते हैं 'पृथ्वी का गुण गंध है। यह गंध सबमें है, वनस्पतियों में है। यह पृथ्वी संसार की धारक व संरक्षक है। वह पर्जन्य की पत्नी है। यह विश्वम्भरा है। पृथ्वी पर जन्मे सभी प्राणी दीर्घायु रहें। हम माता पृथ्वी को कष्ट न दें। यह माता है।' पृथ्वी, जल, वनस्पतियों, सभी जीव पर्यावरण चक्र के घटक हैं और जीवन के संरक्षक भी। इनमें वायु महत्वपूर्ण हैं।

विश्वबैंक की रिपोर्ट आई है। 'दक्षिण एशियाई हाट स्पाटः तापमान के प्रभाव और जीवर स्तर का परिवर्तन' शीर्षक की रिपोर्ट के अनुसार 'जलवायु परिवर्तन से 2050 तक भारत की जी0डी0पी0 को 2.8 प्रतिशत की क्षति हो सकती है।' रिपोर्ट का मन्तव्य साफ है। बढ़ते तापमान से ऋतु चक्र अव्यवस्थित होगा। कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा होगा। सूखा, बाढ़ और तूफान बढ़ सकते हैं। कृषि को नुकसान होगा। मानव जीवन अव्यवस्थित होगा। एन0एस0बी0सी0 बैंक ने भी दक्षिण एिशया में भारत को सबसे ज्यादा नुकसान वाला क्षेत्र बताया था। बांग्लादेश व पाकिस्तान को कम क्षति वाले क्षेत्र बताए गए थे। रिपोर्ट में उत्तरी, उत्तर पश्चिम के क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के प्रति सर्वाधिक संवेदनशील बताए गए थे। भारत जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों की गिरफ्त में है बावजूद इसके हम भारत के लोग अपनी जीवनशैली में बदलाव को तैयार नहीं हैं। हम परंपरागत प्राकृतिक स्वाभाविक जीवनशैली से दूर हैं।

वैदिक भारत के लोगों की जीवनशैली पर्यावरण प्रेमी थी। तब यही भारत जलवायु और पर्यावरण संरक्षण का अति संवेदनशील भूखण्ड था। धरती से लेकर आकाश तक पर्यावरण की शुद्धता भारत की बेचैनी थी। विश्व इतिहास में पृथ्वी और जल को माता बताने की घोषणा ऋग्वेद के पूर्वजों ने की। उन्होंने पृथ्वी को माता और आकाश को पिता कहा। अथर्ववेद के कवि ऋषि ने 'मात भूमिः पुत्रो अहम् पृथिव्या' की घोषणा की थी। ऋग्वैदिक समाज ने वर्षा के इन्द्र, वरूण आदि कई देवता थे। लेकिन पर्जन्य नाम के वर्षा देव निराले हैं। वे प्रकृति की अनेक शक्तियों से भरेपूरे हैं। समूचे जल प्रपंच के देव है पर्जन्य। ऋग्वेद (1.164) बताते हैं 'सत्कर्म से समुद्र का जल ऊपर जाता है। वाणी जल को कंपन देती है। पर्जन्य वर्षा लाते हैं। भूमि प्रसन्न होती है।' यहां वर्षा पर्जन्य की कृपा है। आकाश पिता हैं। उनका रस पर्जन्य है। पर्जन्य वस्तुतः ईकोलाजिकल साईकिल - पर्यावरण चक्र हैं। तभी तो वे मंत्रों स्तुतियों से ही प्रसन्न नहीं होते। वे पृथ्वी, जल, वायु नदी, वनस्पति और कीट पतिंग सहित सभी प्राणियों के संरक्षण से ही प्रसन्न होते हैं। पर्यावरण के सभी घटकों का संरक्षण ऋग्वैदिक जीवन का सीधा सूत्र है। हम संस्कृति और परम्परा को पिछड़ा बताते हैं, आयातित जीवनशैली को आधुनिक कहते हैं। अपनी प्राचीनता के भीतर से आधुनिकता का विकास नहीं करते। वृक्ष वनस्पतियां पृथ्वी परिवार के अंग हैं। वृक्ष कट रहे हैं। वन क्षेत्र घट रहे हैं। पेड़ कटाई की अनुमति सामान्य कर्मकाण्ड है। पेड़ कटाई की अनुमति में पर्यावरण कोई विषय नहीं होता। नगरों महानगरों के अराजक विस्तार में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई होती है। नगरीय विस्तार की कोई सीमा नहीं है। नगर अपने विस्तार में जल, जंगल और जमीन को निगलते रहते हैं। नगर क्षेत्र विस्तार की पर्यावरण मित्र नीति बनानी चाहिए। पेड़ भी प्राणी है। वे प्रकृति से ही सभी जीवों के लिए प्राणवायु देते है। कथित विकास मानवजीवन से दूर है और उपभोक्तावादी हैं। वैदिक पूर्वज पेड़ों को नमस्कार करते थे। आधुनिक मन को यह हास्यास्पद लग सकता है लेकिन इसकी मूल भूमि पर्यावरण संरक्षण ही है। भारत को भारत की जीवनशैली ही अपनानी चाहिए। क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर की उपासना करते हुए ही जीवन का अविरल प्रवाह संभव है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे)

आगे भी अर्जुन ने 'कृष्ण' कहा। 'कृष्ण' उनका प्रचलित नाम था। ऐसे कई नाम थे जैसे- 'गोपाल'। बहुत से साधक गुरु-गुरु या गुरु का प्रचलित नाम भावुकतावश जपना चाहते हैं; किन्तु प्राप्ति के पश्चात् प्रत्येक महापुरुष का वही नाम है. जिस अव्यक्त में वह स्थित है।

बहुत से शिष्य प्रश्न करते हैं- 'गुरुदेव! जब ध्यान आपका करते हैं तो पुराना नाम 'ओम् इत्यादि क्यों जपें, 'गुरु-गुरु' अथवा 'कृष्ण-कृष्ण' क्यों न कहें। किन्त यहाँ योगेश्वर ने स्पष्ट किया कि अव्यक्त स्वरूप में विलय के साथ महापुरुष का भी वही नाम है. जिसमें वह स्थित है। 'कृष्ण' सम्बोधन था, जपने का नाम नहीं।

योगेश्वर श्रीकृष्ण से अर्जुन ने अपने अपराधों के लिये क्षमायाचना की, उन्हें स्वाभाविक रूप में आने की प्रार्थना की। श्रीकृष्ण मान गये, सहज हो गये अर्थात् उसे क्षमा भी कर दिया। उसने निवेदन किया-

अदृष्टपूर्व हृषितोऽस्मि दृष्ट्वा भयेन च प्रव्यथितं मनो मे।
तदेव मे दर्शय देवरूपं प्रसीद देवेश जगन्निवास ।। 45 ।।

अभी तक अर्जुन के समक्ष योगेश्वर विश्वरूप में हैं। अतः वह कहता है कि मैं पहले न देखे हुए आपके इस आश्चर्यमय रूप को देखकर हर्षित हो रहा हूँ तथा मेरा मन भय से अति व्याकुल भी हो रहा है। पहले तो सखा समझता था, धनुर्विद्या में कदाचित् अपने को कुछ आगे ही पाता था; किन्तु अब प्रभाव देखकर भयभीत हो रहा है। पिछले अध्याय में प्रभाव सुनकर वह अपने को ज्ञानी मानता था। क्या ज्ञानी को कहीं भय होता है? वस्तुतः प्रत्यक्ष दर्शन का प्रभाव ही विलक्षण होता है। सब कुछ सुन और मान लेने के बाद भी सब कुछ चलकर जानना शेष ही रहता है। वह कहता है- पहले न देखे हुए आपके इस रूप को देखकर मैं हर्षित हो रहा हूँ। मेरा मन भय से व्याकुल भी हो रहा है। अतः हे देव! आप प्रसन्न हों। हे देवेश! हे जगन्निवास ! आप अपने उस रूप को ही मुझे दिखाइये। कौन-सा रूप?-

किरीटिनं गदिनं चक्रहस्त- कलर कुमिच्छामि त्वां द्रष्टुमहं तथैव। रात्री का तेनैव रूपेण चतुर्भुजेन महत्ता तिसहस्त्रबाहो भव विश्वमूर्ते ।।46 ।।

क्रमशः...

# कर्नाटक : डीके शिवकुमार के सीएम होने के मायने

- डॉ. सुधीर सक्सेना

28 मई को अंततः कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर सियासत की दरोदीवार पर अटकलों और कयासों के सब्ज़े उगने का दौर तब थम गया, जब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया। इसके लिये उन्होंने अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को अपने सरकारी आवास पर सुबह के नाश्ते पर आमंत्रित किया और बीते तीन साल में उनके सहयोग के लिए आभार जताते हुये कहा कि वह अपरान्ह तीन बजे इस्तीफा देने राजभवन जाएंगे। उन्होंने कांग्रेस विधायकों से जब उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सहयोग की बात कही, तो यह स्पष्ट हो गया कि शिवकुमार उनके उत्तराधिकारी होंगे। मई का महिना शिवकुमार के लिए बड़ा मायने रखता है। उनका जन्म आज से चौसंठ साल पहले 15 मई को कनकपुरा में हुआ था और सन 2023 में मई माह में ही उनके अथक प्रयासों से बीजेपी की येदियुरप्पा- सरकार को अपदस्थ कर कांग्रेस की सत्ता में वापसी हुई थी। यह दीगर है कि जीतोड़ कोशिशों के बाद डीकेएस तब सीएम नहीं बन सके थे और उनसे वरिष्ठ और अनुभवी सिद्धारमैया ने बज़िद बाजी मार ली थी। बहरहाल, 28 मई को डीकेएस को सुबह का ब्रेकफास्ट उनके अपने जन्मदिन और कांग्रेस सरकार की सालगिरह के समारोह के नाश्तों से अधिक सुखद और लज्जतदार लगा होगा, क्योंकि इस रोज उनका पालित सपना या साध पूरी हुई। डीकेएस यानि डोडालाहल्ली केंपेगौड़ा शिवकुमार कर्नाटक के शीर्षस्थ नेताओं में शुमार हैं। वह धनाढ्य हैं, लोकप्रिय हैं, जुझारू और दबंग हैं और कुशल रणनीतिकार हैं। वह महत्वाकांक्षी हैं। करीब चार दशकों का उनका सियासी सफर दिलचस्प और घटनाप्रधान रहा है। वह खांटी कांग्रेसी हैं और सोनिया गांधी के प्रति उनके मन में गहरा सम्मान है। तीन साल पहले कर्नाटक में सत्ता में कांग्रेस की वापसी पर उन्होंने सोनियाजी से अपना कौल निभाने की बात कही थी। डीकेएस का कॉन्फिडेंस लेबेल गज़ब का है। उन्हें जायंट-किलर यूं ही नहीं माना जाता। पहलेपहल उन्हें इस विशेषण से तब नवाजा गया था, जब सन 1989 में सथानूर से एचडी देवेगौड़ा को हराया था। इसी क्रम में उन्होंने एचडी कुमारस्वामी, पीजीआर सिंधिया और अनिता कुमारस्वामी को भारी मतों के अंतर से परास्त किया। देवेगौड़ा परिवार की त्रयी को हराने की तिकड़ी उनके खाते में दर्ज है। सन 2018 में उनकी जीत का अंतर अस्सी हजार से अधिक मतों का था। सन 2019 की भगवा लहर में भी वह अपने भाई डीके सुरेश को लोकसभा के लिए जिताने में कामयाब रहे। उनकी ब्यूह रचना का लोहा उनके विरोधी भी मानते हैं। वह कुबेर राजनेता हैं और सन 2018 में चुनावी हलफनामे में उन्होंने 840 करोड़ की संपत्ति दर्शाई थी। डीकेएस का जीवन संघर्षों से बिंधा रहा है। सन 2017 में उनके दफ्तरों, ठिकानों और बिड़दी में ईगलटन गोल्फ रिजार्ट पर आयकर छापा पड़ा। उनके बंगलौर, चेन्नै, दिल्ली और मैसूरू के 67 ठिकानों पर तीन सौ अफसरों ने अस्सी घंटे छानबीन की। मौके पर सीआरपीएफ की तैनाती हुई। करीब दस करोड़ की संपत्ति जब्त हुई। अग्रिम जमानत के बावजूद तीन सितंबर, 2019 को उन्हें गिरफ्तार किया गया और डेढ़ माह से अधिक का समय उन्हें तिहाड़ जेल में बिताना पड़ा। उन पर मनी लांड्रिंग, कर वंचन, अवैध खनन के आरोप लगे, लेकिन वह डिगे नहीं और सोनिया-राहुल के प्रति अडिग वफादारी के सुबूत देते रहे। दिल्ली में गत दिनों मैराथन बैठकों ने संकेत दिया था कि कर्नाटक की देगची में नेतृत्व परिवर्तन की खिचड़ी पक रही है। सिद्धारमैया ने कहा भी कि वह केंद्रीय नेतृत्व के कहने पर त्यागपत्र दे रहे हैं। कर्नाटक-प्रभारी सुरजेवाला इसे पॉवर-शेयरिंग नहीं मानते, लेकिन यह तय है कि डीकेएस के सब्र का प्याला छलकने की वेला आ सकती थी। कर्नाटक में 224 के सदन में कांग्रेस के 136, बीजेपी 63 और जेडीएस के 18 विधायक हैं। इसके बावजूद कर्नाटक बीजेपी के अध्यक्ष विजयेंद्र के कथन कि कर्नाटक में समय पूर्व चुनाव को कोई रोक नहीं सकता, ने धुकधुकी बढ़ा दी है। सीएम के विधि सलाहकार पोन्नन्ना भी वेट एंड वाच की बात कह रहे हैं, क्योंकि राज्यपाल थावरचंद गहलोत राजधानी के बाहर हैं और मुख्यमंत्री से उनके रिश्ते जगजाहिर हैं। कोई नहीं जानता कि सिद्धारमैया की भूमिका क्या होगी, मगर कांग्रेस के लिए कर्नाटक बड़ा मायने रखता है और तीन साल बाद ही सही डीकेएस के लबों और प्याली के बीच फासला मिटता दीख रहा है। नेतृत्व परिवर्तन के प्रसंग का पटाक्षेप इस तरह हुआ कि शिवकुमार ने सिद्ध के पांव छुवे और सिद्ध ने उन्हें गले लगाया।

## ।। चाणक्य नीति ।।

+++

**अर्थनाशं मनस्तापं गृहिणी चरितानि च।**
**नीचवाक्यं चापमानं मतिमात्र प्रकाशयेत्।।**

बुद्धिमान् व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने धन के नष्ट होने की, मानसिक सन्तान की, पत्नी की दुश्चारित्रता की, किसी नीच व्यक्ति द्वारा व्यंग्य-प्रहार की तथा अपने अपमान की चर्चा किसी से भी न करे। इन बातों को प्रकाशित करने से व्यक्ति निन्दा का पात्र बनता है और लोग उसे तिरस्कार की दृष्टि से देखने लगते हैं।

+++

**धनधान्यप्रयोगेषु विद्यासंग्रहणेष ।**
**आहारे व्यवहारे च त्यक्तलज्जः सुखी भवेत्।।**

धन-धान्य के लेन-देन में, विद्या के संग्रह में, खाने-पीने में तथा हिसाब-किताब में लज्जा व संकोच न करने वाले व्यक्ति सदा सुखी रहते हैं।

+++

**सन्तोषामृततृप्तानां यत्सुखं शान्तचेतसाम्।**
**कुतस्तद्धनलुब्धानामितश्चेतश्च धावताम्।।**

सन्तोषरूपी अमृत को पीकर तृप्त हुए, शान्त चित्त व्यक्तियों को जिस दिव्य सुख की प्राप्ति होती है, धन के लोभ में इधर-उधर भागते-फिरते व्याकुल चित्त व्यक्तियों के भाग्य में वह सुख कहां?

+++

## ।। अमृत कलश।।

### घातक है अहंकार

चित्रसेन महान मूर्तिकार था। उसने अनेक मूर्तियां बनाकर अपने यहां संग्रहीत कर रखी थीं। एक बार राजाज्ञा से लैस कुछ सैनिक उसे बंदी बनाने चले। उसे इसकी पूर्व सूचना मिल गई। सैनिक उसके यहां पहुंचते तब तक वह स्वयं उन मूर्तियों के मध्य मूर्तिवत बनकर बैठ गया। उसके घर पहुंचकर सैनिकों ने बहुत खोजा, लेकिन चित्रसेन कहीं भी नजर नहीं आया। उन सैनिकों में एक कला का पारखी भी था। चित्रसेन की कलाकारी की प्रशंसा करते हुए वह बोला, वाह! कितनी सुन्दर मूर्तियां हैं। चित्रसेन वास्तव में ही महान कलाकार है। अपनी प्रशंसा सुनकर चित्रसेन के चेहरे पर मुस्कान तैर गई। तभी उस सैनिक ने उसकी कला की निंदा करते हुए कहा, माना कि वह महान कलाकार है लेकिन कुछ कमी उसने छोड़ ही दी। यह सुनते ही मूर्तिवत बना चित्रसेन तपाक से बोला, कौन-सी कमी रह गई? इतना कहकर वह तमतमाता हुआ उठ खड़ा हुआ। तभी उस सैनिक ने उसकी कलाई पकड़कर बंदी बना लिया और बोला, बस, यही तो कमी रह गई कि तुम्हारा अहं भाव अभी भी खत्म नहीं हुआ। इस तरह चित्रसेन अपने अहंभाव के कारण बंदी बनकर पछताने लगा।

## काँव-काँव

+++

**वृक्षारोपण में यूपी ने कायम की है मिसाल-योगी**
सरकारी फाइलों में करोड़ों पेड़ लगा दिये गये!

**चुनौतियों को बदलेंगे अवसर में-संजय मल्होत्रा**
जनसाधारण के लिये जिंदा रहना ही चुनौती है!

**मानवता के सामने एआई बड़ी चुनौती-सीजेआई**
एआई सेक्टर का नया हब़ बनेगा भारत -मोदी

**भारत ने दशकों अमेरिका का फायदा उठाया-ट्रंप**
अब जाकर बेचारा अमेरिका बदला ले पाया!

**चौथी तिमाही में भी जीडीपी की शानदार रफ्तार**
देश के कोने कोने में पिटते रहे युवा बेरोजगार!

**दूषित भोजन से दुनिया भर के बच्चों पर खतरा**
दूषित भोजन से बचेंगे तो बमबारी हो रही है!

**मोज्तबा खामेनेई के साथ मुलाकात को ट्रंप तैयार**
खूब गुजरेगी जब मिल बैठेंगे बड़े दीवाने दो..

**दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने बनाया गोल्ड स्टॉक**
हम लोग स्वर्ण में कलियुग का निवास मानते हैं!

+++

# अपने दायित्व में खुद 'फेल' होते शिक्षा मंत्री



- निशिकांत ठाकुर

मुट्ठी से जब रेत फिसलने लग जाए, तो इसके बचाव में हजारों कारण गिनाए जा सकते हैं, लेकिन रेत तो मुट्ठी में है ही नहीं। ऐसा कुछ भारत में ही नहीं, विश्व के लगभग सभी देशों में होता आया है। जिनके साथ ऐसा होता है, वे इसके बचाव में बहाने ढूंढते है और इस कार्य में वे सफल भी हो जाते हैं, क्योंकि जिनका नुकसान हुआ होता है, उनकी पहुंच वहां तक होती नहीं है और वे बिल्कुल कड़क कपड़ों में बेदाग साफ बच निकलते हैं। यहां इस बात का उल्लेख करना उचित होगा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने यही तय किया कि देश में वही राजनीतिज्ञ होते हैं या हो सकते हैं, जो आम जनता के बीच से निकलकर सामने आते हैं, उनके सुख–दुःख में साथ रहते हैं और उनकी भावनाओं को समझते हैं या समझने का प्रयास करते हैं। माना यह भी जाता है ऐसे राजनीतिज्ञ जनहित के लिए राज्य और देश की सबसे बड़ी पंचायत में खड़े होकर उसका हल निकालने के लिए कटिबद्ध भी प्रतीत होते हैं। ऐसे राजनीतिज्ञ अभी भी राजनीति के उच्चतम शिखर पर बैठे हैं और जनहित में उचित निर्णय लेने के लिए सरकार को प्रेरित करते हैं। लेकिन, ऐसे सच्चे नेताओं का प्रतिशत बहुत कम है, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसे नेताओं से सदन भरा पड़ा है जिन्हें राजनीति विरासत में या कृपा के तौर पर मिली है। ऐसे नेता कभी सार्वजनिक जीवन में घुसकर राजनीति करना नहीं सीखते, विरासत में या कृपा से मिली ऊंची झक तौलिये वाली कुर्सी पर विराजमान होकर मलाई काटते हैं और जनता के सुख–दुख, चिंता–तकलीफ से उन्हें कोई लेना देना नहीं होता!

नीट यूजी 2026 पेपर लीक के बाद परीक्षा रद्द किए जाने से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह शुक्रवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के काम करने के तरीके पर गंभीर सवाल उठाए हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि जब तक साफ और व्यक्तिगत स्तर पर जवाबदेही तय नहीं होगी, ऐसी समस्याएं पैदा होती रहेंगी और करोड़ों बच्चों का भविष्य अंधकारमय बना रहेगा। एनटीए जैसी संस्थाओं का एडहॉक स्वरूप एक बड़ी समस्या है और संस्थागत क्षमता विकसित किए बिना सुधार टिकाऊ नहीं होंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने एनटीए को यूपीएससी जैसे संस्थानों से सीख लेने की सलाह देने के साथ यह भी जोड़ा कि एनटीए को अपनी प्रणाली और अनुशासन में सुधार करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने शत–प्रतिशत सही बात कही है, लेकिन उनकी सलाह को अब माने कौन? यदि हम अपनी क्षमता और योग्यता के बलबूते जनता के लिए, समाज के लिए समर्पित कार्य करने के लिए आए हैं, तो निश्चितरूप से हम किसी कमी को निजी जिम्मेदारी मानते हुए निर्वाह करते हैं और यदि हम संविधान की शपथ लेकर आए हैं, तो उसका पालन करते, लेकिन यदि हम पैराशूट या बैसाखी से इम पर उतर आए हैं तो हमारे लिए संविधान के प्रति शपथ लेने का कोई अर्थ नहीं रह जाता। शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि अगले वर्ष से एक बड़ा कदम उठाया जाएगा, जिसमें दसवीं और बारहवीं के बोर्ड रिजल्ट आते ही सीबीएसई की ओर से मार्कशीट सीधे छात्र के डिजिलॉकर अकाउंट में भेजी जाएगी। ठीक इसी तरह 2027 से मार्कशीट के साथ–साथ आंसरशीट की स्कैन कॉपी भी डिजीलॉकर में भेजी जाएगी। छात्र इसके बाद पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकेंगे। यह संदेश भविष्य में छात्रों को राहत देगा।

अब यह जानते हैं कि जिस पेपर लीक को लेकर आज देश अशांत बना हुआ है और जिनकी असफलताओं का झंडा आज देश–विदेश में लहरा रहा है, वे कौन हैं और उनकी शिक्षा व्यवस्था कैसी हो सकती है। हम अपने देश के केंद्रीय शिक्षा मंत्री की बात कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भुवनेश्वर के उत्कल विश्वविद्यालय से मानव विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है। वह मूल रूप से ओडिशा के अंगुल जिले के रहने वाले हैं और उनके पिता डॉ. देबेन्द्र प्रधान भी भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। धर्मेंद्र प्रधान ने 1983 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। वे 2004 में देवगढ़ (ओडिशा) से 14वीं लोकसभा के लिए सांसद चुने गए। इसके बाद वे मध्य प्रदेश और ओडिशा से राज्यसभा के सदस्य भी रहे हैं। केंद्र में शिक्षा मंत्री बनने से पहले, उन्होंने 2014 से 2021 तक केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री और कौशल विकास मंत्री के रूप में कार्य किया। धर्मेंद्र प्रधान जुलाई 2021 से केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पदभार संभाल रहे हैं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में उनकी प्रमुख भूमिका रही है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल (2021 से अब तक) में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक और उनमें धांधली के कई मामले सामने आए हैं, हालांकि इस तरह के घोटालों की कोई आधिकारिक या सर्वमान्य संख्या मौजूद नहीं है। विपक्ष और छात्र संगठनों ने उनके कार्यकाल के दौरान दर्जनों या 80 से अधिक बार (विभिन्न राज्य स्तरीय परीक्षाओं सहित) पेपर लीक होने का दावा किया है। धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल में हुए कुछ सबसे प्रमुख और विवादित पेपर लीक/धांधली के मामलों में मेडिकल प्रवेश परीक्षा के पेपर लीक और धांधली के गंभीर आरोप लगे। इन मामलों के चलते देशभर में भारी आक्रोश देखा गया जिसकी सीबीआई जांच जारी है। जून 2024 में आयोजित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा को 'अखंडता से समझौता' होने के कारण परीक्षा के एक दिन बाद ही रद्द कर दिया गया था कई राज्यों (जैसे राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश आदि) में भी विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं, जिनमें कुछ केंद्रीय स्तर की परीक्षाओं की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठे हैं। इन व्यापक अनियमितताओं के कारण विपक्ष और छात्र संगठनों द्वारा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की लगातार मांग की जाती रही है सरकार की ओर से इन मामलों में सख्ती दिखाते हुए जांच के आदेश, सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम लागू करने और उच्चस्तरीय कमेटियों के गठन जैसे कदम उठाए गए हैं। देश में स्वतंत्रता के बाद से अब तक (2026 तक) कुल 31 केंद्रीय शिक्षा मंत्री (पूर्ववर्ती मानव संसाधन विकास मंत्री सहित) रह चुके हैं। इनमें सबसे चर्चित शिक्षामंत्री के रूप में धर्मेंद्र प्रधान का नाम लिया जा रहा है । एक राष्ट्रीय समाचार पत्र को साक्षात्कार देते हुए शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नींट के पेपर लीक बच्चों के मुद्दों पर राजनीति नहीं हो। हालांकि, कुछ कमियां जानकारी में आई हैं, जिसकी जिम्मेदारी हम लेते हैं। यह एक अच्छा संदेश देशभर के छात्रों के लिए है कि शिक्षामंत्री ने खामियों को स्वीकार किया। लेकिन, मामला इतने से ही शांत होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। अब छात्र यह कह रहे हैं रोजगार के लिए देश में युवा भटकर अपने जीवन को कोस रहे हैं और कुछ देश के लिए घातक अधिकारियों, नेताओं और दलाल अपने घर को धन से पाट रहे हैं। यहां यही बात हुई कि इतने वर्षो में एक दलाल की संस्था ने अपना दबदबा बनाए रखा और देश के नौजवानों के भविष्य को अंधकारमय करता रहा। अब देश की शिक्षा को पूर्ण नियत्रण करने वाला मंत्री और अधिकारी युवाओं के भविष्य को अधर में लटकाकर मस्ती का जीवन जी रहा है। सच में यह तर्क उचित नहीं है। इसकी सजा यदि देश के लाखों छात्रों के भाग्य को अंधकारमय कर रहा है, तो फिर उसका एक नियंत्रक जो झक सफेद तौलिये से लिपटी कुर्सी पर बैठा है, वह क्या युवाओं के लिए आगे हितकारी हो सकता है! सच तो यह भी है कि इस तरह के मंत्री अपने वंशवाद के नाम पर राजनीति करते हैं और उसी के बल पर वह सत्ता से चिपके रह जाते हैं; क्योंकि वे जानते है कि उनकी बैसाखी काफी मजबूत है और कोई भी उनकी कुर्सी को छीन नहीं सकता, उससे इस्तीफा नहीं ले सकता। वैसे, विपक्षी नेताओं और कई छात्र संगठनों ने शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग करने लगे हैं, लेकिन देखना अब यह है कि क्या युवाओं का भविष्य यूं ही अंधकारमय बना रहेगा और उनसे जुड़े अधिकारियों और मंत्रियों पर कभी गाज भी गिरेगी?

# दिल की सेहत के लिए अपनाएं ये आदतें

दिल हमारे शरीर का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो लगातार धड़कते हुए हमें जीवन देता है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में युवाओं में हार्ट अटैक और दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ा है। खासकर 30-40 की उम्र के लोग अधिक प्रभावित हो रहे हैं। खराब जीवनशैली, अनहेल्दी खानपान, और तनाव जैसे कारण दिल की सेहत पर



बुरा असर डालते हैं। फिर भी, कुछ ऐसी आदतें हैं, जो दिल को स्वस्थ बनाए रखती हैं और हार्ट अटैक का खतरा कम करती हैं।

किन आदतों से दिल की सेहत बनी रहती है? **स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं-** आजकल की जीवनशैली में देर रात तक जागना, सुबह देर से उठना, और फास्ट फूड खाना आम हो गया है। ऐसे में शरीर को आराम नहीं मिल पाता और धीरे-धीरे मोटापा, ब्लड प्रेशर, और डायबिटीज जैसी समस्याएं जन्म लेने लगती हैं। जो लोग समय पर सोने और जल्दी उठने की आदत अपनाते हैं, उनके शरीर की एनर्जी और मेटाबॉलिज्म बेहतर रहते हैं। स्वस्थ जीवनशैली में संतुलित दिनचर्या शामिल होती है, जैसे कि पर्याप्त आराम, उचित व्यायाम, और स्वस्थ खानपान। इसका पालन करने से दिल की सेहत लंबे समय तक अच्छी बनी रहती है और हार्ट अटैक जैसी समस्याओं का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। **संतुलित आहार का सेवन करें-** स्वस्थ दिल के लिए संतुलित आहार का सेवन बेहद आवश्यक है। ऐसा आहार जिसमें विटामिन्स, मिनरल्स, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स हों, वह दिल की सेहत के लिए लाभकारी होता है। संतुलित आहार में फलों और सब्जियों के साथ, साबुत अनाज और ओमेगा-3 फैटी एसिड युक्त खाद्य पदार्थ जैसे मछली और नट्स शामिल करें। ये चीजें न केवल दिल को मजबूती देती हैं बल्कि खराब कोलेस्ट्रॉल को भी कम करती हैं, जिससे धमनियों में रुकावट नहीं होती और ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है।

**नियमित एक्सरसाइज करें-** दिल को स्वस्थ रखने के लिए नियमित एक्सरसाइज करना बहुत जरूरी है। व्यायाम करने से दिल की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और पूरे शरीर में रक्त संचार बेहतर होता है। रोजाना 30 मिनट की वॉक, जॉगिंग, साइकिलिंग, या स्विमिंग जैसी एक्टिविटीज से दिल की क्षमता बढ़ती है। एक्सरसाइज से शरीर में कैलोरी बर्न होती है और तनाव भी कम होता है, जो दिल की सेहत के लिए फायदेमंद है। इससे हृदय रोगों का खतरा भी कम होता है और शरीर को अधिक समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। **तनाव को नियंत्रित रखें-** जिंदगी के प्रेशर और तनाव का दिल पर गहरा असर पड़ता है। तनाव के कारण शरीर में कोर्टिसोल नामक हार्मोन बढ़ जाता है, जिससे ब्लड प्रेशर और हृदय गति पर असर पड़ता है। जो लोग तनाव को नियंत्रित रखते हैं, उनके दिल की सेहत बेहतर रहती है। तनाव को कम करने के लिए ध्यान, मेडिटेशन, योग, और गहरी सांसें लेना उपयोगी होता है। रोजाना कुछ समय निकालकर मानसिक शांति के लिए काम करें, जैसे कि किताब पढ़ना, संगीत सुनना, या किसी शौक को समय देना। यह दिल को स्वस्थ रखने में सहायक साबित होता है।

**अच्छी नींद लें-** अच्छी नींद दिल की सेहत के लिए महत्वपूर्ण है। जब हम सोते हैं तो दिल को भी आराम मिलता है और रक्त संचार सही रहता है। रोजाना 7-8 घंटे की गहरी नींद लेने से दिल पर तनाव नहीं पड़ता और शरीर का ऊर्जा स्तर भी बेहतर रहता है। यूरोपियन हार्ट जर्नल में प्रकाशित एक रिसर्च के अनुसार, रात में जल्दी सोने और सुबह जल्दी उठने से हार्ट डिजीज का खतरा कम होता है। अच्छी नींद का मतलब न सिर्फ समय पर सोना बल्कि बिना किसी रुकावट के गहरी नींद लेना भी है।



# ऑफिस लुक को नया ट्विस्ट देंगे क्लासिक आउटफिट्स

ऑफिस में स्टाइल और प्रोफेशनलिज्म का सही संतुलन बनाना जरूरी होता है। एक अच्छा लुक आपकी पेशेवर इमेज को निखार सकता है और आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ा सकता है। इसलिए, यहां हम आपके लिए कुछ बेहतरीन आउटफिट्स की चर्चा कर रहे हैं, जिन्हें आप अपने ऑफिस वार्डरोब में शामिल कर सकते हैं। ये सभी आउटफिट्स स्टाइलिश होने के साथ-साथ क्लासी भी हैं, जो कभी भी ट्रेंड से बाहर नहीं होते।

**फिटेड ब्लेजर-** फिटेड ब्लेजर हर ऑफिस वार्डरोब का एक अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए। यह किसी भी आउटफिट को तुरंत ऊंचा उठा देता है और आपको एक शार्प प्रोफेशनल लुक प्रदान करता है। आप इसे ट्राउजर, स्कर्ट या यहां तक कि ड्रेस के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं। क्लासिक रंग जैसे ब्लैक, नेवी और ग्रे चुनना हमेशा सुरक्षित होता है। यह न केवल आपको स्मार्ट दिखाता है, बल्कि इसे आसानी से विभिन्न अवसरों पर पहना जा सकता है।

**पेंसिल स्कर्ट-** पेंसिल स्कर्ट एक शानदार विकल्प है, जो आपको एक प्रोफेशनल और फेमिनिन लुक देता है। आप अपने कंफर्ट के अनुसार घुटनों के ऊपर या घुटने पर आने वाली स्कर्ट चुन सकती हैं। ब्लैक पेंसिल स्कर्ट कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होती, लेकिन नेवी और बेज जैसे रंग भी अच्छे विकल्प हैं। इसमें आप प्लेन स्कर्ट के अलावा पिनस्ट्राइप या चेक जैसे पैटर्न भी शामिल कर सकती हैं, जो आपके लुक को और भी आकर्षक बनाते हैं।



**व्हाइट शर्ट-** व्हाइट शर्ट हर किसी के ऑफिस वार्डरोब में अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। यह न केवल एक टाइमलेस क्लासिक है, बल्कि इसे आप कई तरीकों से स्टाइल करके हर दिन एक नया लुक भी बना सकती हैं। इसे ब्लैक पेंसिल स्कर्ट के साथ या ट्राउजर और ब्लेजर के साथ पेयर किया जा सकता है। यह आपके प्रोफेशनल लुक को एक परफेक्ट टच देने में मदद करता है।

**सिगरेट पैंट**

सिगरेट पैंट एक कंफर्टेबल और स्टाइलिश ऑप्शन है, जो आपको एक स्लीक लुक प्रदान करता है। न्यूट्रल कलर में एंकल लेंथ पैंट को शर्ट के साथ पहनें और चाहें तो इसे ब्लेजर के साथ लेयर कर सकती हैं। इसे हील्स या लोफर्स के साथ पहनकर अपने लुक को पूरा करें। यह आउटफिट न केवल आपको आरामदायक महसूस कराएगा, बल्कि आपकी स्टाइल स्टेटमेंट को भी बढ़ाएगा।

# अपने आप से बातें कर बनें खुद के दोस्त



आज उठने का मन नहीं है, यार मैं क्या करूं कुछ समझ नहीं आ रहा। इस तरह की बातें आप रोजाना अपने आप से करते ही होंगे। पर आपको ये मालूम है कि खुद से बात करना आपके लिए कितना फायदेमंद है। यह एक एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें आप अपने विचारों, भावनाओं, और योजनाओं पर खुद से संवाद करते हैं। यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। खुद से बातें करना न केवल आत्म-जागरूकता बढ़ाता है, बल्कि तनाव कम करने और बेहतर निर्णय लेने में भी मदद करता है। चलिए जानते हैं इसके और भी फायदे-

**खुद से बात करने के फायदे**

**आत्म-जागरूकता बढ़ती है :** अपने विचारों और भावनाओं को समझने का मौका मिलता है। यह जानने में मदद मिलती है कि आप क्या चाहते हैं और क्या नहीं। **तनाव और चिंता कम होती है :** खुद से बात करने से दिमाग शांत होता है। यह भावनाओं को व्यक्त करने और नकारात्मक विचारों को दूर करने का जरिया बनता है। **आत्मविश्वास बढ़ता है :** खुद को सकारात्मक बातें कहने से आत्मविश्वास बढ़ता है। कठिन परिस्थितियों में भी खुद को संभालने की क्षमता बढ़ती है। **समस्याओं का समाधान मिलता है :** खुद से चर्चा करने से आप अपने मुद्दों को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। नए और रचनात्मक समाधान खोजने में मदद मिलती है। **निर्णय लेने में मदद करता है :** खुद से सवाल पूछने और जवाब देने से आप सही निर्णय ले सकते हैं। **भावनाओं को संतुलित करता है :** अपने गुस्से, दुख, और डर को समझने और प्रबंधित करने में मदद करता है। **मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है :** यह तनाव, डिप्रेशन, और नकारात्मकता को कम करने में मददगार है। खुद से बात करने के तरीके **एकांत में समय बिताएं :** ऐसी जगह चुनें जहां आप अकेले और शांत महसूस कर सकें। ध्यान, योग, या मेडिटेशन के दौरान खुद से बातें करना सबसे अच्छा तरीका है। **खुद से सवाल पूछें :** जैसे- मैं इस समय कैसा महसूस कर रहा/रही हूं? आज का दिन कैसा रहा? इस समस्या का समाधान क्या हो सकता है? **आईने के सामने बात करें :** आईने के सामने खड़े होकर खुद से बात करने से आत्मविश्वास बढ़ता है। यह आपको अपनी भावनाओं और विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने में मदद करता है। **अपने विचार लिखें :** जर्नल या डायरी में अपने विचारों और भावनाओं को लिखें। लिखने से आपका दिमाग व्यवस्थित होता है। **ध्यान करें :** ध्यान करने के दौरान अपने अंदर की आवाज को सुनें। खुद को बेहतर तरीके से समझने का यह एक शक्तिशाली तरीका है। **कल्पना करें :** अपनी भविष्य की योजनाओं और लक्ष्यों की कल्पना करें। इससे आप अपने उद्देश्य को स्पष्ट रूप से समझ सकते हैं। **नकारात्मकता को चुनौती दें :** अगर कोई नकारात्मक विचार आता है, तो खुद से पूछें, क्या यह सही है? खुद को प्रेरित करें और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। **खुद से बात करते समय ध्यान देने योग्य बातें:-** - हमेशा सकारात्मक भाषा का उपयोग करें। - खुद को नीचा दिखाने वाली बातें न कहें। - इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। - खुद को प्रोत्साहित करने वाले शब्द कहें। खुद से बातें करना आत्म-विकास और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है। यह प्रक्रिया आपको आत्म-जागरूक बनाती है, आपके आत्मविश्वास को बढ़ाती है, और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करती है। इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें और अपने जीवन में बदलाव महसूस करें।

# जीवन की दिशा निर्धारण में विचारों की अहम भूमिका



-डॉ. आशा रस्तोगी

मन में आने वाले विचार की आयु एक पल की होती है, परंतु उससे उत्पन्न होने वाले प्रभाव को हम जीवन पर्यंत अनुभव करते हैं। मन में उदित होने वाला विचार यद्यपि क्षणिक होता है, पल भर में प्रकट होकर विलीन हो जाता है किंतु उसकी तरंगें जीवन के अनंत सागर में दूर तक अपनी छाप छोड़ जाती हैं। विचार मात्र मानसिक स्पंदन नहीं, अपितु वे सूक्ष्म औषधि के समान हैं, जो अदृश्य रहते हुए भी अंतर्मन को उपचारित करते हैं या फिर आहत कर जाते हैं। शुभ विचार मन को प्रफुल्लित कर आत्मा में शांति का संचार करते हैं और अशुभ विचार चित्त को मलिन कर जीवन की आभा को मंद कर देते हैं। अतः मन के द्वार पर सजग प्रहरी बन कर यह चुनना आवश्यक है कि हम किन विचारों को प्रवेश दें, क्योंकि विचार ही वे बीज हैं, जिससे हमारे जीवन का उद्यान पुष्पित या विषाक्त होता है। स्वस्थ्य और सकारात्मक विचारों से साधक में चरित्र की उच्चता, चिंतन की शुद्धता एवं आचार की पारदर्शिता आती है और जीवन- सिद्धि, श्रेष्ठता का मार्ग प्रशस्त होता है। अतः जीवन में विचार संपन्नता रहे। आचरण की श्रेष्ठता से ही वैचारिक संपन्नता आती है। हम कुछ और नहीं, अपने द्वारा बोई हुई फसल का उत्पादन हैं। जैसा विचार बीज मस्तिष्क में बोया जाएगा, वैसा ही जीवन बनेगा।



जिसप्रकार वृक्ष के उगने के लिये बीज अनिवार्य है, उसी प्रकार हर कार्य के मूल में भी एक बीज होता है, वह है विचार।

जैसा बीज वैसा पौधा तथा जैसा विचार वैसा कर्म। विचार बीज की तरह से है। विभिन्न बीजों में हर एक का अलग अलग गुण-धर्म होता है। हर बीज अपना गुण धर्म लेकर पनपता है। बीज जिस जाति का होता है, उस जाति का फल देना उसका स्वभाव होता है। मनुष्य हर कर्म किसी न किसी विचार के वशीभूत होकर करता है। अतः विचारों का बड़ा महत्त्व है। विचार ही हमारे जीवन की दशा और दिशा निर्धारित करते हैं। विचारों का उद्गम स्थल है हमारा मन। अतः मन पर नियंत्रण द्वारा हम अनुचित विचारों पर रोक लगा सकते हैं। अच्छे विचारों से मन को आप्लावित कर सकते हैं। यदि जीवनरूपी बगिया को सुंदर बनाना है, उसे रंगों से आप्लावित करना है तथा उसे भीनी- भीनी सुगंध से सुगंधित करना है, तो मन रूपी बगिया में चुन चुनकर अच्छे विचारों का बीजारोपण करिए और सकारात्मक सोच के पौधे लगाइए। सफल जीवन जीने की आकांक्षा यदि साकार करनी है तो पहला कदम आत्म निरीक्षण से उठाना चाहिए। अपने विचारों, मान्यताओं, आस्थाओं और अभिमान की समीक्षा करनी चाहिए और उनमें जितने भी अवांछनीय तत्व हों उनके उन्मूलन हेतु जुट जाना चाहिए। यह तभी संभव है जब उनकी स्थान पूर्ति के लिए सद्विचारों के आरोपण की व्यवस्था बना ली जाए। विचार परिवर्तन के आधार हैं-संयम, सेवा, स्वाध्याय, सत्संग, साधना एवं स्वात्मोत्थान। अतः जब इन्हें अपनाया जाएगा तो जीवन का स्वरूप बदलेगा और अवसाद उत्कर्ष में परिणत होगा।

# फटी एड़ियों को सॉफ्ट और स्मूद बनाने के घरेलू उपाय

कुछ घरेलू उपाय अपनाकर आप फटी एड़ियों को फिर से सॉफ्ट और चिकना बना सकती हैं। इन सभी चीजों को एक बाउल में सही अनुपात में डालकर अच्छे से मिला लें। आप चाहें तो इन सामग्रियों को माइक्रोवेव में हल्का गर्म कर सकती हैं या फिर डबल बॉयलर का इस्तेमाल कर सकती हैं। ध्यान रखें कि मिश्रण हल्का गुनगुना ही रहे, न बहुत गरम हो। मुलायम और सॉफ्ट एड़ियां बनाने के लिए तरीका- मिश्रण तैयार करने के बाद, इसे अपनी फटी एड़ियों पर अच्छे से लगाएं। इस मिश्रण को कम से कम 20 मिनट तक एड़ियों पर लगा रहने दें ताकि यह त्वचा में अच्छे से समा जाए। 20 मिनट के बाद इसे हल्के हाथों से साफ कर लें। **फायदे :** यह आपकी एड़ियों को मुलायम, चिकना और शाइनी बनाएगा। स्किन की ड्राईनेस को कम करेगा और त्वचा को नमी देगा। नियमित रूप से इस ट्रीटमेंट के इस्तेमाल से आपके पैरों की त्वचा स्वस्थ और कोमल बनेगी। यह घरेलू उपाय न केवल आपकी एड़ियों को ठीक करता है, बल्कि इससे आपके पैरों की त्वचा को भी कई फायदे होते हैं। तो अगर आप भी फटी एड़ियों से परेशान हैं, तो यह आसान और सस्ते उपाय जरूर आजमाएं और अपने पैरों को दें एक नई जान।

**फटी एड़ियों को मुलायम बनाने के लिए जरूरी सामग्री**

- वैसलीन - 1 बड़ा चम्मच
- नारियल तेल - डृ छोटा चम्मच
- विटामिन ई कैप्सूल - 2
- पिघला हुआ मोम - थोड़ी सी मात्रा



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**रविवार, 7 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ॠतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, सप्तमी तिथौ रवि वासरे 27/25/ धनिष्ठा नक्षत्रे 07/56/ वैधृति योग 10/02/ भद्रा करणे 15/09/ कुंभ राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार- पंचक। भद्रा समाप्त घं.15मि.09पर।

**मेष :** नए आर्थिक निवेश में रुचि रहेगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा। शिक्षा प्रतियोगिता से लाभ होगा। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृष :** उद्योग व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। यात्रा-वाहन पर व्यय होगा।

**वृश्चिक :** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

**मिथुन :** रचनात्मक कार्यों पर व्यय होगा। परिजनों की चिंता रहेगी। सुसंगति लाभ होगा। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

**धनु :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेंगे। बौद्धिक विकास होगा।

**कर्क :** आकस्मिक लाभ होगा। सत्परामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारोबारी विषमता दूर होगी।

**मकर :** मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्कों में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

**सिंह :** आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

**कुंभ :** जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या :** मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे।

**मीन :** वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

# कितने वर्षों में बदल देनी चाहिए वायरिंग?

इन दिनों देश के कई हिस्सों से आग लगने की डरावनी खबरें आ रही हैं। हाल ही में दिल्ली के मालवीय नगर का मामला हो, या फिर नोएडा, गाजियाबाद और इंदौर से आई आग की घटनाएं, इनमें से अधिकतर जगहों पर हादसे की मुख्य वजह शॉर्ट सर्किट ही रही है। एक छोटा सा शॉर्ट सर्किट पल भर में भीषण आग का रूप ले लेता है, जिससे जान-माल का भारी नुकसान होता है। अक्सर लोग घर की खूबसूरती के लिए अंडरग्राउंड (दीवार के अंदर वाली) वायरिंग करवाकर कई वर्षों के लिए भूल जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दीवार के अंदर छिपे ये तार कब टाइम बम बन जाते हैं और इन्हें कितने वर्षों में बदल देना चाहिए? आइए इस लेक में इसी के बारे में समझते हैं। **वायरिंग बदलने का सही समय-** आम तौर पर एक अच्छी क्वालिटी की अंडरग्राउंड वायरिंग 15 से 20 साल तक सुरक्षित चलती है। अगर आपके घर के निर्माण को 20 साल से ज्यादा का समय हो चुका है, तो बिना किसी बड़े हादसे या खराबी का इंतजार किए, इसे किसी अच्छे इलेक्ट्रिशियन से तुरंत चेक कराना चाहिए। असल में 20 वर्षों के बाद तार कमजोर हो चुके होते हैं, ऐसे में अगर इलेक्ट्रिशियन इसे बदलने का सुझाव दे तो आपको इसे बदल देना चाहिए। **शॉर्ट सर्किट का खतरा कब बढ़ता है-** गर्मियों में एसी, फ्रिज और कूलर एक साथ चलने से जब बिजली का लोड बढ़ता है, तो पुराने और कमजोर तार अंदर ही अंदर पिघलने लगते हैं। इसके साथ ही, दीवारों में आने वाली सीलन (नमी) का पानी जब इन अंदरूनी तारों तक पहुंचता है, तो तारों में स्पार्किंग होने लगती है।

# दक्षिण मुखी मकान भी होते हैं शुभ, बिना तोड़फोड़ के इस तरह दूर करें वास्तुदोष



वास्तु शास्त्र में दक्षिण दिशा को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना गया है। हालांकि दक्षिण मुखी घरों को लेकर कई लोगों में शंका होती है कि ये घर वास्तु के अनुसार शुभ नहीं होते। वास्तु विशेषज्ञ बताते हैं कि सही तरीके और उपायों के अनुसार दक्षिण मुखी घर में भी सकारात्मक ऊर्जा और सौभाग्य का संचार किया जा सकता है। यहां कुछ महत्वपूर्ण वास्तु टिप्स दिए गए हैं जो दक्षिण मुखी घर के लिए लाभदायक हो सकते हैं- मुख्य द्वार का स्थान : दक्षिण दिशा में घर का मुख्य द्वार होने पर इसे सही जगह पर रखना बहुत आवश्यक होता है। द्वार को दक्षिण दिशा में दक्षिण-पूर्व (आग्नेय कोण) के पास रखना शुभ माना जाता है, जबकि दक्षिण-पश्चिम (नैऋत्य कोण) में मुख्य द्वार होने से नकारात्मक प्रभाव आ सकते हैं।

**कमरों का स्थान और सेटअप :** दक्षिण मुखी घर में कमरों की स्थिति का सही ढंग से निर्धारण करना चाहिए। पूजा का स्थान या पूजा कक्ष उत्तर-पूर्व दिशा में रखना उत्तम होता है। रसोई घर को दक्षिण-पूर्व दिशा में और बेडरूम को दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है।

**मुख्य द्वार पर वास्तु दोष निवारण :** दक्षिण मुखी घरों में मुख्य द्वार पर वास्तु दोष निवारण के लिए लक्ष्मी यंत्र, वास्तु पिरामिड या दक्षिणमुखी हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित कर सकते हैं। इससे नकारात्मक ऊर्जा को दूर किया जा सकता है और घर में सकारात्मकता बनी रहती है।

**ऊर्जा का संतुलन :** दक्षिण दिशा से घर में प्रवेश करने वाली ऊर्जा को संतुलित रखने के लिए घर में उचित रोशनी और वेंटिलेशन का ध्यान रखना चाहिए। घर के अंदर नियमित रूप से धूप और गंगाजल का छिड़काव करें, इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर रहती है।

**उपचारात्मक उपाय :** दक्षिण मुखी घर के वास्तु दोषों को कम करने के लिए पीतल के ऊपाय, जैसे पीतल के बर्तन या घंटी का उपयोग लाभदायक माना गया है। इसके अलावा, दक्षिण दिशा में लाल रंग के वस्त्र, पर्दे, या दीवार पर लाल रंग का पेंट करने से भी लाभ मिल सकता है।

**सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखना :** दक्षिण मुखी घर में सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए घर को साफ-सुथरा रखना चाहिए। घर के प्रवेश द्वार के पास पौधे या फूलों का गमला रखें, जो कि ऊर्जा को संतुलित करने में सहायक होता है।

**आर्थिक लाभ और उन्नति :** दक्षिण दिशा के घर को यदि वास्तु नियमों के अनुसार व्यवस्थित किया जाए तो इस दिशा का संबंध आर्थिक लाभ और उन्नति से होता है। दक्षिण दिशा को शक्ति और स्थिरता की दिशा माना गया है, जो घर के मालिक को वित्तीय उन्नति में मदद करती है। दक्षिण मुखी घर वास्तु दोषों के कारण गलत नहीं होते हैं, बल्कि इनकी सही दिशा और संतुलन बनाए रखने पर लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

# आई. जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो-जिलाधिकारी

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महोली में विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई. जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी महोली शिखा शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुखरंजन समद्दर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल १०२ शिकायतों में से ०६ का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर में प्राप्त ११२ प्रार्थना पत्रों में से १४, तहसील बिसवां में प्राप्त २४ प्रार्थना पत्रों में से ०६, तहसील लहरपुर में प्राप्त ३७ प्रार्थना पत्रों में से ०४, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त ८४ प्रार्थना पत्रों में से ०७, तहसील सिधौली में प्राप्त ११० प्रार्थना पत्रों में से ११, तहसील मिश्रिख में प्राप्त ८३ प्रार्थना-पत्रों में से ०८ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।



# प्रेमिका का हत्यारोपी विशाल पाल घायल अवस्था में गिरफ्तार

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। थाना संदना पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को साथ लेकर घटना से जुड़े साक्ष्यों व त्वरित कार्रवाई की जा रही थी। इसी बीच ग्राम रामपुर मढ़िया के रोड किनारे स्थित लिप्टिस के बाग के पास अभियुक्त विशाल पाल द्वारा शौच का बहाना बनाकर पुलिस टीम को चकमा देकर उन पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित सूझबूझ का परिचय देते हुए आत्मरक्षार्थ व गिरफ्तारी के उद्देश्य से नियंत्रित जवाबी कार्रवाई (फायरिंग) की गई, जिसमें अभियुक्त विशाल पाल पुत्र भन्नू पाल, निवासी ग्राम सरैंया, थाना संदना, जनपद सीतापुर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए महज़ २ घंटे के भीतर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु नजदीकी चिकित्सालय भेजा गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार क्षेत्राधिकारी मिश्रिख के कुशल पर्यवेक्षण में थाना संदना पर पंजीकृत मु०अ०सं० १३६/२६ धारा ८७ बीएनएस से संबंधित नामजद अभियुक्त विशाल पाल से पुलिस द्वारा गहन पूछताछ की गई।



पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसका और पीड़िता मानसी का आपस में प्रेम प्रसंग था। अवैध संबंधों के चलते पीड़िता ०३ माह की गर्भवती हो गई थी। अभियुक्त विशाल, मानसी को सिधौली से अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर लखनऊ के थाना बक्शी का तालाब क्षेत्र अंतर्गत किसान पथ रोड से अंदर एक सुनसान जगह पर ले गया था। वहाँ दोनों के बीच शादी करने व साथ रहने को लेकर विवाद व बहस हुई। आवेश में आकर अभियुक्त विशाल ने मानसी की गला दबाकर हत्या कर दी और पहचान व साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से पास में पड़ा सीमेंट का पिलर उसके गले पर रख दिया। वारदात के बाद वह शव को वहीं छोड़कर अगले दिन अपने घर वापस आ गया ताकि किसी को उस पर शक न हो। अभियुक्त थाना संदना पर पंजीकृत मु.अ.सं. १३६/२६ धारा ८७ बीएनएस के मामलों में नामजद अभियुक्त था।

# समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर प्रदेश में सामाजिक न्याय के राज की स्थापना होगी-क्षत्रपाल सिंह यादव

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में मासिक बैठक जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव ने संगठन की समीक्षा करते हुए विधानसभा अध्यक्षों को निर्देश दिया कि बूथवार जो कार्य सौंपा गया है,उसे पूर्ण कर जल्द से जल्द जिला कार्यालय को रिपोर्ट जमा करने को कहा गया था,लेकिन अभी कुछ जगह की रिपोर्ट जमा नही हुई है,आप सभी अपने बूथ पर एक एक वोट बचाने का काम करें और उनके द्वारा वोटर लिस्ट भी दुरुस्त कराते रहे,विधानसभा में अपने कार्यकर्ताओं के सुख दु:ख में भी शामिल होकर उनके साथ खड़े रहने का काम करें। जिलाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा के लोग पीडीए का दु:ख दर्द नहीं समझ सकते है। पीडीए की परेशानी और अपमान नहीं समझ सकते हैं। पीड़ा जितनी ज्यादा बढ़ेगी पीडीए उतना बढ़ता जाएगा। पीडीए के लोगों को सम्मान दिलाने के लिए समाजवादी लोग उन्हें जोड़कर आगे बढ़ाने जा रहे हैं। प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है, जनता भाजपा के जंगलराज से मुक्ति चाहती है। २०२७ में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होना तय है। समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर प्रदेश में सामाजिक न्याय के राज की स्थापना होगी। कानून और संविधान का राज होगा। उत्तर प्रदेश विकास की ओर अग्रसर होगा। नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिलेगा। प्रदेश में बिजली संकट के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से जनता बेहाल है। भाजपा ने दस साल में बिजली के क्षेत्र में कोई काम नहीं किया। केवल बिजली का बिल बढ़ाकर जनता से लूट की। आज प्रदेश में जो बिजली मिल रही है वह समाजवादी पार्टी की सरकार में लगाये गये बिजलीघरों से आ रही है। भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में एक भी नया बिजली घर नहीं लगाया। एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया। इस समय उत्तर प्रदेश प्रगति में आगे बढ़ने के बजाय पीछे जा रहा है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। शिक्षा स्वास्थ्य की व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। उत्तर प्रदेश में पीडीए एकजुट होकर भाजपा को हटाने के लिए तैयार है। जनता भाजपा सरकार से मुक्ति चाहती है। जनता २०२७ के विधानसभा चुनाव का इंतजार कर रही है जब वह वोट के अधिकार से भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा देगी। इसलिए 'पीडीए समाज' के हर सदस्य से हमारी ये सीधी अपील है कि वह अपना वोट बनाएं,वोट बचाये और अपना भविष्य बचाएं। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजितराम शुक्ला ने किया। बैठक में मुख्य रूप से धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया,विधायक अनिल वर्मा,पूर्व मन्त्री रामपाल राजवंशी, दिग्विजय सिंह देव, जिला उपाध्यक्ष अशफाक खां,चंद्रशेखर यादव, मास्टर प्रमोद वर्मा, अंकित त्रिवेदी, देशदीपक भार्गव, कौशलेन्द्र सिंह,इ. मूलचंद्र यादव,आशुतोष सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष सीताराम यादव,फुरकान खां,जीतेन्द्र यादव,राकेश जोशी,राहुल शुक्ला, खुशीराम पासी,विजय वर्मा, अबुबक खान,नीरज राज, शिवम सिंह,जयकरन राजवंशी, श्रीमती शांति यादव, समीक्षा शुक्ला, ज्ञानमती भार्गव,राजकिशोर गौतम, जावेद खां, नादिर प्रधान शोभित मिश्रा,अंकित यादव,सुनील कुमार राठौर, रामप्रकश यादव,मो शेरू,श्याम यादव, मुख्तार खां, राजेश यादव, रामनरेश यादव, नवनीत वर्मा, कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# करीब सात करोड़ रुपये से अधिक की लागत से प्रस्तावित 40 विकास कार्यों के टेंडर निरस्त

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। महमूदाबाद नगर पालिका में विकास कार्यों को लेकर बड़ा प्रशासनिक फैसला सामने आया है। करीब सात करोड़ रुपये से अधिक की लागत से प्रस्तावित ४० विकास कार्यों के टेंडर निरस्त कर दिए गए हैं। टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं और नियमों की अनदेखी की शिकायतें सामने आने के बाद बोर्ड बैठक में इस मुद्दे पर जमकर चर्चा हुई, जिसके बाद पूरी प्रक्रिया को रद्द करने का निर्णय लिया गया। नगर पालिका महमूदाबाद में नगर सृजन योजना, टाइड एवं अनटाइड फंड से लगभग ४० विकास कार्य प्रस्तावित थे। इन कार्यों की कुल लागत लगभग सात करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। इन परियोजनाओं के लिए पहले से बोर्ड की स्वीकृति मिल चुकी थी और ठेकेदारों से टेंडर भी आमंत्रित कर लिए गए थे। लेकिन टेंडर प्रक्रिया के दौरान कई गंभीर खामियां सामने आने की बात कही गई। नगर पालिका की बोर्ड बैठक में विधायक के साथ कई सभासदों ने टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाए। सभासदों का आरोप था कि टेंडर प्रक्रिया नियमानुसार नहीं चल रही थी और कई मामलों में गंभीर तकनीकी व वित्तीय अनियमितताएं दिखाई दे रही थीं। बैठक में मौजूद विधायक आशा मौर्या ने भी टेंडर प्रक्रिया को लेकर शिकायतें मिलने की बात कही और मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की बात कही। कई कार्यों में केवल एक ही टेंडर प्राप्त हुआ, जबकि नियमानुसार प्रत्येक कार्य के लिए कम से कम तीन प्रतिस्पर्धी टेंडर होने चाहिए।

कई कार्यों के लिए १० प्रतिशत जमा होने वाली राशि भी जमा नहीं की गई थी तथा कई कार्यों के टेंडर के लिए एक ही डीडी लगा दी गई थी। ईओ पवन किशोर ने बताया कि अनिमितताओं की शिकायत मिलने के बाद ही सभी टेंडर निरस्त करके पुन: नए टेंडर आमंत्रित किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। टेंडर प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता अपनाते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर साई मंदिर परिसर में किया गया वृक्षारोपण

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। नई बस्ती स्थित साई मंदिर परिसर में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण



कार्यक्रम कोटे दार संघ के महामंत्री अतुल गुप्ता उर्फ रिंकू के द्वारा आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष राजन गुप्ता पूर्व जिला उपाध्यक्ष राहुल जायसवाल पूर्व महामंत्री सहज गुप्ता नगर महामंत्री देवेंद्र मिश्रा उर्फ़ भोला सभासद धीरज पांडेय नई बस्ती सभासद कृष्ण कुमार रस्तोगी समाज सेवी अंबुज शुक्ला कार्यक्रम संयोजक आशीष गुप्ता उर्फ़ अंशु गुप्ता उपस्थित रहे । इस अवसर पर सभी समानित लोगों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया और सभी समाज के लोगों को जागरूक किया गया कि हर व्यक्ति अपने घर के आस पास वृक्षारोपण करे और लोगो को प्रेरित करे । इस मौक़े पर उपस्थित अनुज कुमार गुप्ता श्याम रस्तोगी लक्ष्य गुप्ता प्रदीप गुप्ता कोटेदार अजय अग्रवाल अंबुज शुक्ला सभासद धीरज पांडेय सहज गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे ।

# पत्रकार रोहित मिश्र का निधन पत्रकारों में शोक

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। रोहित मिश्रा से नाम जितना सरल, उससे कहीं अधिक उज्ज्वल उनका व्यक्तित्व। एक ऐसे पत्रकार, जिनकी लेखनी में धार भी थी और सच के प्रति अडिग निष्ठा भी। खबरों में जहां तथ्य होते थे, वहीं उनके लेखन में साहस, बेबाकी और निर्भीकता की गूंज सुनाई देती थी। लेकिन पत्रकार स्व.मिश्र को कैंसर जैसी असाध्य बीमारी के चलते उनका निधन हो गया। निधन का समाचार मिलते ही पूरे पत्रकार जगत में शोक फैल गया।



पत्रकार स्व. रोहित मिश्र के अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में पत्रकार साथी ज्ञान सिंह प्रतीक, हिमांशु सिंह, वैभव, अमित शुक्ला सहित हर राजनीतिक दल के नेता, व कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही , संजीव गुप्ता टिंचू , मनोज मिश्रा, पंकज तिवारी मौजूद रहे। वही लोगो ने ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और अपने श्रीचरणों में स्थान दे। इसकी ईश्वर से प्रार्थना की।

# हैप्पी सेवा संस्था ने जिला अस्पताल में मरीजों को बांटे फल नर सेवा ही नारायण सेवा है-नफीस अख्तर

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसी मूलमंत्र को चरितार्थ करते हुए सामाजिक संगठन हैप्पी सेवा संस्था द्वारा जिला अस्पताल में एक बेहद सराहनीय और मानवीय पहल की गई। संस्था के चेयरमैन नफीस अख्तर के कुषल नेतष्त्व में शनिवार को जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के बीच बड़े पैमाने पर फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा किया और प्रत्येक मरीज के बेड तक जाकर उन्हें ताजे और पौष्टिक फलों के पैकेट मुहैया कराए। मरीजों के चेहरों पर मुस्कान लाने और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के साथ शुरू हुआ यह अभियान आने वाले दिनों में एक बड़े आंदोलन का रूप लेने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीजों को न केवल सही इलाज की, बल्कि समाज के संबल और अपनत्व की भी आवष्यकता होती है। संस्था का यह प्रयास उसी अपनत्व को दर्षाने की एक छोटी सी कोषिष है।संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी मोनू कुमार ने इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, यह कोई एक दिन का कार्यक्रम नहीं है। हैप्पी सेवा संस्था निरंतर और सदैव मरीजों, बेसहारों और गरीबों की सेवा में तत्पर रही है और आगे भी हमेषा इसी तरह काम करती रहेगी। जब तक समाज में एक भी व्यक्ति पीड़ित है, हमारा सेवा भाव थमेगा नहीं।संस्था की उपाध्यक्ष इन्द्रा नेगी ने चेयरमैन नफीस अख्तर की कार्यषैली की प्रषंसा करते हुए कहा, चेयरमैन नफीस अख्तर के नेतष्त्व में हमें समाज सेवा करने का जो अनूठा मौका मिला है, वह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। एक बीमार और लाचार व्यक्ति की सेवा करने से बढ़कर दुनिया में और क्या पुण्य हो सकता है? पीड़ितों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म और मजहब है। संगठन के मीडिया प्रभारी आषीष शुक्ला घायल ने संस्था की भविष्य की योजनाओं पर प्रकाष डालते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया, हैप्पी सेवा संस्था ने इस वष्हद सेवा अभियान की शुरुआत ऐतिहासिक धरती सीतापुर से की है। लेकिन हमारा लक्ष्य यहीं तक सीमित नहीं है। आने वाले समय में इस अभियान का विस्तार किया जाएगा और उत्तर प्रदेष के अन्य गैर के सरकारी अस्पतालों में भी भर्ती मरीजों की इसी तरह निरूस्वार्थ भाव से सेवा की जाएगी। इस अवसर पर संस्था के कई स्थानीय कार्यकर्ता, समाज सेवी और चिकित्सा कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वही अस्पताल के जनरल वार्ड, सर्जिकल वार्ड और बाल रोग विभाग में जब संस्था के पदाधिकारियों ने खुद जाकर मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें फल सौंपे, तो कई मरीजों की आँखें छलक आईं। तीमारदारों ने संस्था के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी संस्थाएं समाज में आज भी इंसानियत को जिंदा रखे हुए हैं। अस्पताल प्रषासन ने भी हैप्पी सेवा संस्था के इस अनुकरणीय कार्य का स्वागत किया और चेयरमैन नफीस अख्तर सहित पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।



## उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर। उपजिलाधिकारी सदर ने बताया कि अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधन दिवस का आयोजन तहसील सदर में किया गया, जिसमें नाम संशोधन, केशव प्रसाद मौर्य पुत्र जानकी प्रसाद, नन्हू पुत्र सुदर्शन निवासी ग्राम गुजरा, फूलकली देवी पत्नी अशोक कुमार निवासी नैपालापुर, के नाम संशोधन श्रीराम पुत्र लच्छू निवासी अडवेनियाग्रन्ट, प्रेम कुमारी पत्नी लालता प्रसाद निवासी सीतापुर का वृद्धावस्था पेंशन सम्बन्धी प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही नाम संशोधन करते हुए निस्तारण कराया गया।

## एक पेंड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत विधायक रामकृष्ण भार्गव ने किया वृक्षारोपण

( स्वतंत्र भारत )
सीतापुर । जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस



०५ जून २०२६ के अवसर पर एक पेंड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, अन्य जनप्रतिनिधिगण, चेयरमैन गन्ना विकास समिति रामगढ़ चीनी मिल, तथा जिला उद्यान अधिकारी, द्वारा राजकीय पौधशाला-स्वरूपनगर (स्थानीय) परिसर में पौधरोपण एवं पौध वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक द्वारा अधिक से अधिक पौध रोपित, सिंचित व संरक्षित कर पर्यावरण को संरक्षित करने का आवाहन किया गया।

# बेखौफ बदमाशों ने दिन-दहाड़े पार कर दी बाइक

( स्वतंत्र भारत )
महमूदाबाद-सीतापुर। किसी मामले में पैरवी के लिए आए युवक की बाइक कोतवाली के सामने से बेखौफबदमाशों ने दिन-दहाड़े पार कर दी। तहसील व डाकघर के सामने से भी एक-एक बाइक आटोलिफ्टर उठा ले गए। पुलिस तीनों घटनाओं का केस दर्जकर मामले की जांच कर रही है। मानपुर के टेड़वा परसेड़ा के मुकेश पुत्र सत्रोहन अपने संबंधी की पैरवी के लिए बुधवार की दोपहर कोतपाली महमूदाबाद आए थे। कोतवाली से बाहर बाइक खड़ी करके वे अंदर चले गए और थोड़ी देर बाद जब वे वापस आए तो उनकी बाइक गायब मिली। बदमाशों ने दिन-दहाड़े बेखौफ होकर कोतवाली के सामने से बाइक उड़ा दी और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। बुधवार की दोपहर ही सदरपुर के महुआडाड़ा के पंकज कुमार पुत्र महेश किसी काम से तहसील आए थे। तहसील से काम निपटाकर जब वे वापस लौटे तो उनकी बाइक गायब मिली। कोतवली के पास स्थित डाकघर के सामने से भी एक बाइक चोरी हो गई। कोतवाल भानु प्रताप सिंह ने बताया कि तीनों घटनाओं के केस दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।



# काले जादू के आरोपों पर बरेली मॉडल, विशेष प्रकोष्ठ बनाने की पहल

## तंत्र-मंत्र की फरियाद पहुंची डीएम दरबार, जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने प्रशासनिक गलियारों के साथ आम लोगों के बीच भी चर्चा छेड़ दी। तहसील सदर में देहात क्षेत्र से आए एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर कथित रूप से काला जादू करने, मानसिक उत्पीड़न और लगातार प्रताड़ित करने के आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी अविनाश सिंह से न्याय की गुहार लगाई।

आमतौर पर राजस्व और जनसुनवाई से जुड़े मामलों के बीच आई इस अनोखी शिकायत को जिलाधिकारी ने हल्के में नहीं लिया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित करने के निर्देश दिए, ताकि शिकायत के हर पहलू की तथ्यपरक पड़ताल की जा सके।

इतना ही नहीं, जिलाधिकारी ने एक नई पहल करते हुए काला जादू, तंत्र-मंत्र और ऐसे विवादों से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए विशेष प्रकोष्ठ स्थापित करने के निर्देश भी दिए हैं। उद्देश्य यह है कि अंधविश्वास, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक विवादों से जुड़े संवेदनशील मामलों को व्यवस्थित ढंग से समझा और उनका समाधान किया जा सके।

बरेली के प्रशासनिक इतिहास में यह पहल इसलिए भी अलग मानी जा रही है, क्योंकि यह उन सवालों से रूबरू होने की कोशिश है, जहां आस्था, आशंका और वास्तविकता अक्सर एक-दूसरे में उलझ जाती हैं।

# फोन न उठाने वाले चार जेई पर गिरी गाज, दो को परिनिंदा प्रविष्टि, दो को चेतावनी



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** बिजली उपभोक्ताओं और जनप्रतिनिधियों के फोन कॉल की अनदेखी करना चार अवर अभियंताओं (जेई) को महंगा पड़ गया। विद्युत नगरीय वितरण मंडल, बरेली में विभागीय जांच के बाद दो जेई को परिनिंदा प्रविष्टि की सजा दी गई है, जबकि दो अन्य को कड़ा चेतावनी पत्र जारी किया गया है।

चीफ इंजीनियर ई ज्ञान प्रकाश ने बताया कि हालहीं में आयोजित समीक्षा में जनप्रतिनिधियों ने शिकायत की थी कि क्षेत्रीय अवर अभियंता आम लोगों और जनप्रतिनिधियों के फोन तक रिसीव नहीं करते, जिससे बिजली संबंधी समस्याओं का समय पर समाधान नहीं हो पाता।

शिकायतों के आधार पर संबंधित अभियंताओं का पहले प्रशासनिक स्तर पर स्थानांतरण किया गया। बाद में अनुशासन एवं अपील नियमावली-2020 के तहत उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन तय समय और अंतिम अवसर दिए जाने के बावजूद जवाब नहीं दिया गया।

कार्रवाई के तहत मंजीत सिंह और चन्द्रमा प्रसाद को परिनिंदा प्रविष्टि दी गई है, जबकि साबिर खान और कृष्ण कान्त को चेतावनी पत्र जारी किया गया है। वहीं अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि उपभोक्ताओं के प्रति लापरवाही और सरकारी आदेशों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा भविष्य में ऐसी शिकायतों पर और सख्त कार्रवाई होगी।

# गाला, जीएम विस्तार होटलों में अग्नि सुरक्षा ऑडिट, मॉकड्रिल के साथ आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

## फायर विभाग ने पांच होटलों का किया निरीक्षण, सुरक्षा उपकरण मिले दुरुस्त



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा के निर्देशन में शनिवार को नगर क्षेत्र के प्रमुख होटलों में विशेष अग्नि सुरक्षा निरीक्षण अभियान चलाया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा के निर्देशन में गठित टीम ने अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार के नेतृत्व में विभिन्न होटलों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कर्मचारियों को आग से बचाव तथा आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया।

अभियान के दौरान होटल गाला रेजीडेंसी (गुलमोहर पार्क, राजेंद्र नगर), होटल गाला गैलेक्सी (के.के. हॉस्पिटल रोड), होटल जेएम विस्तारा, नवीन गेस्ट हाउस (डेलापीर चौराहा) तथा होटल जैस ग्रैंड (स्टेडियम रोड) का निरीक्षण किया गया। जांच में सभी प्रतिष्ठानों में स्थापित अग्निशमन उपकरण कार्यशील स्थिति में पाए गए। निरीक्षण के साथ होटल स्टाफ और प्रबंधकों को आग लगने की संभावित घटनाओं से निपटने, प्राथमिक प्रतिक्रिया और सुरक्षित निकासी प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

विभागीय टीम ने मॉकड्रिल आयोजित कर कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरणों के प्रभावी उपयोग और सतर्कता के साथ आग बुझाने के व्यावहारिक तरीके भी समझाए। एफएसओ संजीव यादव ने होटल प्रबंधन को निर्देश दिया कि भवन के सभी निकास द्वार हर समय अवरोध मुक्त रहें, अग्निशमन प्रणालियां लगातार कार्यशील स्थिति में रखी जाएं और सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच व टेस्टिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जनहानि और संपत्ति के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

# 150 करोड़ के कृषि ऋण स्वीकृत, सेंट्रल बैंक ने आयोजित किया मेगा क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली द्वारा आईएमए सभागार में मेगा एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल प्रमुख डी.के. अर्जवानी ने की। कार्यक्रम में लगभग 100 किसानों एवं ग्राहकों ने भाग लिया।

इस दौरान बैंक द्वारा कुल ?150 करोड़ के कृषि ऋण स्वीकृत किए गए तथा लाभार्थियों को चेक और स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी सलमान खान ने भारत सरकार के निर्देशानुसार संचालित विभिन्न कृषि ऋण एवं बैंकिंग योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्राहकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में जिला विकास प्रबंधक अभिषेक कुमार मिश्रा, संयुक्त निदेशक कृषि दुर्विजय सिंह तथा मुख्य प्रबंधक प्रिंस प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैंक की ओर से क्षेत्रीय प्रमुख सुधीर कुमार, मुख्य प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव, मोहम्मद शोएब, अमित उपाध्याय सहित विभिन्न शाखाओं के प्रबंधकों ने सहभागिता की।

बैंक अधिकारियों ने कहा कि इस पहल से किसानों और ग्राहकों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के साथ-साथ बैंक की ग्राहक हितैषी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आई 107 शिकायतें, सात मौके पर निस्तारित

## राजस्व, पुलिस, बिजली से संबंधित शिकायतें ज्यादा



-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** शनिवार को फरीदपुर तहसील सभागार में उपजिला अधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ । संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर क्षेत्र से बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। समाधान दिवस में कुल 107 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास और अन्य विभागों से जुड़े मामले शामिल रहे। अपर जिला अधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने शिकायतकर्ता फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इनमें से 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को एडीएम ई ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीम राम जनम यादव,सीओ संदीप सिंह, तहसीलदार प्रशांत अवस्थी, फरीदपुर कोतवाली प्रभारी राधेश्याम, थाना अध्यक्ष भुता एवं फतेहगंज पूर्वी सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# यौम-ए-योगा से पहले आयुष महकमे का सख्त पैग़ाम, तमाम योगा प्रशिक्षकों की मौजूदगी लाजिमी

## योगा प्रोटोकॉल, रोज़ाना सरगर्मियों और अवामी बेदारी के फ़रोग़ पर होगा मंथन



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयुष विभाग ने गतिविधियां तेज कर दी हैं। जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अजय पाल सिंह ने जिले के सभी योग प्रशिक्षकों और योग सहायकों को शनिवार को आयोजित विशेष बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए हैं। 6 जून को दोपहर 12 बजे ग्रीन पार्क स्थित कार्यालय में योग मास्टर ट्रेनर श्रीमती नित्या शर्मा द्वारा योग प्रोटोकॉल और 21 जून तक प्रतिदिन संचालित की जाने वाली योग गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। बैठक में योग कार्यक्रमों के संचालन, जनभागीदारी बढ़ाने और शासन की मंशा के अनुरूप अभियान को सफल बनाने की रणनीति साझा की जाएगी। विभाग ने सभी महिला एवं पुरुष योग प्रशिक्षकों तथा योग सहायकों की उपस्थिति अनिवार्य बताते हुए स्पष्ट किया है कि बिना उचित कारण अनुपस्थित रहने की स्थिति को विभागीय आदेशों की अवहेलना माना जाएगा। ऐसे मामलों की सूचना उच्च अधिकारियों को भेजी जा सकती है। आयुष विभाग का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को व्यापक जनसहभागिता के साथ सफल बनाना और अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ना है।

# संक्षिप्त समाचार

## डॉक्टर नदारद, आंवला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार कर रहे फार्मासिस्ट, भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### कई दिन से नहीं बैठ रहे प्रभारी डॉक्टर,मरीजों की जान से खिलवाड़ का आरोप

**आंवला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला की अव्यवस्थाओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी आंवला विदुषी सिंह को ज्ञापन सौंपा है।भारतीय किसान यूनियन ने आरोप लगाया कि सीएचसी में प्रभारी डॉक्टर विनय कुमार पाल कई दिन से अनुपस्थित हैं और फार्मासिस्ट मरीजों का इलाज कर रहे हैं।प्रताप सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि यह मामला पहले समाचार पत्रों और सोशल मीडिया में भी उठा था। उपजिलाधिकारी विदुषी सिंह ने भी औचक निरीक्षण किया था, लेकिन अस्पताल प्रशासन पर इसका कोई असर नहीं हुआ और जनता के जीवन से खिलवाड़ जारी है।यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को जब वह जनता के आग्रह पर सीएचसी पहुंचे तो पता चला कि प्रभारी डॉक्टर विनय कुमार पाल किसी मीटिंग में गए हैं और फार्मासिस्ट ही मरीजों को देख रहे हैं। यह जनहित और स्वास्थ्य के लिहाज से उचित नहीं है।भाकियू ने एसडीएम से मांग की है कि इस समस्या का समाधान कर अनुपस्थिति चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्देशित करें और अस्पताल की व्यवस्था सुव्यवस्थित कराएं।

## दुकान से मोबाइल चोरी कर रहा चोर गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज



**आंवला/मनौना धाम।** आंवला पुलिस ने विश्व विख्यात मनौना धाम स्थित एक दुकान से मोबाइल फोन और नकदी चोरी करने वाले एक चोर को गिरफ्तार किया है। चोर के कब्जे से चोरी किया गया एक मोबाइल फोन और नकदी बरामद भी की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को जनपद रामपुर के थाना टांडा अंतर्गत लाडपुर वीवी मजरा निवासी अजय सिंह पुत्र प्रेम सिंह ने थाना आंवला में तहरीर देकर बताया कि वह परिजनों के साथ मनौना धाम पर दर्शन करने आए थे।एक दुकान पर विश्राम करते समय एक अज्ञात व्यक्ति ने उनका ओप्पो ए 53 मोबाइल फोन और 640 रुपये चोरी कर लिया।शिकायत मिलने के बाद, पुलिस टीम ने सरगर्मी से चोर की तलाश शुरू कर दी। मनौना धाम चौकी पर उपस्थित पुलिस टीम ने दुकानदारों के साथ दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांची,और चोरी करने वाले व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए चोर ने अपना नाम सतेन्द्र पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम कंथरी बताया, पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उससे चोरी किया गया मोबाइल फोन व नकदी बरामद हो गई।

आंवला पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई हेतु सतेन्द्र सिंह को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## सेंथल में हर्षोल्लास से मना ईद-ए-गदीर का त्योहार



**सेंथल।** शिया समुदाय में ईद-ए-गदीर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की और एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। घरों में नियाज का आयोजन किया गया, जगह-जगह शर्बत की सबीलें लगाई गई।

कस्बे की शाही जामा मस्जिद में मौलाना तंजीम हुसैन जैदी ने, जबकि मस्जिद हम्दे अली में मौलाना कसीम हुसैन और कर्बला में मौलाना फराज वास्ती ने ईद-ए-गदीर की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मौलानाओं ने बताया कि हज से लौटते समय हजरत मोहम्मद साहब ने हजरत अली को अपना जानशीन घोषित किया था। इस दौरान मुल्क में अमन-चैन के लिए विशेष दुआएं भी मांगी गई। मुख्य मार्ग पर डॉ. हिसार मेहंदी, आजिम जैदी, मनाल जैदी और परवाज जैदी ने शर्बत की सबील लगाई। रेलवे स्टेशन पर अरबाब हुसैन ने और मोहल्ला नीमवालान में अर्श जैदी, हम्माद जैदी तथा सैफ जैदी ने भी शर्बत वितरित किया। इदारे नशरे गदीरी की ओर से कस्बे में मिष्ठान वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मौलाना फराज वास्ती, शारिफ जैदी, हसन जहीर, काविश मेहंदी, शोजब जैदी, हुसैन और कुमैल जैदी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## जनसंख्या गणकों एवं सुपरवाइजरों को सम्मानित किया



**फरीदपुर।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकानों की गणना एवं सूचीकरण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने वाले जनसंख्या गणकों एवं सुपरवाइजरों को सम्मानित किया गया। फरीदपुर तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम फरीदपुर राम जनम यादव एवं तहसीलदार प्रशांत अवस्थी ने संतोष पांडेय, नंदन सिंह भंडारी, सुरजीत गंगवार एवं मोइनुद्दीन खान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी फरीदपुर एवं भुता भी उपस्थित रहे।

# नौकरी और जेल जाने के डर से फौजी ने किया समझौता, अब मांग रहा है दस लाख रुपए और कार

## एसएसपी के आदेश पर फौजी समेत कई पर रिपोर्ट




-स्वतंत्र भारत-

**सेथल।** एसएसपी के आदेशों पर हाफिजगंज पुलिस ने फौजी और उसके भाइयों के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बे से सटे एक गांव की एक युवती से थाना हाफिजगंज के गांव अहमदाबाद के फौजी एवरन ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए थे जव उसने शादी के लिए कहा तो उसने शादी से इंकार कर दिया था। इस मामले की रिपोर्ट थाना नवाबगंज में युवती द्वारा बीते वर्ष कराई थी। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी को लेकर कई बार दविश दी लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं लग सका था।

अपनी फौज की नौकरी और जेल जाने के डर से एवरन फौजी ने मजिस्ट्रेट के सामने युवती से अपने पक्ष में कलम बन्द करा लिए, उसके बाद उसने 2.8.2025 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय में शादी का रजिस्ट्रेशन भी करा लिया था। शादी का रजिस्ट्रेशन कराए जाने के बाद पुलिस ने दर्ज की गई रिपोर्ट में अंतिम रिपोर्ट लगा दी।

आरोप है कि एवरन फौजी के परिजनों ने युवती को उसके मायके में ही छोड़ दिया कहा कि वह सामाजिक रीति रिवाज के उसे बुलाकर ले जाएंगे। 9 माह गुजर गए लेकिन उसे कोई बुलाने नहीं आया। इस दौरान युवती की मां दो बार अपनी पुत्री को उसकी ससुराल अहमदाबाद छोड़ने गई, लेकिन फौजी के भाइयों और उसकी पत्नी ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि अव एवरन फौजी उससे 10 लाख रुपए और एक कार की मांग कर रहा है।

आरोप है कि युवती के साथ फौजी ने धोखाधड़ी कर उसका शोषण किया, और अव उसके मोबाइल पर अन्य लड़कियों के आपत्ति जनक फोटो भेज रहा है। युवती ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र को गंभीरता से लेते हुए हाफिजगंज पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे जिस पर पुलिस ने फौजी एवरन, भाई भजन लाल, भजन लाल की पत्नी, धर्मपाल, संतोष कुमार और विजय के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# फ्यूचर यूनिवर्सिटी में नये पाठ्यक्रमों का शुभारंभ



-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित फ्यूचर यूनिवर्सिटी ने हॉस्पिटैलिटी और कुलिनरी आर्ट्स के क्षेत्र में वैश्विक स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए आरआईजी इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड मैनेजमेंट,दिल्ली के साथ मिलकर नए पाठ्यक्रमों का शुभारंभ किया है। इस पहल का उद्देश्य उत्तर प्रदेश सहित देशभर के युवाओं को आधुनिक और रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करना है ।

विश्वविद्यालय परिसर में शुरू किए गए इन नए पाठ्यक्रमों में होटल मैनेजमेंट, हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, कुलिनरी आर्ट्स तथा केटरिंग टेक्नोलॉजी में ऑनर्स सहित बैचलर डिग्री प्रोग्राम शामिल हैं। आरआईजी इंस्टीट्यूट के 30 वर्षों के अनुभव और उद्योग में मजबूत पहचान के चलते विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर करियर अवसर मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया कि विद्यार्थियों के लिए विशेष वोकेशनल और डिप्लोमा कोर्स भी शुरू किए गए हैं, जिन्हें उद्योग की वर्तमान जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया है। कार्यक्रमों में अंतरराष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद् डॉ. रोहित भाटिया का अकादमिक मार्गदर्शन मिलेगा, जिन्हें हॉस्पिटैलिटी शिक्षा के क्षेत्र में तीन दशक से अधिक का अनुभव प्राप्त है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार छात्रों को दुनिया के 72 देशों में फैले एक लाख से अधिक प्रोफेशनल्स के एलुमनाई नेटवर्क का लाभ भी मिलेगा। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी विजिट, सेलिब्रिटी शेफ की मास्टर क्लासेस और वैश्विक स्तर की इंटर्नशिप जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय शेफ इज़्ज़त हुसैन भी शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को समय-समय पर प्रशिक्षण देने और विश्वविद्यालय से लगातार जुड़कर मार्गदर्शन करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर फ्यूचर यूनिवर्सिटी के उप-कुलाधिपति प्रोफेसर राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों की रुचि और करियर आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। फ्यूचर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति मुकेश गुप्ता ने कहा कि यह साझेदारी केवल दो संस्थानों का सहयोग नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता की नई शुरुआत है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को केवल डिग्री ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल करियर के लिए भी तैयार करेगा।

# एसडीएम,नायब तहसीलदारों की कार्यशैली से नाराज़ अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, न्यायालयों का किया बहिष्कार



-स्वतंत्र भारत-

**नवाबगंज।** एसडीएम उदित पवार के साथ ही तहसील के नायब तहसीलदारो की कार्य शैली से नाराज़ अधिवक्ताओं ने आज उनके न्यायालयों का बहिष्कार किया। इसके साथ ही तहसील दिवस में एडीएम वित्त के आने की जानकारी पर अधिवक्ताओं ने तहसील दिवस में जुलूस के रूप में पहुंचकर अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर उन्हें तहसील से हटाए जाने की मांग की।

एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन ने शुक्रवार से तहसील के सभी अधिकारियों के न्यायालयों का बहिष्कार किए जाने का ऐलान किया था। जिसके चलते शनिवार को संगठन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, सचिव पुष्पाल सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल, पूर्व अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, लक्ष्मी नारायन गंगवार, संरक्षक सुधाकर रस्तोगी, उस्मान अली, सुरेश पटेल, मुराद अहमद, मो0 उमर, हरिप्रसाद गंगवार, कुंवर सेन गंगवार, बुद्धसेन कश्यप, उपेन्द्र गंगवार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता जुलूस के रूप में नारेबाजी करते तहसील परिसर पहुंचे और एसडीएम के साथ ही नायब तहसीलदारो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

दूसरी ओर अधिवक्ताओ ने एसडीएम के साथ ही नायब तहसीलदारो की न्यायालयों का बहिष्कार भी किया। अधिवक्ताओं के वहिष्कार किए जाने के कारण वादकारियों को तारीखें लेकर बैरंग लौटना पड़ा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : फरियादियों की मुश्किलें कम करने को हर महकमे को मिला स्पष्ट निर्देश

## बैंक मामले निपटाने को अब एलडीएम भी रहेंगे उपलब्ध



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम अविनाश सिंह की निगरानी और एसपी सिटी मानुष पारीक सहित अन्य अधिकारियों की जवाबदेही का असर साफ दिखाई दिया। शनिवार को विभिन्न विभागों से जुड़ी 72 नई शिकायतें दर्ज हुईं, जबकि पहले से लंबित मामलों को मिलाकर कुल 436 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई। इनमें से 369 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया, जबकि 67 मामले अभी विचाराधीन हैं।

सबसे अधिक 223 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं, जिनमें 197 का निस्तारण किया गया और 26 मामले लंबित हैं। पुलिस विभाग में कुल 71 शिकायतों में 56 का निस्तारण हुआ तथा 15 प्रकरण शेष हैं। विकास विभाग की 15 शिकायतों में 13 का समाधान किया गया। समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग की सभी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। वहीं अन्य विभागों की 104 शिकायतों में 80 का निपटारा हुआ और 24 मामले लंबित रहे। डीएम का कहना है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। इस दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक, सीएमओ डॉ विश्राम सिंह, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार,लोनिवि अधिशाषी अभियंता भगत सिंह, रुहेलखंड नहर खण्ड अधिशाषी अभियंता सर्वेश सिंह , प्रोवेशन अधिकारी मोनिका राणा, बीएसए डॉ विनीता,कोतवाल राजीव कुमार सिंह व अन्य थानेदार उपस्थित रहे।

# नर सेवा नारायण सेवा ग्रुप के शिक्षकों एवं सदस्यों ने पौधारोपण किया



-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** नर सेवा नारायण सेवा ग्रुप के शिक्षकों एवं सदस्यों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर की ओम रेजिडेंसी कॉलोनी में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर गया सहजन ,सेमल, आवला, नीम आदि के कई पेड़ लगाए गए। संस्था के अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष नगर की सामाजिक संस्था नर सेवा नारायण सेवा ग्रुप के द्वारा 5 जून से वृक्षारोपण की शुरुआत की जाती है एवं बरसात के जुलाई और अगस्त माह मेंनगर के विभिन्न स्थानों पर वृहद रूप से वृक्षारोपण का कार्य और लगाएं गए पेड़ों की देखभाल का कार्य किया जाता है

आज के वृक्षारोपण कार्यक्रम में ग्रुप के संयोजक शिक्षक धर्मेश शर्मा शिक्षक हृदयेश तोमर शिक्षक प्रदीप तोमर

शिक्षक शिक्षक सुभमनी गौड़ शिक्षक सुमित अग्रवाल शिक्षक आशुतोष शुक्ला शिक्षक अमित सिंह शिक्षक अजय कुमार पाठक ग्रुप के सदस्य डॉ उज्जवल शर्मा राम आसरे चौरसिया दीपक सक्सेना बीके पांडे पूर्व नेवल ऑफीसर ओमवीर सिंह प्रेमपाल शर्मा सदस्य आकाश आदि कई सदस्य उपस्थित रहे ।

# राजौरी के जंगलों में आतंकियों की घेराबंदी



**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर में राजौरी और पुंछ के पहाड़ी इलाकों में आतंक के खिलाफ चल रही सबसे लंबी और कठिन घेराबंदी अब निर्णायक मोड़ में पहुंचती दिख रही है। घने जंगल, दुर्गम पहाड़ियां और नियंत्रण रेखा से सटे संवेदनशील इलाके इस समय सुरक्षा बलों की चौतरफा

**■ 15 दिनों से जारी है सबसे बड़ा ऑपरेशन**

निगरानी में हैं। हम आपको बता दें कि राजौरी जिले के मंजाकोट सेक्टर के गंभीर मुगलान और दोरीमल के जंगलों में शुरू किया गया संयुक्त आतंक विरोधी अभियान अब पंद्रहवें दिन में प्रवेश कर चुका है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों का हौसला जरा भी कमजोर नहीं पड़ा है। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त टीम लगातार संदिग्ध आतंकियों की तलाश में जंगल दर जंगल छानबीन कर रही है। 'ऑपरेशन शेरुवाली' नाम से चलाए जा रहे इस अभियान की शुरुआत खुफिया सूचनाओं के आधार पर हुई थी। सुरक्षा एजेंसियों को इन इलाकों में आतंकियों की मौजूदगी के स्पष्ट संकेत मिले थे, जिसके बाद पूरे क्षेत्र को घेरकर व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया। सुरक्षा बलों की रणनीति साफ है कि आतंकियों को किसी भी कीमत पर सुरक्षित रास्ता नहीं मिलने देना है।

यही वजह है कि इलाके में आने-जाने वाले हर व्यक्ति की गहन जांच की जा रही है। यात्रियों और स्थानीय लोगों के पहचान पत्र तक जांचे जा रहे हैं ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत पकड़ा जा सके।

हालांकि यह अभियान आसान नहीं है। गंभीर मुगलान और दोरीमल के जंगल अपने घने वन क्षेत्र और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के लिए जाने जाते हैं।

ऐसे इलाके आतंकियों के लिए छिपने की सुरक्षित जगह माने जाते हैं, लेकिन सुरक्षा बलों ने आधुनिक निगरानी तंत्र और लगातार दबाव बनाकर आतंकियों की हर हरकत पर नजर जमा रखी है। सूत्रों के अनुसार सुरक्षा एजेंसियां इलाके में आतंकियों की आवाजाही को रोकने के लिए हर उपलब्ध संसाधन का इस्तेमाल कर रही हैं।

पूरे क्षेत्र में सुरक्षा का घेरा इतना मजबूत कर दिया गया है कि बिना जांच किसी को भी संवेदनशील इलाकों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही। इसी बीच, पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा से लगे अग्रिम इलाकों में भी सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया गया है। राजौरी-पुंछ रेंज के उप महानिरीक्षक संदीप वजीर ने सवजियां और आंगनपथरी जैसे संवेदनशील अग्रिम क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने न केवल सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की बल्कि अभियानगत तैयारियों का भी सीधा आकलन किया। सीमा से सटे इन इलाकों का रणनीतिक महत्व बेहद अहम माना जाता है क्योंकि आतंकियों की घुसपैठ की कोशिशें अक्सर इन्हीं रास्तों से होती रही हैं।

# चारधाम यात्रा : गंगोत्री-यमुनोत्री में 10 लाख से अधिक तीर्थयात्री कर चुके दर्शन



**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा के तहत गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के प्रति श्रद्धालुओं का उत्साह लगातार बना हुआ है। यात्रा के शुरुआती 47 दिनों

**■ पिछले साल का रिकॉर्ड टूटा**

में ही दोनों धामों में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 10 लाख के पार पहुंच गई है। पिछले वर्ष की तुलना में यात्रियों की संख्या में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। बीते 19 अप्रैल से शुरू हुई यात्रा के तहत 4 जून तक गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में कुल 10,15,852 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वर्ष 2025 की समान अवधि में यह संख्या 9,44,804 थी। इस तरह इस वर्ष अब तक 71,048 अधिक श्रद्धालु धामों तक पहुंचे हैं। आंकड़ों के अनुसार यमुनोत्री धाम में 4,98,367 और गंगोत्री धाम में 5,17,485 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। यात्रा मार्गों पर लगातार श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है और दोनों धामों में दर्शन का क्रम सुचारु रूप से चल रहा है। यात्रा अवधि में अब तक कुल 99,165 वाहनों का आवागमन दर्ज किया गया है, जिनमें 74,365 छोटे और 24,800 बड़े वाहन शामिल हैं। बढ़ती संख्या के बीच प्रशासन और पुलिस व्यवस्थाओं को लगातार सुदृढ़ बनाए हुए हैं।

# साइकिलिंग से दिया पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवन का संदेश



**कठुआ।** साइक्लोथॉन और वॉकथॉन के माध्यम से जिला प्रशासन ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। डीसी कठुआ राजेश कुमार ने जम्मू संस्कृति स्कूल कठुआ के सहयोग से आयोजित साइक्लोथॉन और वॉकथॉन में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अधिकारियों के साथ साइकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन पर्यावरणीय संतुलन को प्रभावित कर रहा है। इसलिए विकास की दिशा में सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने नागरिकों से पौधरोपण अभियानों में भाग लेने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की अपील की। डीसी राजेश कुमार ने नशा मुक्ति अभियान पर भी जोर देते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने और नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने जम्मू संस्कृति स्कूल की पहल की सराहना करते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थान विद्यार्थियों और समाज को पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान की शपथ भी दिलाई गई। इसमें प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने और समाज को नशा-मुक्त बनाने में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आरटीओ कठुआ सुरिंदर शर्मा, एसीआर विश्व प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नीट छात्रा ने रेलवे ओवरब्रिज से लगाई छलांग

### 30 मिनट तक पटरी पर तड़पती रही पुलिसकर्मी की बेटी

**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में शनिवार सुबह करीब 7-8 बजे बजरंगगढ़ रेलवे ओवरब्रिज से 19 वर्षीय युवती ने छलांग लगा दी। रेलवे पटरी पर खड़े एक रेलवे इंजन के सामने जा गिरी। गंभीर रूप से घायल युवती करीब 30 मिनट तक रेलवे ट्रैक पर तड़पती रही, लेकिन आसपास मौजूद लोगों ने मदद नहीं की। जानकारी के अनुसार, जिस समय यह हादसा हुआ, उस वक्त ट्रैक पर एक रेलवे इंजन खड़ा था, जबकि पास की दूसरी पटरी पर भी एक अन्य इंजन मौजूद था। बताया जा रहा है कि मौके पर मौजूद लोको पायलट ने युवती को घायल अवस्था में देखा, लेकिन वह नीचे उतरकर उसकी मदद के लिए आगे नहीं आया। करीब आधे घंटे बाद वहां से गुजर रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति की नजर गंभीर रूप से घायल और तड़पती हुई युवती पर पड़ी। उन्होंने तुरंत आगे बढ़कर उसे उठाने की कोशिश की, लेकिन गंभीर चोटों के कारण वह उठ नहीं सकी।

# दिल्ली होटल अग्निकांड : होटल का रसोइया गिरफ्तार

## मालिक पुलिस कस्टडी में, जांच में हुए कई चौंकाने वाले खुलासे



**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में स्थित फ्लोरिश स्टे होटल में लगी भीषण आग की जांच अब बेहद तेज हो गई है। इस दर्दनाक हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 28 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को इस मामले में एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए होटल के मुख्य रसोइए (कुक) को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान 65 वर्षीय केशव नेगी के रूप में हुई है, जो दिल्ली के दिलशाद गार्डन का निवासी है। शुरुआती पुलिस जांच में सामने आया है कि रसोइया केशव नेगी की घोर लापरवाही के कारण ही रसोई से आग भड़की, जिसने देखते ही देखते पूरी पांच मंजिला इमारत को अपनी चपेट में ले लिया।

**आग से सुरक्षा में गंभीर खामियां उजागर**–मालवीय नगर के हौज़ रानी इलाके में चल रहे फ्लोरिश स्टे होटल में 3 जून को आग लगी थी। आग तेज़ी से पूरी इमारत में फैल गई, जिससे अंदर मौजूद लोग फंस गए। यह हाल के वर्षों में राष्ट्रीय राजधानी में हुई सबसे घातक आग की घटनाओं में से एक थी। जांचकर्ताओं को इमारत में सुरक्षा नियमों के कई उल्लंघन मिले हैं। आरोप है कि होटल बिना ज़रूरी फायर नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट के चल रहा था। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इमारत में आने-जाने का सिर्फ़ एक ही रास्ता था, खिड़कियां स्थायी रूप से बंद थीं और मुख्य दरवाज़ा सेंसर से चलता था। इन वजहों से आपात स्थिति में लोगों को बाहर निकालने में बहुत मुश्किल हुई। मरने वाले 21 लोगों में 10 भारतीय, नौ अफ़्रीकी और दो तुर्कमेनिस्तान के नागरिक शामिल थे।

**होटल का मालिक पुलिस हिरासत में**–दिल्ली पुलिस ने घटना के कुछ ही समय बाद होटल के मालिक लवकेश बजाज को गिरफ़्तार किया था। पुलिस द्वारा बजाज और उनकी पत्नी के ख़िलाफ़ लुक-आउट सर्कुलर जारी करने के बाद, सघन तलाशी अभियान चलाकर उन्हें पकड़ा गया। उन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इनमें गैर-इरादतन हत्या (जो हत्या की श्रेणी में नहीं आती), आग से नुकसान पहुंचाना, संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, जान जोखिम में डालना और आग से जुड़ी लापरवाही शामिल है। साकेत कोर्ट ने इस घटना की आगे की जांच के लिए बजाज को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। होटल मालिक पर अवैध आप्रवासन में मदद करने के एक अलग मामले में भी कानूनी कार्रवाई चल रही है।

# कूनो नेशनल पार्क में वर्षों बाद दिखा कैराकल

**जैव विविधता को मिली नई पहचान**

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक बड़ी और उत्साहजनक खबर सामने आई है। जिस कूनो नेशनल पार्क को देश में चीता पुनर्वास परियोजना के लिए जाना जाता है, वहीं अब एक और दुर्लभ वन्यजीव की मौजूदगी दर्ज हुई है।कैमरा ट्रैप सर्वे के दौरान पार्क में दुर्लभ जंगली बिल्ली प्रजाति कैराकल की तस्वीर कैद हुई है। विशेषज्ञ इसे कूनो की समृद्ध जैव विविधता और बेहतर होते पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत मान रहे हैं।मध्य प्रदेश के श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में लगाए गए कैमरा ट्रैप ने वन्यजीव प्रेमियों को बड़ी खुशखबरी दी है।सर्वेक्षण के दौरान एक दुर्लभ और रहस्यमयी जंगली बिल्ली प्रजाति कैराकल की तस्वीर रिकॉर्ड हुई है।कैराकल अपनी तेज रफ्तार, लंबी छलांग और कानों पर मौजूद काले गुच्छेदार बालों के लिए जाना जाता है। यह प्रजाति भारत में बेहद कम दिखाई देती है, इसलिए इसकी मौजूदगी को विशेष महत्व दिया जा रहा है।

# तीन साल की मासूम की दुर्लभ बीमीर से जंग

**नई दिल्ली।** एक दुर्लभ आनुवंशिक विकार से पीड़ित तीन वर्षीय बच्ची ने अपने पिता के माध्यम से दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया है, जिसमें जीवन रक्षक अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के लिए तत्काल सरकारी

**■ इलाज के खर्च को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचा परिवार**

वित्तीय सहायता की मांग की गई है। परिवार ने अदालत से केंद्र सरकार को आवश्यक धनराशि तत्काल जारी करने का निर्देश देने का आग्रह किया है, उनका तर्क है कि और देरी से बच्चे के जीवन को गंभीर खतरा हो सकता है। 5 जून को अदालत की अवकाशकालीन बैठक में मामले की सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और उसे निर्देश प्राप्त करने के लिए समय दिया। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, मामले को 8 जून को अवकाशकालीन पीठ के समक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। याचिका याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में अनुज अग्रवाल एंड कंपनी, एडवोकेट्स के माध्यम से दायर की गई है। याचिका में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को निर्देश देने की मांग की गई है कि बच्चे के हैप्लोआइडेंटिकल बोन मैरो ट्रांसप्लांट और ऑपरेशन के बाद के उपचार के लिए आवश्यक संपूर्ण राशि सीधे चेन्नई के अपोलो अस्पताल को स्वीकृत और जारी की जाए, जहां इस प्रक्रिया की सिफारिश की गई है। इसमें यह सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश देने की मांग की गई है कि उपचार बिना किसी और देरी के शुरू हो। याचिका के अनुसार, बच्ची संस्कृति भगत उर्फ सांची, एलआरबीए (लिपोपॉलीसेके राइड-रिस्पॉन्सिव बेज-लाइक एंकर प्रोटीन) की कमी से पीड़ित है, जो एक अत्यंत दुर्लभ आनुवंशिक विकार है जो शरीर के प्रतिरक्षा विनियमन तंत्र को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, जिससे रोगी बार-बार होने वाले संक्रमणों और गंभीर ऑटोइम्यून जटिलताओं के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं।

# यूट्यूब पर 'रील्स' दिखाना भारी पड़ा



**शिवपुरी।** सोशल मीडिया पर चमक-दमक दिखाना जिले की फेमस यू ट्यूबर रचना गुर्जर को भारी पड़ गया। लाइक्स

**■ मशहूर यूट्यूबर के घर लाखों की चोरी**

और फेम की चाह में रचना ने खुद ही चोरों को अपने घर का न्यौता दे दिया। नरवर क्षेत्र के मोहानी ख्यावदा गांव में रहने वाली रचना के घर शुक्रवार देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। खास बात यह है कि रचना ने कुछ दिन पहले ही यूट्यूब पर सोने के आभूषण पहनकर वीडियो अपलोड किया था। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने उसी वीडियो को देखकर घर को निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार वारदात के समय परिवार के सभी सदस्य पहली मंजिल पर बने कमरों में सो रहे थे। इसी दौरान बदमाश सीढ़ी के सहारे घर में दाखिल हुए और बाउंड्री की तार-जाली काटकर अंदर प्रवेश कर गए। चोरों ने सबसे पहले सीसीटीवी कैमरों की दिशा बदल दी, ताकि उनकी गतिविधियां रिकॉर्ड न हो सकें। इसके बाद उन्होंने रचना गुर्जर के कमरे की कुंडी बाहर से लगा दी और नीचे के कमरों में रखी अलमारियों व बक्सों के ताले तोड़कर सोने की चेन, अंगूठियां, कंगन, चांदी की पायल और करीब 50 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। सुबह करीब 4 बजे रचना जब पानी पीने के लिए उठीं तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद मिला। उन्होंने परिजनों को फोन कर बुलाया। दरवाजा खुलने के बाद जब परिवार नीचे पहुंचा तो घर के कई ताले टूटे मिले और अलमारी का सामान बिखरा हुआ था और लॉकर में रखे गहने भी गायब मिले।

## एक नजर

### बीजेपी विधायक गैर-इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट में दोषी करार

**राजू सिंह को हिरासत में लेने का आदेश**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुजफ्फरपुर के साहिबगंज से बीजेपी विधायक राजू कुमार सिंह को गैर-इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में दोषी करार दिया है। कोर्ट ने उन्हें हिरासत में लेने का आदेश दिए हैं। जबकि कोर्ट ने उनकी पत्नी पत्नी रेनू सिंह, राणा राजेश सिंह और रामेंद्र सिंह को सभी आरोपों से बरी कर दिया है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304 (भाग 2) और आर्म्स एक्ट की धारा-30 के तहत दोषी ठहराया गया है। यह मामला 31 दिसंबर 2018 को न्यू ईयर पार्टी के दौरान हुई फायरिंग से जुड़ा है। दिल्ली के फतेहपुर बेरी स्थित एक फार्महाउस में जश्न के दौरान हर्ष फायरिंग से डॉ. अर्चना गुप्ता के सिर में गोली लग गई थी। घटना के बाद फतेहपुर बेरी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। गंभीर रूप से घायल डॉ. अर्चना गुप्ता का इलाज चल रहा था, लेकिन 3 जनवरी 2019 को अस्पताल में उनकी मौत हो गई थी। 9.15 करोड़ रुपए की सालाना आय घोषित करने वाले राजू कुमार सिंह 26 फरवरी 2025 को बिहार सरकार में मंत्री थे। उनका परिवार दवा कारोबार से जुड़ा हुआ है। उनके पिता आनंदपुर खरौनी पंचायत के कई बार मुखिया रह चुके हैं। वहीं, बीजेपी विधायक राजू कुमार स्वयं चार बार अलग-अलग राजनीतिक दलों के टिकट पर विधायक चुने जा चुके हैं। उनकी पत्नी रेणु सिंह भी पूर्वी चंपारण से एमएलसी रह चुकी हैं।

### फंदे पर झूलता मिला पिता, बिस्तर पर था 13 साल के बेटे का शव

**नई दिल्ली।** आज सुबह दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक व्यक्ति अपने 13 वर्षीय बेटे के साथ मृत पाया गया। पुलिस को सूचना मिली कि छज्जूपुर क्षेत्र में प्रवीण शर्मा (54) अपने कमरे में फंदे से लटके हुए मिले। उनके पास ही बिस्तर पर उनका 13 वर्षीय बेटा भी मृत अवस्था में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही ज्योति नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि प्रवीण शर्मा, तेजवीर सिंह के पुत्र और उत्तरी छज्जूपुर, दिल्ली के निवासी थे। मौके पर फॉरेंसिक टीमों को बुलाया गया। फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का खुलासा होने की उम्मीद है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएनएस) की धारा 194 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की आगे की जांच जारी है। पुलिस इस घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### वोट बनाने में बीएलओ की अहम भूमिका

**हिमाचल में बोले सीईसी ज्ञानेश कुमार**

**धर्मशाला।** हर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नागरिक का वोट बनाने में बीएलओ की अहम भूमिका है। देश की शुद्ध मतदाता सूची में अनुपस्थित, मृतक, शिफ्टिड, विदेशी और डुप्लीकेट मतदाताओं का कोई स्थान नहीं है। यह बात भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार मैक्लोडगंज में बीएलओ के साथ हुए संवाद में कही। मुख्य निर्वाचन आयुक्त जिला कांगड़ा व चंबा के चार दिवसीय प्रवास पर हैं। उनका यह दौरा 8 जून तक है। इस दौरान वह निर्वाचन संबंधी विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा करने के साथ-साथ निर्वाचन अधिकारियों, बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षकों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से संवाद कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने एचपीसीए स्टेडियम में प्रेसवार्ता भी की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता, विश्वसनीयता एवं समावेशिता सुनिश्चित करने में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के महत्व पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि अभियान के दौरान प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से उन पात्र नागरिकों की पहचान एवं पंजीकरण पर ध्यान केंद्रित करने को कहा, जिनका नाम किसी कारणवश मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा कोई अपात्र प्रविष्टि सूची में शामिल न हो। बीएलओ ने क्षेत्र स्तर पर आने वाली विभिन्न चुनौतियों, विशेषकर नए मतदाताओं की पहचान, प्रवासी मतदाताओं के सत्यापन एवं मतदाता सूची के अद्यतन संबंधी विषयों पर चर्चा की गई।

# बॉलीवुड एक्टर्स का कॉकरोच जनता पार्टी को समर्थन




**मुंबई।** पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन 6 जून को शुरू हो गया है। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके की अपील पर बड़ी संख्या

- ■ ऋचा चड्ढा बोलीं- मैं आपके साथ
- ■ अतुल कुलकर्णी ने कहा- हमारी पीढ़ी से गलतियां हुईं
- ■ कुनिका ने किया आंदोलन का समर्थन

में छात्र इस आंदोलन में शामिल हुए हैं। इस प्रदर्शन को बॉलीवुड से भी समर्थन मिला है। एक्टर अतुल कुलकर्णी ने युवाओं से अपनी पीढ़ी की गलतियों के लिए माफी मांगी है, वहीं ऋचा चड्ढा, कुनिका सदानंद, प्रकाश राज और सोनम वांगचुक ने भी छात्रों की इस मुहिम का समर्थन किया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट कर कॉकरोच जनता पार्टी को खुलकर सपोर्ट किया है। एक्ट्रेस ने लिखा, मैं अभी खूबसूरत ऑकलैंड में हूं, जहां शायद दुनिया की सबसे साफ हवा है। लेकिन मेरा मन दिल्ली में है। मेरी प्यारी दिल्ली-मेरे बचपन, मेरे स्कूल और कॉलेज का शहर... जहां बड़े-बड़े पार्क और पुराने, अच्छे पेड़ हैं। मैं अपने देश के युवाओं को प्यार भेजता हूं। उम्मीद है कि आप दिखावटी देशभक्त बनने के बजाय सच्चे देशभक्त बनेंगे। आप दयालु, शांत और समझदार बनें। मैं दिल से आपके साथ हूं। अभिनेता अतुल कुलकर्णी ने भी सोशल मीडिया के जरिए युवाओं के इस प्रदर्शन का समर्थन किया। उन्होंने युवाओं से माफी मांगते हुए लिखा कि उनकी पीढ़ी और उससे पहले के लोगों ने अपनी जिम्मेदारियां सही से नहीं निभाईं। उन्होंने गलतियां कीं और युवाओं के लिए चुनौतियों का अंबार छोड़ दिया, जिसका सामना अब आज की पीढ़ी को करना पड़ रहा है। अतुल ने युवाओं से कहा कि वे पूरी उम्मीदों के साथ खड़े हैं और सत्यनिष्ठा के साथ इस देश का पुनर्निर्माण करें। एक्ट्रेस कुनिका सदानंद ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट लिखकर इस आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने लिखा कि लोकतंत्र किसी एक पार्टी, नेता, विचारधारा या धर्म का नहीं होता। यह उन नागरिकों का है जो स्वतंत्र रूप से सोचते हैं और निडर होकर सवाल पूछते हैं। कुनिका ने कहा कि लोकतंत्र बिना सोचे-समझे वफादारी दिखाने से नहीं, बल्कि जागरूकता और जवाबदेही से मजबूत होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि असल बदलाव भाषणों से नहीं, बल्कि काम और नतीजों से तय होता है।

# ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी पर गरमाया माहौल

**अमृतसर।** 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से चरमपंथी तत्वों को खदेड़ने के लिए भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन ब्लू स्टार की 42वीं वर्षगांठ के अवसर पर, शनिवार को सिखों के सबसे पवित्र तीर्थस्थल के परिसर के अंदर खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए। सिख धर्म की सर्वोच्च लौकिक और

**■ स्वर्ण मंदिर में भिंडरावाले के पोस्टर संग लगे खालिस्तानी नारे**

आध्यात्मिक पीठ, अकाल तख्त के सामने प्रदर्शनकारी जमा हुए और उन्होंने जरनैल सिंह भिंडरांवाले के पोस्टर भी लहराए, जिनके बारे में कहा जाता है कि उन्होंने 1984 में परिसर के अंदर सिख चरमपंथियों का नेतृत्व किया था। 6 जून भिंडरांवाले की पुण्यतिथि है, जो 1984 में अपनी मृत्यु के समय दसवें सिख गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा स्थापित एक रूढ़िवादी सिख शैक्षणिक संगठन और मदरसा, दमदमी टकसाल के प्रमुख थे। पंजाब पुलिस ने इस अवसर से पहले सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अमृतसर और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सुरक्षा घेरा स्थापित किया था। पुलिस के विशेष महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रवीण कुमार सिन्हा ने 4 जून को जिले का दौरा कर बलों की तैनाती की समीक्षा की और पुष्टि की कि शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के लिए लगभग 4,000 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। अमृतसर दौरे के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए एसडीजीपी प्रवीण कुमार सिन्हा ने कहा, ऑपरेशन ब्लू स्टार की वर्षगांठ 6 जून को है; इसके चलते कई कार्यक्रम और आयोजन होते हैं, जिससे सुरक्षा का माहौल काफी तनावपूर्ण और संवेदनशील हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने पूरे पंजाब, विशेष रूप से अमृतसर और उसके आसपास के इलाकों में व्यापक सुरक्षा घेरा स्थापित किया है।

# 'परमाणु हथियार बनाने की स्थिति में नहीं तेहरान'

## ट्रंप का बड़ा दावा- लगभग खत्म हो चुकी है ईरान की मिसाइल ताकत

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि हालिया संघर्ष के बाद ईरान की मिसाइल क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि अब ईरान के पास पहले की तुलना में केवल एक छोटा हिस्सा ही बचा है। साथ ही उन्होंने कहा कि ईरान फिलहाल परमाणु हथियार विकसित करने की स्थिति में नहीं है। एनबीसी न्यूज के कार्यक्रम मीट द प्रेस को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने ईरान की सैन्य क्षमता को पूरी तरह तबाह कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि तेहरान के पास अब अपनी पुरानी मिसाइल क्षमता का केवल 21 से 22 प्रतिशत हिस्सा ही बचा है। ट्रंप ने कहा कि उनके पास अब भी काफी मिसाइलें हैं, लेकिन जब हमने हमला शुरू किया था, तब जितनी थीं, उतनी नहीं हैं। हालांकि ट्रंप का यह दावा अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट से मेल नहीं खाता। द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के



अनुसार, अमेरिकी सांसदों को पिछले महीने दी गई ब्रीफिंग में बताया गया था कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास स्थित अपनी 33 में से 30 मिसाइल साइटों पर फिर से परिचालन नियंत्रण स्थापित कर लिया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि ईरान के पास संघर्ष से पहले के मिसाइल भंडार का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा अब भी मौजूद है। होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी तनाव पर ट्रंप ने भरोसा जताते हुए कहा कि स्थिति जल्द सामान्य हो जाएगी। जब उनसे पूछा गया कि उनकी सरकार ने कितने वाणिज्यिक तेल टैंकरों को सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराया है, तो उन्होंने कहा कि बहुत सारे। मैं संख्या नहीं बताना चाहता, लेकिन काफी अधिक। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका में पेट्रोल और ईंधन की बढ़ती कीमतों को लेकर ट्रंप और उनकी रिपब्लिकन पार्टी घरेलू राजनीतिक दबाव का सामना कर रहे हैं। आगामी मध्यावधि चुनावों से पहले महंगाई और ऊर्जा कीमतें प्रमुख राजनीतिक मुद्दे बनी हुई हैं।



'सफेद बाघ की शाही अदा, प्रकृति का अद्भुत नज़ारा। (फोटो : प्रणव कुकरेती)

## यूएस ने ब्रिटेन-डेनमार्क और कुवैत को रक्षा सौदों की मंजूरी दी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने ब्रिटेन, डेनमार्क और कुवैत को कुल लगभग 3 अरब डॉलर के संभावित सैन्य उपकरणों की बिक्री को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, सबसे बड़ा सौदा कुवैत के लिए है, जिसकी अनुमानित कीमत 1.98 अरब डॉलर है। इसके तहत कुवैत को ड्रोन-रोधी प्लेटफॉर्म, कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण और अन्य रक्षा संसाधन मिलेंगे। डेनमार्क को 842 मिलियन डॉलर के सौदे के तहत 200 लंबी दूरी की एजीएम-158 जेएएसएसएम-ईआर मिसाइलें और संबंधित उपकरण खरीदने की मंजूरी दी गई है। इससे उसकी वायुसेना के एफ-35 लड़ाकू विमानों की मारक क्षमता बढ़ेगी। वहीं ब्रिटेन को 160 मिलियन डॉलर के सौदे के तहत बड़े विमानों को मिसाइल हमलों से बचाने वाली इंफ्रारेड काउंटरमेजर प्रणाली और संबंधित उपकरण मिलेंगे।

## 'भारत-ब्रिटेन एफटीए से मध्यस्थता के क्षेत्र को मिलेगी नई गति'

**लंदन।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने भारत और ब्रिटेन के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को दोनों देशों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता मध्यस्थता और सुलह के क्षेत्र में सह-निर्माण के लिए एक मजबूत

- सीजेआई सूर्यकांत ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया

व्यावसायिक आधार तैयार करता है। लंदन में शुक्रवार को भारतीय मध्यस्थता परिषद (आईसीए) की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने समान अवसर सुनिश्चित करने और विवादों के मूल्य और तात्कालिकता के अनुरूप प्रक्रियाओं को अपनाने का आह्वान किया। सम्मेलन का विषय था-वैकल्पिक विवाद समाधानः भारत-ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी को



मजबूत करने का उत्प्रेरक। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जैसे-जैसे दोनों अर्थव्यवस्थाएं अपनी व्यावसायिक साझेदारी को गहरा कर रही हैं, वैसे-वैसे विवाद समाधान तंत्र में भरोसा होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

**सीजेई के कार्यक्रम में सवाल पूछने से रोका**

सीजेआई सूर्यकांत ने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के बिर्कबेक कॉलेज के कार्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अंतरराष्ट्रीय कानून विषय पर व्याख्यान दिया। व्याख्यान के बाद प्रश्नोत्तरी सत्र में एक महिला ने भारत में असहमति को लेकर बढ़ती चिंताओं का मुद्दा उठाने की कोशिश की। उसने कहा कि देश और विदेश के कई कानूनी विशेषज्ञ भारत में असहमति के प्रति बढ़ती नाराजगी को लेकर चिंता जता रहे हैं। हालांकि, सवाल पूरा होने से पहले ही कार्यक्रम के संचालक ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि कार्यक्रम का विषय एआई और अंतरराष्ट्रीय कानून है, इसलिए यह सवाल नहीं लिया जाएगा। लंदन में भारतीय उच्चायोग ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे अशोभनीय व्यवहार बताया।

## जिनपिंग के दौरे से पहले किम जोंग का शक्ति प्रदर्शन

### नए युद्धपोत की दिखाई झलक, कई बड़े एलान भी किए

**सियोल।** उत्तर कोरिया के लीडर किम जोंग उन ने देश के नए 5,000 टन क्षमता वाले विध्वंसक युद्धपोत कांग कोन के समुद्री परीक्षणों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने परमाणु हथियारों से लैस नौसेना के निर्माण की योजना को और तेज करने का संकल्प जताया। सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के अनुसार, किम ने गुरुवार को युद्धपोत का दौरा किया और कहा कि उत्तर कोरिया को ऐसी नौसैनिक शक्ति विकसित करनी होगी जो किसी भी समय समुद्र के ऊपर या नीचे से दुश्मन को करारा जवाब देने में सक्षम हो। किम ने बताया कि सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की नई पांच वर्षीय रक्षा योजना में नौसेना के आधुनिकीकरण को प्राथमिकता दी गई है। इसके तहत 10,000 टन श्रेणी के बड़े युद्धपोतों के निर्माण और नए प्रकार के पानी के भीतर संचालित हथियार विकसित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि देश की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को



मजबूत करने में नौसेना की भूमिका लगातार बढ़ेगी। इस दौरान किम की किशोर बेटी किम जू ए भी उनके साथ दिखाई दीं। दक्षिण कोरियाई अधिकारियों का मानना है कि उन्हें भविष्य के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जा रहा है। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सोमवार को उत्तर कोरिया की यात्रा करने वाले हैं। हाल ही में उत्तर कोरिया ने एक नए यूरेनियम संवर्धन केंद्र का भी खुलासा किया था, जहां किम ने देश की परमाणु क्षमता को तेजी से बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया था।

## एक नज़र

### ट्रंप प्रशासन को झटका : आव्रजन नीति पर अदालत की रोक

**39 देशों के प्रवासियों को राहत, जज ने बताया गैरकानूनी**

**बोस्टान।** अमेरिका में आव्रजन नीति को लेकर ट्रंप प्रशासन को बड़ा कानूनी झटका लगा है। एक संघीय न्यायाधीश ने उस विवादित नीति को रद्द कर दिया है, जिसके तहत 39 देशों के प्रवासियों के शरण, वर्क परमिट, ग्रीन कार्ड और नागरिकता से जुड़े मामलों पर गंभीर असर पड़ रहा था। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यह नीति हजारों प्रवासियों को कानूनी अनिश्चितता में धकेल रही थी और इसे लागू करने वाली एजेंसी ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कार्रवाई की। अमेरिकी जिला न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जॉन मैककॉनेल जूनियर ने अपने फैसले में ट्रंप प्रशासन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा ने ऐसी शक्तियों का दावा किया, जो उसे कानूनन प्राप्त नहीं हैं। न्यायाधीश ने कहा कि एजेंसी ने बिना पर्याप्त और तर्कसंगत स्पष्टीकरण दिए फैसले लिए और उन लोगों के हितों को नजरअंदाज किया, जिन्होंने मौजूदा नियमों के आधार पर आवेदन किए थे। उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर दिए गए कई तर्क वास्तविकता से मेल नहीं खाते और इन नीतियों में प्रवासियों के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण झलकता है। यह नीति पिछले वर्ष नेशनल गार्ड के दो सदस्यों पर हुई गोलीबारी की घटना के बाद लागू की गई थी। इसके तहत अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और पश्चिम एशिया के 39 देशों के नागरिकों के कई आव्रजन आवेदन लंबित या प्रभावित हो गए थे।

### लेबनान समस्या का कूटनीति से ही समाधान संभव

**यूएन से सम्मानित मेजर अभिलाषा का शांति संदेश**

**संयुक्त राष्ट्र।** भारतीय सेना की मेजर अभिलाषा बराक ने लेबनान में शांति बहाली और पुनर्निर्माण के लिए कूटनीतिक प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने कहा है कि युद्ध प्रभावित देश में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए बातचीत और युद्धविराम का जारी रहना बेहद जरूरी है। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में तैनात मेजर बराक ने कहा कि संघर्ष समाप्त होने के बाद केवल सड़कों और घरों का पुनर्निर्माण ही नहीं, बल्कि युद्ध के मानसिक आघात से जूझ रहे लोगों को भी सामान्य जीवन में लौटाने की आवश्यकता होगी। शुक्रवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेजर बराक ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि बातचीत आगे बढ़ेगी, कूटनीति सक्रिय होगी और युद्धविराम जारी रहेगा। इसके बाद हम समुदाय के पुनर्निर्माण पर ध्यान दे सकेंगे। इसमें सिर्फ बुनियादी ढांचे का निर्माण नहीं, बल्कि लोगों के मनोवैज्ञानिक घावों को भरना भी शामिल है। मेजर अभिलाषा बराक को हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की ओर से वर्ष 2025 का मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर पुरस्कार प्रदान किया गया। उनकी सराहना करते हुए गुटेरेस ने उन्हें एक आदर्श उदाहरण बताया और कहा कि उन्होंने अग्रिम मोर्चे पर कमांडर के रूप में हजारों महिलाओं और लड़कियों तक पहुंच बनाकर शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

### हिजबुल्ला ने इस्राइली लड़ाकू विमानों पर दागीं मिसाइलें

**युद्धविराम के बीच फिर भड़का तनाव**

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में शांति की कोशिशों के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। इस्राइली सेना ने दावा किया है कि हिजबुल्ला ने इस्राइली वायुसेना के विमानों को निशाना बनाकर सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें दागीं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब कुछ दिन पहले ही इस्राइल और लेबनान के बीच युद्धविराम लागू करने पर सहमति बनी थी। हमले के बाद उत्तरी इस्राइल के कई इलाकों में सायरन बज उठे और हजारों लोग बंकरों की ओर भागे। हालांकि इस्राइली सेना ने कहा कि इस घटना में किसी विमान को नुकसान नहीं पहुंचा और न ही कोई घायल हुआ। इस्राइली रक्षा बल यानी आईडीएफ के मुताबिक, हिजबुल्ला ने इस्राइली वायुसेना के विमानों को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं। इसके बाद किरीयत शमोना शहर और लेबनान सीमा से लगे आठ गांवों में एयर रेड सायरन बजाए गए। हमले के कारण पूरे इलाके में डर और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थानों और बंकरों में जाने के निर्देश दिए गए। हालांकि इस्राइल ने दावा किया कि उसकी वायुसेना के विमान सुरक्षित रहे और किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब अमेरिका की मध्यस्थता में हाल ही में युद्धविराम लागू करने पर सहमति बनी थी।

## एच-1बी वीजा धारकों की बढ़ेंगी मुश्किलें

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एच-1बी वीजा को लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। अमेरिकी कांग्रेस में रिपब्लिकन सांसद चिप

- ग्रीन कार्ड मिलना नहीं होगा आसान
- अमेरिकी संसद पेश हुआ ये प्रस्ताव

रॉय ने एक नया विधेयक पेश किया है, जिसमें एच-1बी वीजा प्रणाली में बड़े बदलाव की मांग की गई है। इस प्रस्ताव का सबसे बड़ा असर भारतीय पेशेवरों और छात्रों पर पड़ सकता है, क्योंकि बड़ी संख्या में भारतीय आईटी और तकनीकी क्षेत्र में इसी वीजा के जरिए अमेरिका जाते हैं। विधेयक में एच-1बी वीजा को ग्रीन कार्ड तक पहुंचने का रास्ता खत्म करने, वीजा अवधि घटाने और विदेशी छात्रों के लिए काम करने वाले ओपीटी कार्यक्रम को बंद करने जैसे बड़े प्रस्ताव शामिल हैं।

### एच-1बी वीजा को लेकर नया प्रस्ताव क्या है

रिपब्लिकन सांसद चिप रॉय ने अमेरिकन व्हाइट-कॉलर वर्कर जॉब्स एक्ट नाम से यह विधेयक पेश किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले करीब 40 वर्षों में एच-1बी वीजा प्रणाली का गलत इस्तेमाल हुआ है। उनके मुताबिक, अमेरिकी कंपनियां कम वेतन पर विदेशी कर्मचारियों को नौकरी देकर अमेरिकी तकनीकी कर्मचारियों को पीछे कर रही हैं। इस विधेयक में कहा गया है कि अब वीजा प्रणाली को मेरिट यानी योग्यता और ज्यादा वेतन के आधार पर चलाया जाना चाहिए। अभी एच-1बी वीजा का आवंटन लॉटरी सिस्टम के जरिए होता है।

## अमेरिका में छाया भारतीय आमों का जादू

**न्यूयॉर्क।** भारतीय आम का स्वाद अब अमेरिका में भी लोगों को खूब पसंद आने लगा है। अमेरिका के सिएटल शहर में भारतीय वाणिज्य

- दो घंटे में बिका पूरा स्टॉक
- अल्फांसो से दशहरी तक के दीवाने हुए अमेरिकी

दूतावास द्वारा आयोजित मैंगो मैजिक कार्यक्रम में भारतीय आमों की ऐसी धूम मची कि अमेरिकी ग्राहक और बड़े रिटेल कारोबारी भी इसके दीवाने हो गए। कार्यक्रम में भारत की सात प्रीमियम आम किस्मों को पेश किया गया, जिनमें अल्फांसो, केसर, दशहरी और लंगड़ा जैसे मशहूर आम शामिल थे। खास बात यह रही कि अमेरिकी रिटेल कंपनी कॉस्टको के स्टोर में भारतीय आम पहुंचते ही सिर्फ दो घंटे के भीतर पूरा स्टॉक बिक गया। इससे साफ हो गया कि भारतीय आमों की मांग अब वैश्विक बाजार में तेजी से



बढ़ रही है। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने मैंगो मैजिकःप्रमोशन एंड टेस्टिंग इवेंट ऑफ इंडियन मैंगोज का दूसरा संस्करण आयोजित किया। इस कार्यक्रम में भारतीय फलों के बड़े आयातकों और अमेरिकी रिटेल कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में महाराष्ट्र का अल्फांसो और केसर, आंध्र प्रदेश का बंगनपल्ली और हिमायत, उत्तर प्रदेश का लंगड़ा और दशहरी तथा गुजरात का राजापुरी आम पेश किया गया। लोगों ने इन आमों का स्वाद चखा और भारतीय व्यंजनों में आम से बने खास पकवानों का आनंद लिया। अमेरिका के वॉशिंगटन राज्य के उप-राज्यपाल डेनी हेक ने भारतीय आमों की तारीफ करते हुए कहा कि वह अब कभी आमों की उपलब्धता का पहला दिन नहीं छोड़ेंगे। वहीं कॉस्टको के फ्रेश प्रोड्यूस विभाग के उपाध्यक्ष बॉब हस्की ने कहा कि उनकी कंपनी ने हाल ही में भारतीय केसर आम बेचना शुरू किया और मांग इतनी ज्यादा रही कि स्टॉक तुरंत खत्म हो गया।

**इन शहरों में पहुंचे भारतीय आम**

कॉस्टको ने हाल ही में अमेरिका के कई बड़े शहरों में भारतीय केसर आमों की पहली खेप पहुंचाई। इनमें सिएटल, लास वेगास, न्यू जर्सी और लॉस एंजेलिस जैसे बड़े शहर शामिल हैं। कंपनी के मुताबिक, इन स्टोर्स में भारतीय आमों का पूरा स्टॉक सिर्फ दो घंटे में बिक गया। इससे यह साफ संकेत मिला कि भारतीय आम अमेरिकी ग्राहकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास पिछले साल से लगातार अमेरिकी कंपनियों और आयातकों के साथ मिलकर भारतीय आमों को अमेरिकी बाजार तक पहुंचाने की कोशिश कर रहा है।

**भारत निर्यातकों को होगा बड़ा फायदा**

भारत दुनिया में सबसे ज्यादा आम पैदा करने वाला देश है। यहां हर साल 2.6 करोड़ मीट्रिक टन से ज्यादा आम का उत्पादन होता है और 1000 से ज्यादा किस्में पाई जाती हैं। अमेरिका में भारतीय आमों का निर्यात 2007 में दोबारा शुरू हुआ था और तब से इसमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

## अफ्रीका में इबोला का बढ़ता खतरा

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में इबोला वायरस का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक 452 मामलों की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें 82 लोगों की मौत हो गई है। 4 जून को ही 71 नए मामले और 21 मौतें दर्ज की गईं, जिससे सामुदायिक संक्रमण की गंभीरता बढ़ गई है। वर्तमान में 258 मरीज इलाज या आइसोलेशन में हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के सामने कमजोर संपर्क-ट्रेसिंग, दवाओं और चिकित्सा संसाधनों की कमी तथा 2.15 करोड़ डॉलर की फंडिंग कमी जैसी चुनौतियां हैं। पड़ोसी युगांडा में भी तीन नए मामले सामने आने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या 19 हो गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अफ्रीका सीडीसी और डब्ल्यूएचओ ने जून से नवंबर तक के लिए 518 मिलियन डॉलर की महाद्वीपीय इबोला तैयारी एवं प्रतिक्रिया योजना शुरू की है। अब तक 34 स्वास्थ्यकर्मी संक्रमित हुए हैं, जिनमें सात की मौत हो चुकी है।

## पुतिन ने कराया भारत की ताकत का अहसास

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर भारत और भारतीयों की खुलकर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के

- बोले- यूएस ने पीएम मोदी पर लगाया था प्रतिबंध आज हालात अलग

बीच दशकों पुराना भरोसेमंद और भाईचारे वाला संबंध है, जो समय के साथ और मजबूत हुआ है। पुतिन ने भारतीयों की प्रतिभा, शिक्षा और तकनीकी कौशल को विश्व स्तर पर पहचान मिलने की बात कही।

रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि 1947 में दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद से भारत और रूस के रिश्ते लगातार मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने इन संबंधों को भरोसे, सम्मान और भाईचारे पर आधारित बताया। साथ ही उन्होंने अमेरिका द्वारा पीएम मोदी पर लगे प्रतिबंध की बात का भी जिक्र किया।

**भारतीयों को बताया बेहद प्रतिभाशाली**

पुतिन ने कहा कि भारत के लोग बेहद प्रतिभाशाली और उच्च शिक्षित हैं। उन्होंने विशेष रूप से भारतीयों की कोडिंग और तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी क्षमताओं को दुनिया भर में सम्मान और पहचान मिली है। रूसी राष्ट्रपति के अनुसार, भारतीय पेशेवरों ने सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास और अन्य आधुनिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसकी चर्चा वैश्विक स्तर पर होती है।

**मोदी के फैसलों का भी किया जिक्र**

अपने संबोधन के दौरान पुतिन ने



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाए गए कुछ कदमों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में पैदा हुई परिस्थितियों के कारण भारत को कुछ एहतियाती कदम उठाने पड़े थे। पुतिन के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से निजी वाहनों के सीमित उपयोग और लंबी दूरी की यात्राओं से बचने की अपील की थी। उन्होंने इसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उठाया गया एक जिम्मेदार कदम बताया। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में रूस भारत और एशियाई देशों की जरूरतों को पूरा करने के लिए हरसंभव सहयोग कर रहा है। उन्होंने बताया कि रूसी कंपनियों और भारतीय साझेदारों ने आपसी सहयोग को बढ़ाने का सही निर्णय लिया है। पुतिन ने कहा कि रूस भारत के बाजार में आपूर्ति बढ़ाने के साथ-साथ अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और समाधान भी साझा कर रहा है। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक और तकनीकी सहयोग को नई मजबूती मिल रही है। पुतिन ने स्पष्ट किया कि भारत और रूस के संबंध केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ऊर्जा, तकनीक, रक्षा और निवेश जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दोनों देश साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

### पीएम मोदी पर लगे प्रतिबंध को किया याद

पुतिन ने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि भारत ने हमेशा एक संप्रभु राष्ट्र की तरह निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पर किसी भी तरह के प्रतिबंध लगाने की धमकियां उल्टा असर डाल सकती हैं। पुतिन ने कहा कि उन्हें वह समय याद है जब नरेंद्र मोदी के अमेरिका जाने पर प्रतिबंध था, लेकिन आज वही मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं और उनके खिलाफ लगाए गए सभी प्रतिबंध समाप्त हो चुके हैं।


## बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोन- 0551-2338099
+918400085583

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089